

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- घुसपैठियों को बचा रहीं ममता
- 12



शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 753 अंक उछला
- 12



कांग्रेस ने बिरला को दिया प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस
- 13



शहीद अग्निवीर की मां की याचिका पर केंद्र ने चार महीने बाद भी नहीं दिया जवाब
- 13


आज का मौसम

42.0° अधिकतम तापमान

27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.38

सूर्यास्त 06.35

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:49 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 22 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 245, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## चूल्हे की चिंता



कानपुर में एक गैस एजेंसी के बाहर एलपीजी गैस भरवाने के लिए सुबह से ही लाइनें लगनी शुरू हो गईं, जो दोपहर तक लंबी कतार में बदल गईं। चिलचिलाती धूप और भीषण लू के थपेड़ों के बीच लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए।

# क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं

**सबरीमाला मामला**

- सुप्रीम कोर्ट ने पूछा - क्या जन्म या वंश के आधार पर भगवान को छूने से रोकना संवैधानिक है
- नौ जजों की संविधान पीठ भेदभाव व धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं पर कर रही है सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को सबरीमाला अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी से पूछा कि क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं है। कोर्ट की यह टिप्पणी मुख्य पुजारी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर जाता है तो यह किसी देवता की विशेषताओं के विरोध में नहीं हो सकता।

नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव व विभिन्न आस्थाओं को मानने वाले लोगों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। पीठ ने 'तंत्री' की



ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरि ने कहा कि किसी भी मंदिर में संपन्न होने वाले समारोहों और अनुष्ठानों की प्रकृति धर्म का अभिन्न अंग है और इसलिए यह एक धार्मिक प्रथा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रथा का जारी रहना, जो एक आवश्यक धार्मिक प्रथा है, पूजा के अधिकार का एक हिस्सा होगा जो धर्म या धार्मिक संप्रदाय में विश्वास रखने वाले प्रत्येक सदस्य के लिए है। गिरि ने कहा, जब कोई भक्त पूजा के लिए मंदिर जाता है, तो वह देवता के गुणों के विरुद्ध नहीं जा सकता, क्योंकि उसका उद्देश्य देवता की पूजा करना है। भक्त देवता में निहित दिव्य ओज के प्रति समर्पण करता है। उसे देवता के मूल गुणों को स्वीकार करना होता है।

### सृष्टिकर्ता और सृष्टि में कोई अंतर नहीं हो सकता : न्यायमूर्ति अमानुल्ला

न्यायमूर्ति अमानुल्ला ने प्रश्न किया, जब मैं किसी मंदिर में जाता हूं, तो मेरी मूल मान्यता यह होती है कि वह भगवान है, वह मेरा सृष्टिकर्ता है, उसने मुझे बनाया है, है ना? न्यायमूर्ति अमानुल्ला ने कहा, मैं वहां शत प्रतिशत आस्था के साथ जाता हूं। मैं पूरी तरह समर्पित हूं, मेरे हृदय में कोई अशुद्धता नहीं है और वहां मुझे बताया जाता है कि जन्म, वंश या किसी विशेष परिस्थिति के कारण, आपको देवता को छूने की अनुमति नहीं है। अब, क्या संविधान मेरी मदद नहीं करेगा? उन्होंने कहा कि सृष्टिकर्ता और सृष्टि में कोई अंतर नहीं हो सकता। इस पर गिरि ने उत्तर दिया कि यदि किसी के पुजारी बनने पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो इसका ध्यान या तो अनुच्छेद 25(2)(बी) कानून द्वारा रखा जाए या इसका ध्यान स्वयं राज्य द्वारा रखा जाए। यदि पुजारी का अर्थ वह व्यक्ति है जिसे शास्त्रों में पूजा-अर्चना करने और देवता की आराधना करने का निर्देश दिया गया है, यदि किसी व्यक्ति के जन्म के आधार पर पुजारी बनने और फिर 'सेवा' करने पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो इसका समाधान या तो अनुच्छेद 25(2)(ख) के तहत कानून बनाकर किया जाएगा या राज्य द्वारा स्वयं किया जाएगा।" मामले में सुनवाई जारी है।

## ब्रीफ न्यूज

### शरद पवार मुंबई में अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य शरद पवार को स्वास्थ्य जांच के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 85 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार को दो दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक सूत्र ने बताया, उन्हें जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोई गंभीर बात नहीं है। हाल ही में, पवार ने व्हीलचेयर पर बैठकर राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने दिल्ली में मीडिया को भी संबोधित किया था। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पवार को इस साल फरवरी में, सीने में संक्रमण और शरीर में पानी की कमी के कारण दो बार पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### 20 महिला कर्मियों के उत्पीड़न का आरोप

**चंडीगढ़।** एक सरकारी स्कूल की 20 से अधिक महिला कर्मियों ने एक पुरुष शिक्षक के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई और उस पर कामकाज का प्रतिकूल वातावरण बनाने का आरोप लगाया है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला कर्मियों ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में, महिलाओं ने अपने पुरुष सहकर्मी पर प्रतिकूल, असुरक्षित और अपमानजनक वातावरण बनाने का आरोप लगाया।

# विपक्ष के खिलाफ मुख्यमंत्री संग सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पदयात्रा, हजारों महिलाओं की भागीदारी

- योगी ने विपक्ष पर लगाया महिला विरोधी होने का आरोप, कहा- सबक सिखाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पद यात्रा का नेतृत्व संभाला, तो कड़ी धूप के बावजूद जनसैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा हाथ में लहराते समूचा मंत्रिमंडल, भाजपा और सहयोगी दलों के शीर्ष नेता भी कदमताल करते दिखे।

हजारों महिलाओं का हुजूम कांग्रेस-सपा समेत विपक्षी दलों के खिलाफ बैनर-पोस्टर और तख्तियों के साथ आक्रोशित नजर आया। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आधी आबादी अब सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक पहुंची इस रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया।

उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाएं इस अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रही हैं और लखनऊ की यह पदयात्रा उसी जनभावना का प्रतीक है।



लखनऊ में आयोजित 'जन आक्रोश महिला पद यात्रा' में सम्मिलित मुख्यमंत्री योगी।

### धधक रहा था महिलाओं का आक्रोश

सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ हुई इस पदयात्रा के समय भी चुभने वाली तेज धूप थी, लेकिन महिलाओं का आक्रोश उससे कहीं अधिक धधक रहा था। सुबह 7 बजे से ही मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं का जुटना शुरू हो गया था। हाथों में विपक्ष की कुत्सित राजनीति की निंदा करते हुए स्लोगन लिखी हुईं तख्तियां और 'बहन- बेटियों का अपमान-नहीं सहेगा हिंदुस्तान, महिला अधिकारों पर वार-सपा-कांग्रेस जिम्मेदार, कांग्रेस का हाथ-नारी शक्ति के खिलाफ, नारी के सम्मान में-एनडीए मैदान में' जैसे गूंजते नारों के साथ यह रैली विपक्ष को बेनकाब करती हुई आगे बढ़ी। हर कदम पर महिलाओं का हुजूम साफ संदेश दे रहा था कि आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं, कोई चुप्पी नहीं, कोई माफी नहीं। महिलाओं ने सपा और कांग्रेस के विरुद्ध नारेबाजी की और महिला-विरोधी मानसिकता को खुलकर चुनौती दी।

### अभूतपूर्व दृश्य, सरकार ही सड़क पर

लखनऊ के लिए यह एक अभूतपूर्व दृश्य था, जब पूरी सरकार ही सड़क पर थी। हजारों महिलाओं संग मुख्यमंत्री योगी सबसे आगे थे। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सहयोगी दलों के नेता, मंत्रिमंडल के सदस्यों और भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला। युवा, वृद्ध, छात्राएं और कामकाजी महिलाएं, हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। आम जनता ने भी तालियों और नारों से इस पदयात्रा का समर्थन कर फूल बरसाए।

# वार्ता में शामिल होगा ईरान, ट्रंप बोले समझौता नहीं हुआ तो करेंगे बमबारी

- सीजफायर पर आर या पार, आज संघर्षविराम की समय सीमा हो रही खत्म
- पाकिस्तान में नए दौर की युद्धविराम वार्ता से जुड़े क्षेत्रीय अधिकारियों ने दिए संकेत

इस्लामाबाद, एजेंसी

अमेरिका और ईरान ने संकेत दिया है कि वे इस्लामाबाद में नए दौर की युद्धविराम वार्ता में शामिल होंगे। दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब न तो अमेरिका और न ही ईरान ने सार्वजनिक रूप से वार्ता के समय की पुष्टि की है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर तेहरान बुधवार को समाप्त हो रहे दो सप्ताह के युद्धविराम से पहले अमेरिका के साथ किसी समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो वह ईरान पर बमबारी शुरू कर देंगे।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि की गई है कि शीर्ष वार्ताकार, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कलिबाफ, वार्ता में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए बुधवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम समाप्त होने वाला है। दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं।

ईरान के मुख्य वार्ताकार ने कहा है कि तेहरान के पास युद्ध के मैदान में ऐसे नए पत्ते हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। अगर बातचीत फिर से शुरू होती है तो युद्धविराम की अवधि बढ़ने की संभावना है। 'व्हाइट हाउस' ने कहा है कि वेंस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, लेकिन ईरान ने यह नहीं बताया है कि वह किसे भेजेगा। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को एक संदेश प्रसारित किया जिसमें कहा गया कि ईरान से कोई प्रतिनिधिमंडल अभी तक इस्लामाबाद नहीं गया है। होर्मुज पर नियंत्रण वार्ता की कुंजी है।



### अमेरिकी सेना का ईरान के पूर्व में प्रतिबंधित पोत पर कब्जा

**वाशिंगटन।** रक्षा विभाग ने मंगलवार को बताया कि अमेरिकी सेना के जवान एक तेल टैंकर पर धावा बोलकर उसपर सवार हो गए और उसे अपने कब्जे में ले लिया है। इस टैंकर पर पहले एशिया में ईरानी कच्चे तेल की तस्करी के आरोप में प्रतिबंध लगाया गया था। पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी सेना ने यात्रा के अधिकार के तहत समुद्री अवरोध उत्पन्न किया और एम/टी टिफानी नामक टैंकर पर उसके जवान बिना किसी प्रतिरोध के सवार हो गए। जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि टिफानी श्रीलंका और इंडोनेशिया के बीच हिंद महासागर में था। घोषणा के अनुसार यह घटना रात में घटित हुई।

# जब मानवता की हदें पार कर दी जाती हैं तो जवाब निर्णायक होता है : सेना

- बरसी से एक दिन पहले भारतीय सेना की आतंकियों को चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का अपना संकल्प दोहराया और कहा, जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है। पिछले साल 22 अप्रैल को, आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों को मार डाला था, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने इसके जवाब में 7 मई को एक सैन्य अभियान शुरू किया और पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ढांचों को तबाह कर दिया।

सेना ने एक्स पर कहा, भारत एकजुट है। इस पोस्ट में एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें भारत के मानचित्र की छायांकित तस्वीर के साथ कैप्शन है- 'सम बाउंड्रीज शुड नेवर बी क्रॉस्ड' (कुछ हदें कभी पार नहीं की जानी चाहिए)। इसमें अंग्रेजी शब्द 'क्रॉस्ड' का 'ओ' अक्षर सिंदूर की एक कटोरी की तरह चित्रित किया गया है और नीचे सुर्ख लाल रंग में लिखा है इंडिया डज नॉट फॉरगेट (भारत भूलता नहीं है)। भारत ने पहलगाम हमले के बाद गत वर्ष सात-आठ मई की दरमियानी रात को निर्णायक सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। सेना ने देर रात 1.51 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, पहलगाम आतंकी हमले में इंसाफ किया गया है। जय हिंद। इसके साथ ही एक डिजिटल पोस्टर भी था जिस पर 'ऑपरेशन सिंदूर' लिखा था। सरकार ने इस अभियान को यही नाम दिया था। बाद में पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले शुरू किए, और भारत के बाद के सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए।

**पहलगाम अटैक की पहली बरसी आज**



पहलगाम में टूरिस्ट स्थल पर मोटरबोट से गस्त करते सुरक्षाकर्मी।

# विधायक निधिः 12.47 अरब रुपये मंजूर

- हर जनप्रतिनिधि को 2.5 करोड़ 499 सदस्यों को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 12 अरब 47 करोड़ 50 लाख की धनराशि जारी करने की स्वीकृति दी है।

इस राशि में विधानसभा के 403 में से 400 सदस्यों (3 सीटें रिक्त) के लिए 10 अरब तथा विधान परिषद के 100 में से 99 सदस्यों (1 सीट रिक्त) के लिए 2 अरब 47 करोड़ 50 लाख शामिल हैं। इस प्रकार कुल 499 (400 99) जनप्रतिनिधियों को प्रथम किश्त के रूप में प्रति सदस्य 2 करोड़ 50 लाख (जीएसटी सहित) की धनराशि दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों और शासनादेशों के अनुरूप ही किया जाए। विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए।



# दो साल से कम अंतर पर भी दूसरा मातृत्व अवकाश मान्य

**हाईकोर्ट का फैसला**

- कहा, सरकार की वित्तीय हैंड बुक मातृत्व लाभ कानून के ऊपर नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि पहली मातृत्व अवकाश लेने के दो वर्ष के भीतर दूसरे मातृत्व अवकाश पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

कोर्ट ने यह भी कहा कि इस विषय में वित्तीय हैंडबुक के प्रावधान मातृत्व लाभ कानून के ऊपर नहीं हो सकते। उक्त आदेश न्यायमूर्ति करुणेश की एकल पीठ ने मनीषा यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में 4 अप्रैल 2026 को पारित उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके जरिए याची की दूसरी मातृत्व अवकाश की मांग को अस्वीकार कर दिया गया था। याची की ओर से अधिवक्ता चिन्मय मिश्रा ने दलील दी कि मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 एक लाभकारी कानून है और इसके प्रावधानों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वहीं, राज्य की ओर से वित्तीय हैंडबुक के नियम 153(1) का हवाला देते हुए कहा गया कि दो प्रसूति अवकाश के बीच कम से कम दो वर्ष का अंतर होना आवश्यक है। कोर्ट ने पूर्व के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि मातृत्व लाभ अधिनियम संसद द्वारा बनाया गया कानून है और यह किसी भी कार्यपालिका निर्देश या वित्तीय हैंडबुक के प्रावधानों से ऊपर है। ऐसे में, यदि दोनों में कोई विरोधाभास हो, तो अधिनियम के प्रावधान ही प्रभावी होंगे। कोर्ट ने पाया कि याची की पहली संतान 2021 में हुई थी और इसके बाद उन्होंने वर्ष 2022 में दूसरी प्रसूति अवकाश के लिए आवेदन किया था, जिसे गलत आधार पर खारिज कर दिया गया।

# एप्पल के सीईओ पद से हटेंगे टिम कुक जॉन को सौंपेंगे कमान

**सैन फ्रांसिस्को।** एप्पल के सीईओ टिम कुक ने अपने पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी है और उनके बाद कंपनी के हार्डवेयर इंजीनियरिंग प्रमुख जॉन टर्नस यह जिम्मेदारी निभाएंगे। स्टीव जॉब्स के बाद यह जिम्मेदारी संभालने वाले टिम कुक का सीईओ के रूप में लगभग 15 साल का कार्यकाल सितंबर में समाप्त हो जाएगा। उनके कार्यकाल में आईफोन की बढ़ती मांग के कारण कंपनी का बाजार मूल्य 3,600 अरब डॉलर से भी अधिक पहुंच गया। कुक (65) एक सितंबर को सीईओ की जिम्मेदारियां जॉन टर्नस को सौंप देंगे लेकिन वह कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो स्थित इस कंपनी में कार्यकारी चेयरमैन के तौर पर जुड़े रहेंगे।

**चेतावनी** आईएमडी के महानिदेशक ने कहा- कुछ इलाके मौसम की दृष्टि से संवेदनशील, यूपी समेत अन्य राज्यों में पड़ेगी भीषण गर्मी

# उत्तर भारत में सामान्य से अधिक दिनों तक चलेगी हीट वेव

नई दिल्ली, एजेंसी

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि इस साल सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों के उत्तरी हिस्से, पूर्वी तटीय राज्यों, पश्चिमी राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र तथा उनसे लगे क्षेत्रों में सामान्य से अधिक दिनों तक हीट वेव चलने की आशंका है। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां मौसम की दृष्टि से हर साल अत्यधिक गर्मी पड़ने की आशंका बनी रहती है।

इन इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना है, ऐसा उन क्षेत्रों में भी हो सकता है जहां शायद ऊष्ण लहर नहीं चलती है। उन्होंने कहा, कुछ इलाके मौसम की दृष्टि से संवेदनशील हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में साल के इस समय सामान्य तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। इसी तरह उत्तर प्रदेश और हरियाणा में मई आने तक सामान्य तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। महापात्रा ने कहा, इसलिए हमें अधिक तापमान वाले ऐसे दिनों के लिए तैयार रहना चाहिए। जिन लोगों के मौसम की चरम परिस्थितियों से सर्वाधिक प्रभावित होने का खतरा है, उनकी मदद के लिए आईएमडी की ओर से उठाए जा रहे कदमों के बारे में पूछे जाने पर महापात्रा ने कहा कि विभाग ने रेहड़ी-पटरी वालों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों समेत खुले में रहने वाले लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए ''व्हाट्सएप'' समूह बनाए हैं। इसके अलावा सूचना पट भी लगाए गए हैं, जिन पर गर्मी की स्थिति और उससे बचाव के लिए किए जा सकने वाले उपायों की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति तक पहुंचना और मौसम संबंधी आईएमडी के पूर्वानुमान की जानकारी उपलब्ध कराना है। हम सरकार के माध्यमों से भी जानकारी देते हैं। इनमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) का साझा चेतावनी प्रोटोकॉल (कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल) भी शामिल है, जिससे मोबाइल फोन रखने वाला कोई भी व्यक्ति यह जानकारी प्राप्त कर सकता है।



- इन इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना

### हर दिन जिला स्तर पर चेतावनी की जाती है जारी

महापात्रा के अनुसार, हर साल खासकर अप्रैल और मई तथा मानसून से पहले जून में तापमान अधिक रहने की संभावना रहती है लेकिन साल-दर-साल इसमें कुछ अंतर हो सकता है। तापमान में सालाना और रोजाना होने वाले उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए आईएमडी एक सीजन पहले ही ऊष्ण लहर का पूर्वानुमान जारी करता है। इसके बाद हर गुरुवार अगले चार सप्ताह के लिए विस्तारित अवधि का पूर्वानुमान भी जारी किया जाता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के महीनों में हर दिन जिला स्तर पर सात दिन की चेतावनी भी जारी की जाती है। आईएमडी ने फरवरी के अंत तक मार्च, अप्रैल और मई के लिए ऊष्ण लहर और गर्मियों के तापमान का पहला पूर्वानुमान जारी किया था। बाद में मार्च के आखिरी दिन अप्रैल, मई और जून के लिए इसे अद्यतन किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच कई स्थानों पर ऊष्ण लहर की स्थिति बन सकती है।

न्यूज ब्रीफ

### यूपी विधानसभा का दूसरा सत्र 30 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा का वर्ष 2026 का द्वितीय सत्र 30 अप्रैल से शुरू होगा। विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद से पारित न होन के खिलाफ चर्चा कराना है। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस सत्र को आहूत करने की मंजूरी दे दी है। विधानसभा सचिवालय प्रशासन के मुताबिक, गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से विधानसभा मंडप, विधान भवन, लखनऊ में सत्र की कार्यवाही प्रारंभ होगी। यह सत्र वर्ष 2026 का दूसरा सत्र होगा, जिसमें सरकार विभिन्न विधायी और नीतिगत कार्यों को आगे बढ़ा सकती है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, सत्र बुलाने का यह निर्णय संवैधानिक प्रक्रिया के तहत लिया गया है। आमतौर पर ऐसे सत्रों में सरकार द्वारा विधेयक पेश किए जाते हैं, महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर चर्चा होती है और विपक्ष को भी अपने मुद्दे उठाने का अवसर मिलता है।

### आवास विकास बोर्ड बैठक कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक 23 अप्रैल को महात्मा गांधी मार्ग स्थित मुख्यालय के नवीन सभागार में प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में होगी। बैठक में परिषद की विकसित कालोनियों में सम्पत्तियों के दाम बढ़ाने की तैयारी है। इनमें लखनऊ की वृंदावन योजना और अवध विहार योजना शामिल हैं। यहां डीएम सर्किल रेट के बराबर जमीन की कीमत निर्धारित की जाएगी। जहां कालोनियां अभी विकसित हो रही हैं वहां 8 .7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से जमीन की कीमत बढ़ाई जाएगी। बोर्ड बैठक में मार्जिन कॉस्ट लैंड रेट (एमसीएलआर) अधिनियम परिषद अंगीकृत करेगा। नई योजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण और संचालन के लिए बजट बढ़ाया जाएगा। भूमि अधिग्रहण के लिए करीब 1500 करोड़ और विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये का बजट पास हो सकता है। लखनऊ के मोहनलालगंज में न्यू जेल रोड पर जल्द ही लैंड पूलिंग पर अपनी पहली योजना शुरू करने जा रहा है।

### ऊर्जा संविदा कर्मियों का सत्याग्रह तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के संविदा कर्मियों ने मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर मंगलवार को सभी जिलों में सत्याग्रह किया गया। महासंघ अध्यक्ष आरएस राय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा में संविदा कर्मियों को विभाग से वेतन भुगतान, वेतन वृद्धि और ईपीएफ की सुविधा देने की घोषणा की गई थी, लेकिन पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को इससे बाहर रखना चाहता है। प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने कहा कि छंटनी और ठेकेदारों के शोषण से बचने के लिए आउटसोर्स निगम में शामिल होना आवश्यक है। महासंघ के मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पाण्डेय ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 मई को प्रस्तावित कार्य बहिष्कार के बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई, तो पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। संविदा कर्मियों का यह आंदोलन आने वाले दिनों में और व्यापक रूप ले सकता है, जिससे प्रदेश की बिजली व्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

# विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दिखेगी 'आधी आबादी' की ताकत



लखनऊ में हुए प्रदर्शन में महिलाओं ने कुछ ऐसे विरोध दर्ज कराया।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर हर स्तर पर जवाब की तैयारी
- महिला मंत्रियों समेत हजारों की भागीदारी, विपक्ष पर तीखा हमला

**अमृत विचारः** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर राजधानी में आयोजित 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' ने साफ संकेत दिया कि आने वाले 2027 विधानसभा और 2029 लोकसभा चुनाव में महिलाएं निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

पदयात्रा में प्रदेश सरकार की कई महिला मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों ने भाग लिया। मंच से वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक को गिराकर विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों का हनन किया है, जिसका जवाब अब पंचायत से लेकर संसद तक दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि महिलाओं को विपक्ष की "संकीर्ण सोच" को पहचानना होगा और अपने अधिकारों के लिए संगठित होना होगा। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने वोट की ताकत से 2027 और 2029 में स्पष्ट संदेश दें।

महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि संसद में विधेयक के विरोध के दौरान विपक्षी महिला सांसदों का व्यवहार "दुर्भाग्यपूर्ण" रहा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस "अपमान" को याद रखें और लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दें। पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए यह पहल लेकर आए, लेकिन विपक्ष ने इसे रोककर अपनी मानसिकता उजागर कर दी। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं एकजुट होकर अपनी शक्ति का परिचय देंगी। पदयात्रा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं की भागीदारी ने इसे व्यापक जनसमर्थन का स्वरूप दिया। नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई का प्रतीक है, जो आने वाले चुनावों में निर्णायक असर डालेगा।

### चुनावी असर का संकेत

- इस पदयात्रा ने साफ कर दिया है कि महिला मतदाता अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि राजनीति की दिशा तय करने वाली शक्ति बन चुकी हैं। नेताओं ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि यदि महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी हुई, तो उसका जवाब सीधे चुनाव में मिलेगा। 2027 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर दिया गया संदेश इस आंदोलन को राजनीतिक रूप से और महत्वपूर्ण बनाता है। महिला भागीदारी का यह स्तर संकेत देता है कि आने वाले समय में चुनावी रणनीतियों में 'आधी आबादी' केंद्र में रहेगी और कोई भी दल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकेगा।

### महिला नेतृत्व की मजबूत उपस्थिति

- पदयात्रा की एक खास बात महिला नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी रही। प्रदेश सरकार की महिला मंत्रियों से लेकर संगठन की पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि तक, सभी ने मंच और सड़क दोनों जगह अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इससे यह संदेश गया कि महिलाओं की भूमिका केवल समर्थक की नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भी है। विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने भी इस आंदोलन को मजबूती दी। यह सहभागिता दर्शाती है कि महिला सशक्तिकरण अब केवल नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर एक सशक्त जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

# विपक्ष के खिलाफ सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी की अगुवाई में निकली पदयात्रा में शामिल हुईं हजारों महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पद यात्रा का नेतृत्व संभाला, तो कड़ी धूप के बावजूद जनसैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा हाथ में लहराते समूचा मंत्रिमंडल, भाजपा और सहयोगी दलों के शीर्ष नेता भी कदमताल करते दिखे। हजारों महिलाओं का हुजूम कांग्रेस-सपा समेत विपक्षी दलों के खिलाफ बैनर-पोस्टर और तख्तियों के साथ आक्रोशित नजर आया। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आधी आबादी अब सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक पहुंची इस रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाएं इस अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रही हैं और लखनऊ की यह पदयात्रा उसी जनभावना का प्रतीक है। सुबह 7 बजे से ही 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ा और धूप तेज होती गई, वैसे-वैसे महिलाओं का जोश और आक्रोश भी बढ़ता गया। हाथों में पोस्टर-बैनर लिए महिलाएं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करती नजर आईं। पदयात्रा शुरू होने से पहले ही मुख्यमंत्री आवास के बाहर हजारों महिलाओं का हुजूम जुट चुका था।



मुख्यमंत्री योगी की अगुवाई में 5-कालीदास मार्ग से निकली जन आक्रोश यात्रा में तिरंगे, तख्तियां और बैनर लेकर शामिल महिलाएं व अन्य।

### सूरज से अधिक धधकता दिखा महिलाओं का आक्रोश

- सुबह करीब 10 बजे मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ हुई इस पदयात्रा के समय भी चुभने वाली तेज धूप थी, लेकिन महिलाओं का आक्रोश उससे कहीं अधिक धधक रहा था। सुबह 7 बजे से ही मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं का जुटना शुरू हो गया था। हाथों में विपक्ष की कुत्सित राजनीति की निंदा करते हुए स्लोगन लिखी हुईं तख्तियां और 'बहन- बेटियों का अपमान-नहीं सहेगा हिंदुस्तान, महिला अधिकारों पर वार-सपा-कांग्रेस जिम्मेदार, कांग्रेस का हाथ-नारी शक्ति के खिलाफ, नारी के सम्मान में-एनडीए मैदान में' जैसे गूंजते नारों के साथ यह रैली विपक्ष को बेनकाब करती हुई आगे बढ़ी। हर कदम पर महिलाओं का हुजूम साफ संदेश दे रहा था कि आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं, कोई चुप्पी नहीं, कोई माफी नहीं। महिलाओं ने सपा और कांग्रेस के विरुद्ध नारेबाजी की और विपक्ष की महिला-विरोधी मानसिकता को खुलकर चुनौती दी।



सपा के विरोध में बैनर लहराती महिला।

### तख्तियां और पोस्टर पर दिखे विपक्ष के खिलाफ तीखे संदेश

पदयात्रा में शामिल महिलाओं के हाथों में तख्तियां और पोस्टर थे, जिन पर विपक्ष के खिलाफ तीखे संदेश लिखे थे। 'सपा की पहचान—नारी शक्ति का अपमान', 'महिला आरक्षण पर घटिया राजनीति बंद करो', 'आधी आबादी का हक दिलाओ' जैसे नारों ने पूरे माहौल को गरमा दिया। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि उनके अधिकारों के साथ समझौता स्वीकार नहीं है। यह विरोध केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सम्मान और बराबरी की लड़ाई है। नारों की गूंज ने यह स्पष्ट कर दिया कि महिलाएं अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और मुखर हो चुकी हैं।

### पूरे मार्ग पर दिखा अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम

- राजधानी लखनऊ के लिए यह एक अभूतपूर्व दृश्य था, पूरी सरकार ही सड़क पर थी। हजारों महिलाओं संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे आगे थे। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सहयोगी दलों के नेता, मंत्रिमंडल के सदस्यों और भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला। युवा, वृद्ध, छात्राएं और कामकाजी महिलाएं, हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। जगह-जगह आम जनता ने भी तालियों और नारों के साथ इस पदयात्रा का समर्थन-स्वागत और फूल भी बरसाए।



धूप से बचने को सिर पर पंफलेट पहने महिला।

# मंच पर पहुंचते ही महिलाओं ने योगी का किया नारों से स्वागत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** करीब 9:40 बजे योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचते ही माहौल और उत्साहित हो उठा। महिलाओं ने जोरदार नारे लगाते हुए उनका स्वागत किया। इसके बाद करीब 10 बजे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पदयात्रा शुरू हुई, जो मुख्यमंत्री आवास से सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक पहुंची। तपती धूप के बावजूद हजारों महिलाएं बिना रुके, बिना थके पदयात्रा में शामिल रहीं।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पूरी यात्रा पैदल तय की। रास्ते भर लोगों ने उनका अभिवादन किया और पदयात्रा में शामिल महिलाओं के समर्थन में नारे लगाए। विधान भवन के सामने समापन पर मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं का आभार जताते हुए कहा कि यह आक्रोश नारी सम्मान के लिए है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

मंच से नेताओं ने इस भागीदारी को नारी शक्ति का प्रतीक बताया और महिलाओं के संकल्प को नमन किया। करीब 9 बजे जैसे ही कार्यक्रम ने गति पकड़ी, महिलाओं ने 'नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान', 'महिला आरक्षण पर राजनीति बंद करो' जैसे नारों के साथ विरोध दर्ज कराया। पोस्टरों पर विपक्ष पर महिला विरोधी होने के आरोप लिखे हुए थे।

### कई जिलों से आईं महिलाएं

- इस पदयात्रा में केवल राजधानी ही नहीं, बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। हरदोई, बाराबंकी, उन्नाव और अयोध्या सहित कई जिलों से महिलाएं सुबह-सुबह लखनऊ पहुंचीं। छात्राएं, गृहिणियां और कामकाजी महिलाएं—हर वर्ग की भागीदारी ने इस आयोजन को व्यापक स्वरूप दिया।


जन आक्रोश यात्रा में शामिल मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, ओपी राजभर, पंकज चौधरी व अन्य।

साजिश

फर्जी कॉन्फ्रेंस के नाम पर छात्राओं को दिल्ली ले जाने की थी तैयारी, पुलिस कर रही जांच

# केजीएमयू में पकड़ा गया फर्जी डॉक्टर, धर्मांतरण रैकेट की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन ने मंगलवार को एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए धर्मांतरण रैकेट की आशंका में एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी हस्साम अहमद 12वीं पास है, लेकिन खुद को मेडिकल छात्र बताकर विवि में सक्रिय था।

केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने ब्राउन हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मड़ियांव के अजीज नगर सेमरा गौढ़ी निवासी आरोपी ने कार्डियो सेवा संस्थान नाम से एक ट्रस्ट बना रखा था। वह विश्वविद्यालय में घूमकर खुद को सीनियर छात्र बताता और छात्रों-छात्राओं पर प्रभाव जमाता था। इतना ही नहीं, वह इलाज के लिए आने वाले मरीजों से वसूली भी करता था। जांच में सामने आया कि 13 अप्रैल को आरोपी ने केजीएमयू की कई छात्राओं को दिल्ली में होने वाली एक कथित कॉन्फ्रेंस के नाम पर फर्जी चयन पत्र जारी किया। इस पत्र पर प्रो. केके सिंह के फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें अमेरिका के डॉक्टरों से मुलाकात का लालच भी दिया गया था। आरोपी इन छात्राओं को 29 अप्रैल को दिल्ली ले जाने की तैयारी में था। इससे पहले 20 अप्रैल को वह छात्राओं को हुसैनाबाद घंटाघर के पास लगे एक चिकित्सा शिविर में भी ले गया था। छात्राएं उसके प्रभाव में थीं और उसके साथ दिल्ली जाने को तैयार थीं। मामला संदिग्ध लगने पर प्रशासन ने फर्जी पत्र जब्त किया और शिविर की जांच की। मंगलवार को जैसे ही आरोपी जनरल सर्जरी विभाग के पास पहुंचा, छात्रों की मदद से उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उसके खिलाफ तहरीर दे दी गई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



पत्रकारों को जानकारी देते डॉ .केके सिंह, डॉ . प्रेमराज सिंह, डॉ . ओपी सिंह और डॉ . अमिय अग्रवाल और मीडिया के सवालों का जवाब देता आरोपी हस्साम अहमद। अमृत विचार

### ऐसे लेता था झांसे में

- आरोपी हस्साम अहमद ने स्वीकार किया है कि वह केजीएमयू का डीन बनकर व्हाट्सएप पर छात्रों से संपर्क करता था। उसकी प्रोफाइल फोटो में डीन की तस्वीर लगी होने के कारण छात्र-छात्राएं आसानी से उसके प्रभाव में आ जाते थे। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले छात्रों से विश्वास कायम करता, फिर उन्हें एक कथित कॉर्डियो सेवा फाउंडेशन से जोड़ने का लालच देता था। वह फाउंडेशन के नाम पर पुरस्कार, सम्मान और करियर में मदद का झूठा सपना दिखाता था। इसी जाल में फंसकर एक छात्रा पूरी तरह प्रभावित हो गई। उसने बिना अपने परिवार या केजीएमयू प्रशासन को सूचना दिए दिल्ली जाने का फैसला तक कर लिया। पूछताछ के दौरान छात्रा ने बताया कि आरोपी ने उसे कई पुरस्कार मिलने का भरोसा दिलाया था। पत्रकार वार्ता में ट्रॉमा सीएमएस डॉ . प्रेमराज सिंह, डॉ . ओपी सिंह, डॉ . अमिय अग्रवाल, डॉ . भास्कर अग्रवाल, डॉ . अंकुर बजाज डॉ . कुमार शांतनु मौजूद रहे।

### डॉक्टरों के नाम का दुरुपयोग

- आरोपी ने दावा किया कि उसके ट्रस्ट से एसजीपीजीआई और शहर के दो नामी निजी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर जुड़े हैं। मीडिया को डॉक्टरों के नाम भी बताए। उसके दावों की सत्यता की जांच की जा रही है।

### व्हाट्सएप पर लगा रखी थी केजीएमयू प्रवक्ता की फोटो

- विश्वास जीतने के लिए आरोपी ने अपने व्हाट्सएप डीपी पर प्रो . केके सिंह की फोटो लगा रखी थी और उसी के नाम से दस्तावेज जारी कर रहा था। चयनित छात्राओं ने पत्र को सोशल मीडिया पर डाल रखा था। जिसके बाद यह मामला पकड़ में आया।

### विदेश भेजने की साजिश

- प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी विशेष रूप से हिंदू छात्राओं को निशाना बनाता था। शक है कि वह धर्मांतरण के साथ उन्हें विदेश भेजने की साजिश बना रहा था, जहां उनके साथ अनैतिक गतिविधियों की आशंका जताई जा रही है। हिन्दू लड़कियां आसानी से उसके झांसे में आ जाएं इसके लिए वह अपने धर्म के लोगों को जोड़ने के साथ ही एमबीबीएस कर रहे लड़कों को भी जोड़ता था।

# 40.32 लाख महिलाओं का सहारा बनी विधवा पेंशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री का निर्देश, कोई भी पात्र महिला योजना से न रहे वंचित

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार लगातार सक्रिय है। प्रदेश की 40.32 लाख से अधिक विधवा महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री की स्पष्ट हिदायत है कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे।

निदेशालय की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन योजना प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए संबल बनकर उभरी है। इस योजना के अंतर्गत सहायता राशि वर्ष में चार किस्तों में दी जाती है। हर तीन महीने की राशि एक साथ लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती है। अप्रैल-जून, जुलाई-सितंबर, अक्टूबर-दिसंबर और जनवरी-मार्च—इन चार चरणों में भुगतान सुनिश्चित किया जाता है। वर्ष 2021 में सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए पेंशन राशि को 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया था। यह धनराशि सीधे आधार लिंक बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। वर्ष 2016-17 से पहले जहां लगभग 17.31 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 40 लाख से अधिक हो गई है। यह वृद्धि दर्शाती है कि सरकार अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। योजना का लाभ केवल उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी उन महिलाओं को मिलता है, जिनके पति का निधन हो चुका है, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है और परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# गुलाब की पंखुड़ियों से उतारी जा रही श्रीराम की आरती

- मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान को गर्मी से बचाने के लिए लगाए गए एसी, कूलर

कार्यालय अयोध्या।

**अमृत विचार:** चिलचिलाती धूप व गर्मी के प्रकोप का असर मंदिरों में भी पड़ रहा है। गर्भगृह में विराजमान भगवान को गर्मी से बचाने के लिए एसी, कूलर लगाए गए हैं। श्री रामलला को गर्मी से बचाने के लिए गुलाब की पत्तियों से भगवान के शरीर को ढक कर रखने के साथ दोपहर में आरती की जा रही है।

राम मंदिर के एक पुजारी ने मंगलवार को बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में विराजमान श्री रामलला बालक रूप में पूजा की जाती है। जिस प्रकार से मां अपने बच्चे की सेवा करती है उसे तरह पुजारी आने भगवान की सेवा करते हैं। इसलिए उनको मौसम के अनुसार सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। गर्मी को लेकर गर्भगृह में एसी, पंखा, कूलर, लगाया गया है। श्री रामलला के शरीर को गुलाब के फूलों से ढका जाता है। दर्शन के दौरान भी चारों तरह गुलाब की पंखुड़ी लगाई गई है। दोपहर के समय गुलाब की पत्तियों से आरती की जाती है। कहा कि भोग में बदलाव करते हुए ठंडे व्यंजनों का प्रयोग किया जाता है।


गुलाब की पंखुड़ियों से रामलला की आरती उतारते पुजारी।

## मन की आंखों से किये आराध्य के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भव्य राम मंदिर में बालक रामलला के दर्शन करने मंगलवार को हरियाणा से 30 दृष्टि बाधित बच्चे पहुंचे। बच्चे श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष हाथ जोड़े, चेहरे पर अटूट विश्वास एवं श्रद्धा के भाव लिए नेत्र बंद किए खड़े हुए तो वहां मौजूद अन्य भक्त अपलक उन्हें ही निहारते रहे। रामलला के दर्शन के बाद इन बच्चों का उत्साह उल्लास बन कर जय श्री राम के जयकारों से फूट पड़ा। एक स्वर में बच्चों के बोल गूंज उठे - बोले ऐसा आभास हो रहा है जैसे हम स्वर्ग में आ गए हों। बच्चों ने कहा कि भगवान ने हम सभी को आज देख लिया है।


रामलला के दर्शन करने पहुंचे दृष्टि बाधित बच्चे।

- रामलला के दर्शन करने हरियाणा से पहुंचे दृष्टि बाधित 30 बच्चे

हरियाणा रोहतक से आई रानी हुड्डा अहलावत ने कहा कि नारी उदय फाउंडेशन व कपिल प्रकाश विद्यालय से श्री राम जी का दर्शन करने के लिए स्कूल के सभी दिव्यांग बच्चे को लेकर आए है। जो आंखों से नहीं लेकिन मन की आंखों से देख सकते हैं। सभी बच्चों ने दर्शन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया है। बहुत अच्छा लगा बच्चे खुश है।

## अब सुबह 7:30 से दोपहर 1:30 तक खुलेंगे परिषदीय विद्यालय

**अयोध्या, अमृत विचार :** भीषण गर्मी और गर्म हवाओं की तपिश शासन तक पहुंचने के बाद परिषदीय विद्यालयों में तो समय बदल दिया गया लेकिन अभी निजी विद्यालयों के लिए कोई व्यवस्था नहीं लागू की गई है। शासन ने निजी स्कूलों में समय परिवर्तन का जिम्मा प्रबंध समितियों पर छोड़ दिया है। बीएसए लालचंद ने बताया कि शिक्षा निदेशक बेसिक द्वारा 20 अप्रैल को द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालय सुबह 7 .30 बजे से दोपहर 01.30 तक संचालित किये जायेंगे। बताया कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए विद्यालय प्रबंध समिति यथावश्यक निर्णय लेने के अधिकृत होगी। समस्त संबंधित को निर्देशित किया जाता है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

# सीएमओ का निर्देश-बंद करो अस्पताल माननीय ने कहा चलाओ...

**मवई चौराहा के रुदांश हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर का मामला**

- 23 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया था निरीक्षण
- नोटिस मिलने के बाद भी संचालित अवैध घोषित अस्पताल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** निजी अस्पतालों को लेकर तेवर दिखाने वाले जिले के स्वास्थ्य विभाग को एक मामले में अब मुंह की खानी पड़ गई है। विभाग की टीम के निरीक्षण की रिपोर्ट खुद विभाग के गले की फांस बन गई है। इस रिपोर्ट पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने हॉस्पिटल को अवैध करार देते हुए बंद करने की नोटिस जारी की तो एक माननीय भारी पड़ गए। नतीजा 9 अप्रैल को जारी नोटिस के बाद भी संबंधित हॉस्पिटल मंगलवार 21 अप्रैल तक बेधड़क चलता पाया गया।

नर्सिंग होम के नोडल व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी 23 मार्च को रुदांश हॉस्पिटल के निरीक्षण पर पहुंचे। उन्हें तमाम खामियां मिलीं, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपी। इस रिपोर्ट के आधार पर सीएमओ ने संबंधित हॉस्पिटल को एक नोटिस जारी किया। जिसमें तमाम विसंगतियों का उल्लेख करते हुए हॉस्पिटल संचालन को अवैध करार देते हुए बंद करने का निर्देश दिया। हालांकि सीएमओ के जारी निर्देश पत्र में 24 मार्च को नोटिस निर्गत करने का उल्लेख किया गया है। यह पहली नोटिस थी, लेकिन इसके बाद भी संचालन बंद नहीं हुआ तो 9 अप्रैल को दोबारा नोटिस जारी की गई है। इसके बाद भी हॉस्पिटल संचालन जारी है।

सीएमओ द्वारा नोटिस में कहा गया है कि नोडल अधिकारी नर्सिंग होम डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पीसी भारती एवं पटल सहायक संदीप यादव द्वारा रुद्रांश हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर मवई चौराहा, मवई रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निजी चिकित्सालय का पंजीकरण नहीं पाया गया। चार मरीज भर्ती पाए गए, जिनकी फोटो व वीडियो साक्ष्य के रूप में कार्यालय में उपलब्ध है। निरीक्षण के समय आदित्य प्रकाश उपस्थित थे। वह कोई भी वैध अभिलेख नहीं दिखा पाए।

ओपीडी पर्चे का अवलोकन करने पाया गया कि पर्चे पर रजिस्ट्रेशन नंबर व पता जनपद बाराबंकी का है, जिससे यह प्रतीत होता है कि उच्च अधिकारियों व आम जनमानस को गुमराह कर निजी चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है। आप तत्काल उक्त चिकित्सालय का संचालन बंद करें, अन्यथा कि स्थिति में आपके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी, जिसके आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। विभाग द्वारा खुद नोटिस में लिखा गया है कि आपके द्वारा अभी भी उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए चिकित्सालय का संचालन बंद नहीं किया गया है और न ही चिकित्सालय का पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया है। अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि आप अवैध रूप से संचालित चिकित्सालय को तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मवई चौराहा स्थित रुद्रांश हॉस्पिटल। अमृत विचार


स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी की गई नोटिस।

> मुझे नोटिस प्राप्त हो गई है। अस्पताल अभी खुला है। एक माननीय से आश्वासन मिला है कि आप चलाओ। मैं बात कर लूंगा। क्योंकि पंजीकरण कराने में समय लग जाता है।
> –डॉ. आदित्य कुमार, अस्पताल संचालक।

> किसी भी अस्पताल को बंद करने के लिए उन्हें नोटिस भेजी जाती है। रुद्रांश अस्पताल को दूसरी बार नोटिस भेजी गई है। तीसरी बार में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कार्रवाई की जाएगी। –डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, एसीएमओ

## गार्ड ने चिकित्सक व फार्मासिस्ट से की अभद्रता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सोमवार देर रात एक गार्ड द्वारा चिकित्सक व फार्मासिस्ट से अभद्रता करने व दोनों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। दोनों की ओर से सीएमएस को शिकायत देते हुए नगर कोतवाली में तहरीर दी गई है। ईएमओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा का आरोप है कि गार्ड अमित सिंह शराब के नशे में था। ड्यूटी पर इमरजेंसी में बुलाए जाने पर फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव से वाद विवाद करने लगा। मुझसे भी गाली गलौज की। सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न की। सर्वेश को जान से मारने की धमकी दी। अपशब्दों का प्रयोग किया। इस दौरान राजेश त्रिपाठी सहभागी की भूमिका में थे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। गार्ड पूर्व सैनिक है। दोनों पक्षों से वार्ता करने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

## 37 विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की सीईटी-2024 पीएचडी प्रवेश परीक्षा 24 अप्रैल को दो केंद्रों पर होगी। इसको लेकर मंगलवार को कुलसचिव कार्यालय सभागार में हुई बैठक में प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि कुल 37 विषयों के 1650 अभ्यर्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय मुख्य परिसर स्थित प्रचेता भवन में 14 विषयों के 735 छात्र एवं नवीन परिसर स्थित तुलसी भवन में 22 विषयों के 915 छात्रों की परीक्षा होगी। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर है। बैठक में प्रो. अनूप कुमार, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. मोहन तिवारी, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. प्रत्याशा मिश्रा, डॉ. प्रतिभा देवी उपस्थित रहीं।

## अवध विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षाएं 5 मई से

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने मंगलवार को सत्र 2025-26 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आवासीय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 05 मई से प्रारंभ होकर 5 जून तक संचालित होंगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर सभी आवासीय परिसरों एवं संबद्ध महाविद्यालयों को नकल-विहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षाएं प्रतिदिन तीन पालियों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक, द्वितीय पाली पूर्वाह्न 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक और तृतीय पाली दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक होगी।



कहा कि स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) होंगी, जबकि अन्य स्नातक एवं परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी। यह परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट तथा संबंधित महाविद्यालयों के लॉगिन पर उपलब्ध है। मीडिया प्रभारी डॉ. आर एन पांडेय ने बताया कि परीक्षार्थियों की बाद में घोषित की जायेगी। उसी के साथ ही केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा।

## एयरपोर्ट परिसर में लगी आग, हादसा टला

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एयर साइड क्षेत्र में मंगलवार को अचानक आग लग गई। एयरपोर्ट अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय कुछ देर पहले ही एक विमान की लैंडिंग हुई थी।

पक्षियों को भगाने के लिए एयरपोर्ट स्टाफ द्वारा मंगलवार दोपहर पटाखे दगाए जा रहे थे। इनकी चिंगारी ने एयर साइड की सूखी घास को चपेट में ले लिया और लपटें उठने लगीं। एयरपोर्ट पर तैनात फायर टेंडरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर काबू पा लिया। एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि किसी भी तरह की जान-माल की क्षति नहीं हुई है। फायर सर्विस टीम की सतर्कता से आग पर तुरंत काबू पाया जा सका। यह घटना पक्षियों से होने वाले संभावित बर्ड हिट से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सामान्य प्रक्रिया के दौरान हुई।


एयर साइड में लगी आग बुझाता फायर टेंडर। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशिक्षु आईपीएस ने छात्राओं को किया जागरूक

**रानीबाजार, अयोध्य। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना में प्रशिक्षु आईपीएस शुभम् जैन की अगुवाई में मंगलवार को क्षेत्र के माधव सर्वोदय स्कूल में छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्होंने छात्राओं को बताया किसी भी अपराध होने होने की आशंका पर तत्काल शासन द्वारा जारी नम्बर 100, 102, 112, 1076, 108, 1090, 181 पर सूचना देकर मदद ले सकते हैं। दरोगा खुशबू यादव व पूर्णिमा सिंह ने छात्राओं को जागरूक किया। सिपाही दीक्षा मिश्रा, दरोगा आकाश यादव, सिपाही सुशील कुमार, राजकुमार यादव समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### 28 को फायरिंग रेंज के आसपास न आए कोई

**अयोध्या, अमृत विचार :** डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर होमगार्डस अयोध्या पर प्रशिक्षणरत 49 होमगार्डस जवानों का फायरिंग अभ्यास 28 अप्रैल को ईटीआर रेंज डोगरा रेजीमेंट सेन्टर अयोध्या में होना है। डिवीजनल कमांडेंट डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर होमगार्ड अयोध्या के कार्यालय की विज्ञप्ति में उक्त जानकारी देते लोगों से अपील की गई है कि उक्त तिथि को फायरिंग रेंज के आसपास कोई जानवर/व्यक्ति न आयें, जिससे कोई अप्रिय घटना न हों।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना पटरंगा क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर मंगलवार को ग्राम मटौली मंदिर के निकट सुबह 5 बजे तेज रफ्तार बुलोरो ने बाइक सवार ग्राम चौहानन पुरवा निवासी लवकुश (30) पुत्र राजेश कुमार को पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई। हाईवे चौकी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### आग लगने से आठ बीघा गेहूं जलकर राख

**मसौधा, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बरवा बसाइतपुर गांव में मंगलवार दोपहर बाद आग लगने से आठ बीघा खेत का गेहूं जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड दस्ते ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गांव के सरबजीत ने बताया कि मंगलवार दोपहर में वह घर आए और खाना खाकर खाकर लेटे ही थे कि ग्रामीणों की गुहार पर वह दौड़े। तब तक आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित सर्वजीत कोरी को क्षति पूर्ति दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तेलियागढ़ स्थित ठंडी सड़क, प्रजापति गली में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में बलराम कसौंधन (32) पुत्र ओमप्रकाश की मौत का मामला सामने आया है। बताया गया कि रविवार दोपहर बलराम तबियत खराब होने की बात कहकर कार्यस्थल से घर लौट आया था। शाम को पत्नी मायके से घर पहुंची और दरवाजा खोलने के लिए आवाज दी, लेकिन अंदर से दरवाजा बंद था। इसके बाद उसने अपने ससुर को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां बलराम मृत अवस्था में मिला। कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## प्रत्यावेदन के बाद नगर पंचायत खिरौनी अध्यक्ष की फाइल फिर परीक्षण में

- कार्यों में कथित गड़बड़ी को लेकर जांच का मामला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर पंचायत खिरौनी में खरीद-फरोख्त, निर्माण को लेकर कराई गई जांच के मामले में एक बार फिर हलचल बढ़ गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष से मामले में दिए गए प्रत्यावेदन के बाद इसे एक बार फिर कमेटी के पास परीक्षण के लिए भेजा गया है।

नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज में कथित गड़बड़ी को लेकर कुछ सभासदों और भाजपा नेताओं ने शिकायत की थी। विधायक ने भी इसको लेकर पत्र लिखा था। अलग-अलग शिकायतों पर एक तीन सदस्यीय जांच समिति उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित की गई थी। दूसरी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में। दोनों समितियों ने जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी। जांच में कई मामलों में गड़बड़ी पाई गई। इसके बाद नपं अध्यक्ष को इस बावत शासन से पत्र भेजा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस पर अपना प्रत्यावेदन सौंपा। यह प्रत्यावेदन एसडीएम की अध्यक्षता वाली जांच समिति के आरोपों को लेकर था। यह प्रत्यावेदन शासन ने फिर जिले को भेजा तो इसे संबंधित समिति के पास परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। अब एसडीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी इस पर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, फिर इसे शासन को भेजा जाएगा।

जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय ने भी प्रत्यावेदन को संबंधित जांच समिति के पास परीक्षण के लिए भेजा जाने की बात कही है। दूसरी और एडीएम की अध्यक्षता वाली समिति की जांच रिपोर्ट पर नपं अध्यक्ष को अप्रैल के पहले सप्ताह में प्रमुख सचिव के यहां स्पष्टीकरण के लिये बुलाया गया था, लेकिन प्रमुख सचिव की गैर मौजूदगी के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। नई तारीख के लिए बुलाए जाने की बात कहकर वापस कर दिया गया था। फिलहाल नगर पंचायत में कथित गड़बड़ी को लेकर कार्रवाई तेज हो गई है।

## व्यापारियों ने उठाई समस्याएं, निदान की मांग

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार के जिला व महानगर इकाई के पदाधिकारियों की बैठक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के आगमन पर अवध मॉल में संगठन के जिला व महानगर ईकाई के पदाधिकारियों की बैठक महानगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। इसमें व्यापारियों अपनी प्रमुख समस्याएं उठाईं व उनके निदान की मांग की।

ईंट निर्माता समिति के प्रदेश मंत्री संजय सावलानी ने जिला पंचायत अयोध्या द्वारा लाइसेंस शुल्क और सीपी टैक्स को दुगना करने, ट्रांसपोर्ट कारोबारी जसबीर सिंह सेठी ने खाद्य एवं रसद विभाग का काम देख रही पीसीएफ द्वारा जिन ट्रांसपोर्टर के पास 15 से कम ट्रक है, उन्हें टेंडर प्रक्रिया में अयोग्य घोषित करने की नीति की समस्या को उठाया। लघु उद्योग भारती से जुड़े आशीष अग्रवाल ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा नई फैक्ट्री स्थापित करने पर 7.5 प्रतिशत एनर्जी टैक्स की छूट 10 वर्ष तक बिजली बिल में मिलती थी, नई औद्योगिक नीति में इसे हटा दिया गया है। इस छूट को लागू करना चाहिए। प्रांतीय संगठन मंत्री नीरज जायसवाल ने पांच सौ स्क्वायर मीटर तक की नजूल भूमि एवं प्लॉट को फ्रीहोल्ड कर उसका दाखिल खारिज करने की मांग रखी। महानगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता ने व्यापार मंडल को पूरे जिले की हर बाजार में पुनर्गठित करने के एक कमेटी बनाने का सुझाव दिया।

प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने व्यवसायियों की समस्याओं को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मिलकर उनका समाधान कराने का विश्वास दिलाया। इससे पूर्व महानगर महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल ने प्रांतीय अध्यक्ष, प्रांतीय महामंत्री सचिन कंछल सहित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया।

बैठक में सरदार सुरेंद्र सिंह गांधी, जसबीर सिंह, यशस्पति अग्रवाल, ज्ञान केसरवानी, अंगद चौरसिया, रमेश गुप्ता, चंद्रभान मौर्या सहित व्यापारी उपस्थित थे। अन्त में शांतनु सिंह से सभी व्यापारियों के प्रति आभार प्रकट किया।


अवध मॉल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक मौजूद अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल, महानगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता व महानगर महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल व अन्य।

**हालात** टेंडर फर्म ने एनएचएआई और वन विभाग पर लगाए मिलीभगत के गंभीर आरोप, करोड़ों के राजस्व पर संकट, हाईकोर्ट जाने की तैयारी

# 84 कोसी परिक्रमा मार्ग से रातोंरात गायब हुए हजारों पेड़

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार:** रामनगरी में निर्माणाधीन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227 बी) एक नए विवाद में घिर गया है। परिक्रमा मार्ग के लिए अधिगृहित जमीन पर खड़े सैकड़ों हरे पेड़ों के रातोंरात गायब होने का मामला सामने आया है। इस पूरे प्रकरण में टेंडर लेने वाली फर्म ने एनएचएआई और वन विभाग पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान की आशंका भी बढ़ गई है।

परियोजना के तहत पांच जनपदों बस्ती, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, बाराबंकी और गोंडा से गुजरने वाले मार्ग पर किसानों की भूमि और पेड़ों का अधिग्रहण कर उनका भुगतान पहले ही किया जा रहा है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश वन निगम ने पेड़ों की कटान और उठान के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया पूरी किया है। 18 जनवरी को हुई टेंडरिंग में सफल बोलीदाताओं को निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद 11 मई तक पेड़ उठाने की समय सीमा दी गई थी। हालांकि टेंडर लेने वाली फर्म का आरोप है कि वन विभाग की ओर से अब तक एनओसी जारी नहीं की गई, जिससे पेड़ों की कटान शुरू ही नहीं हो सकी।

इस बीच अमानीगंज की गंगा ट्रेडर्स ने करीब 27 लाख रुपये जमा करने के बावजूद काम शुरू नहीं कर पाया। इसी तरह अन्य वन रेंजों में भी करोड़ों रुपये जमा होने के बावजूद पेड़ों की उठान नहीं हो सकी है। बताते चलें कि फर्म की ओर से मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में भी विभागों द्वारा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने और टालमटोल का आरोप लगाया गया है। इससे पूरे मामले में प्रशासनिक समन्वय की कमी उजागर हो रही है।


चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर काटे गए पेड़।

### 1609 में से आधे पेड़ गायब होने का दावा

गंगा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर आशुतोष सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी फर्म पिछले तीन महीने से एनओसी के लिए विभागों के चक्कर काट रही है, लेकिन जानबूझकर टालमटोल की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बीच एनएचएआई और वन विभाग की मिलीभगत से रातोंरात पोकलैंड मशीन से उखाड़कर पेड़ों को गायब कर दिया गया। उनके अनुसार 1609 पेड़ों में से लगभग आधे पेड़ मौके से गायब हैं और केवल उनकी जड़ें उखड़ी पड़ी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी फर्म हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। यही नहीं इस विषय पर अधिकारियों के जवाब में भी विरोधाभास देखने को मिल रहा है। इस मामले में जब अयोध्या के डीएफओ प्रखर गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने इसे वन निगम से जुड़ा मामला बताया, लेकिन पेड़ों के गायब होने के सवाल पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई घटना हुई है तो जांच कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उत्तर प्रदेश वन निगम के चीफ कंजरवेटर शेष नारायण मिश्र ने कहा कि जिन लोगों ने पेड़ खरीदे हैं, उन्हें निर्धारित शुल्क लेकर परमिट जारी किया जाएगा और किसी भी बाधा को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## रामलला के दर्शन करने पहुंचे फिजी के पर्यटक


अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने पर जयश्रीराम उद्घोष करते फिजी के पर्यटक। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में दर्शन करने के लिए मंगलवार को फिजी से 80 वर्ष के बुजुर्ग समेत कई पर्यटक अयोध्या पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय वाल्मीकि एयरपोर्ट से निकलते ही पवित्र धरती को छू कर प्रणाम कर जय श्री राम का उद्घोष किया। एयरपोर्ट पर उकेरी गई रामायण कालीन चित्र को देखकर भाव विभोर हुए। बोले कि हमारे पुरखे राम-राम जपते-जपते फिजी गए थे। आज उनकी आत्मा को शांति मिल गई। उन्होंने बताया कि वहां फिजी में रामलीला, रामायण पाठ 145 साल से लगातार हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय वाल्मीकि एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या में विदेशी पर्यटकों की संख्या आठ गुना बढ़ी है।

न्यूज ब्रीफ

### संकुल बैठक में नामांकन बढ़ाने पर चर्चा

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के न्याय पंचायत देवरिया की शिक्षक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय सोधिहावां में मंगलवार को दोपहर हुई। मौजूद शिक्षकों ने ''स्कूल चलो अभियान'' के तहत विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन बढ़ाने पर चर्चा की। नोडल शिक्षक अजय गुप्ता ने बच्चों की उपस्थिति और नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया। अध्यक्षता ओम प्रकाश सिंह ने व संचालन डॉ. अनिल कुमार चौरसिया ने किया। अजय कुमार द्विवेदी, विजय यादव, सरोज बिंद, हेमलता पटेल, सावन तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक उपस्थित रहे।

### जनगणना कार्य के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत गोसाईगंज में जनगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से तीन दिवसीय 20, 21 और 22 अप्रैल को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संबंधित कर्मचारी एवं गणना कर्मियों को महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर अपर सीनियर अधिकारी आलोक श्रीवास्तव, जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि पाल सिंह, नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी सीमा राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चीनी मिल में काम कर रहा श्रमिक झुलसा

**मसौधा, अमृत विचार :** चीनी मिल मसौधा के इलेक्ट्रिक पैनल में काम कर रहा श्रमिक झुलस गया। रौनाही थाना क्षेत्र के गोठवारा गांव निवासी ओम प्रकाश पांडे (48) चीनी मिल मसौधा में कर्मचारी है। वो मंगलवार को करीब चार बजे इलेक्ट्रिक पैनल में खराबी को ठीक कर रहा था। इसी दौरान इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से उठी आग में झुलस गया। चीनी मिल प्रबंधन ने शहर के नाका स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी विवेकानंद मिश्र ने बताया की लापरवाही पूर्वक कार्य के दौरान श्रमिक ओम प्रकाश पांडे इलेक्ट्रिक सर्किट से झुलस गया है, हालांकि वह खतरे से बाहर हैं। गंभीरता से उनका इलाज कराया जा रहा है।

### पंचायत चुनाव कराने की मांग

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्रधान संघ ब्लॉक इकाई बीकापुर की बैठक विकासखंड के अटल बिहारी सभागार में ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा के साथ सभी प्रधानों ने समय से चुनाव करवाने की मांग दोहराई। बैठक के बाद अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र प्रभारी खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया। संचालन प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद ने किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा, बलवंत सिंह, राकेश यादव, विजय गौड़, विमला देवी व अन्य मौजूद रहे।

### डीएसओ से सुरक्षा मुहैय्या कराने की मांग

**अयोध्या, अमृत विचार :** मां कामाख्या सुंदर श्री भारत गैस सथरी रानी बाजार के संचालक ने जिला आपूर्ति अधिकारी को पत्र लिख एजेंसी पर सुरक्षा मुहैय्या कराए जाने की मांग की है। कहा है कि स्थानीय लोग जिनका एजेंसी पर कोई कनेक्शन नहीं है, दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। लगातार एजेंसी पर दबाव बनाते हैं, 12 अप्रैल को पूराकलंदर थाने में तहरीर दी थी। वहां से आश्वासन मिला था लेकिन अब तक कोई न्यायोचित कार्रवाई नहीं हुई। एजेंसी संचालक पवन कुमार पांडेय ने जिला आपूर्ति अधिकारी से सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है।

### प्रधान के निधन पर जताया शोक

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के मानापुर निवासी वर्तमान ग्राम प्रधान राजकुमार वर्मा (58) का उपचार के दौरान मंगलवार सुबह डॉक्टर राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ में निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। वह पूरा ब्लॉक क्षेत्र के कस्तूरीपुर विल्हरघाट के मूल निवासी थे। ब्लॉक क्षेत्र के माना पुर ग्राम पंचायत में अपने ननिहाल में काफी समय से निवास कर रहे थे। इस बार दूसरी बार वह ग्राम प्रधान निर्वाचित हुए हैं। विकासखंड के अधिकारियों, कर्मचारियों व ग्राम प्रधानों ने विकासखंड पर सभा आयोजित करके शोक जताया। शोक सभा में खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह, एडीओ पंचायत अवधेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह, जिला सचिव मुकुल आनंद सहित अन्य प्रधान और जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

# विवेचक की संदिग्ध भूमिका की जांच कर कार्रवाई से अवगत कराएं

**देवचंद मर्डर मिस्ट्री में अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट तृतीय की अदालत ने एसएसपी को दिया आदेश**

**कहा-सीओ स्तर से वरिष्ठ अधिकारी से दो माह के अंदर कराएं पूरे प्रकरण की अग्रिम विवेचना**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले देवचंद को मारपीट कर घायल करने व उपचार के दौरान उसकी के मामले में एसएसपी संपूर्ण प्रकरण की अग्रिम विवेचना सीओ स्तर से वरिष्ठ अधिकारी से दो माह के अंदर कराएं। विवेचक दिवाकर पांडेय की विवेचना में संदिग्ध भूमिका की आवश्यक जांच कर उनके विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय को अवगत कराएं। यह आदेश अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट तृतीय की अदालत से मंगलवार को हुआ है।आदेश की प्रतिलिपि जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी भेजने का आदेश हुआ है।

वादी की ओर से दी गई अर्जी पर कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विवेचक ने सरसरी तौर पर विवेचना करके आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत कर दिया। मॉनिटरिंग ऑफ इन्वेस्टिगेशन में कोर्ट की ओर से दिए गए दिशा-निर्देश को भी नहीं



अदालत से

माना। मेडिकल प्रपत्रों को विवेचना में शामिल ही नहीं किया। अधिवक्ता वीरेंद्र यादव, अंकुर शुक्ला व प्रत्यूष भट्ट ने बताया कि 16 फरवरी 2025 को इनायत नगर थाना क्षेत्र के कोडा हिसामुद्दीन पुर गांव में देवचंद को लाठी-डंडे से पीट कर मरणासन्न कर दिया गया था।

मामले की रिपोर्ट राहुल कुमार यादव की ओर से आरोपी अंकित कुमार, विनय उर्फ बिन्नी व चांदनी के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। घायल का मेडिको लीगल 16 फरवरी 2025 को सीएचसी मिल्कीपुर और 17 फरवरी 2025 को जिला अस्पताल अयोध्या में हुआ। मॉनिटरिंग ऑफ इन्वेस्टिगेशन की अर्जी पर कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट, एक्स-रे रिपोर्ट व सीटी स्कैन विवेचना में शामिल करने के आदेश विवेचक को दिये थे। विवेचक ने इसका पालन नहीं किया और सरसरी तौर पर विवेचना करके आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

आरोप है कि विवेचक ने यह कृत्य आरोपियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उनसे दुरभि संधि करके किया। इस पर वादी ने निष्पक्ष विवेचना हेतु विवेचक को न्यायालय में तलब करके आदेश देने की अर्जी दी थी। आरोप लगाया था कि कोर्ट के आदेश के बाद भी विवेचक द्वारा जानबूझकर निष्पक्ष विवेचना नहीं की जा रही थी। घायल देवचंद 16 फरवरी 2025 से 23 मार्च 2026 तक बेड पर रहा और 23 मार्च को उसकी मौत कुमारगंज अस्पताल में हो गई। कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा है की घटना के तत्काल बाद घायल को जिला अस्पताल अयोध्या के लिए एक्स-रे परीक्षण हेतु 20 फरवरी 2025 को रेफर किया गया। विवेचक का यह दायित्व था कि वह बिना किसी देरी के घायल का अग्रेतर परीक्षण हेतु जिला अस्पताल ले जाए, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। विवेचक द्वारा भेजे गए आरोप पत्र तथा वादी की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य के अवलोकन से प्रतीत होता है कि विवेचक ने जानबूझकर आरोपियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरसरी तौर पर विवेचना की है। वादी मुकदमा का बयान लगभग तीन माह बाद दर्ज किया। घायल देवचंद का सीटी स्कैन नहीं कराना विवेचक की कार्य संस्कृति असंतोषजनक और आपत्तिजनक है।

### ट्रक की मरम्मत के लिए याची को 4,33,777 दे बीमा कंपनी

**अयोध्या, अमृत विचार :** सड़क पर गाय को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हुए ट्रक की मरम्मत की रकम न देने पर बीमा कंपनी को 4,33,777 रुपये क्षतिपूर्ति के तौर पर देने का आदेश स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी तथा सदस्य राजेश कुमार शुक्ला व अजीत प्रताप सिंह ने मंगलवार को दिया है। रौनाही थाना क्षेत्र के जगन्पुर निवासी अकमल का ट्रक 13 मई 2017 को सुबह जुनाबगंज से मोहनलालगंज रोड पर मैंभोला छावनी थाना बंथरा लखनऊ के पास सड़क पर गाय आ जाने के कारण उसे बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था। जिससे ट्रक व उस पर लदा हुआ सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इस वाहन का बीमा इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया गया था। ट्रक की मरम्मत प्रयाग उद्योग प्राइवेट लिमिटेड बणवीरपुर अयोध्या में कराई गई। याची ने मरम्मत के लिए 4,24,017 रुपये भुगतान किया तथा 50,000 का सामान भी बाहर से खरीदकर लगवाया। यह सभी सूचना देने के बाद भी बीमा कंपनी ने मरम्मत के लिए रुपये नहीं दिए। तब याची ने स्थाई लोक अदालत में दावा किया। सुनवाई के बाद स्थाई लोक अदालत ने 4,33,777 रुपये निर्णय की तिथि से 60 दिन के अंदर सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान करने का आदेश दिया है। बीमा कंपनी द्वारा याची को 10,000 मुकदमे का खर्चा भी देना पड़ेगा।

## वर्तमान में सबसे अच्छी मित्र किताबें : सीडीओ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पाठ्यक्रम आधारित यूपी बोर्ड की शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु अधिकृत गुणवत्ता परक एवं कम मूल्य की पुस्तकों के विषय में जागरूकता एवं सुलभ शिविर मंगलवार को राजकीय पुस्तकालय में आयोजित किया गया।

उद्घाटन मुख्य अतिथि सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पुस्तकें सबसे अच्छी मित्र हैं। सोशल मीडिया के कारण पुस्तकों से टूटी मित्रता पुनः होनी चाहिए। ऐसे पुस्तक मेले निश्चित रूप से समय-समय पर लगाते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डीआईओएस डॉ. पवन तिवारी ने प्रकाशक को निर्देश दिया कि वह जिले के सभी प्रधानाचार्यों से संपर्क करके इन पुस्तकों को विद्यालयों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आलोक तिवारी, प्रधानाचार्य परिषद के जिला मंत्री देवव्रत सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य ममता निषाद आदि उपस्थित रहे।



राजकीय पुस्तकालय में आयोजित पुस्तक मेले का अवलोकन करते मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह व डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी।

### गैर इरादतन हत्या में पत्नी को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या के एक मामले में कोर्ट ने पत्नी को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। यह आदेश अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से मंगलवार को हुआ है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्त ज्ञानेश चंद्र पांडेय व रोहित पांडेय ने बताया कि घटना रुदौली कोतवाली के टांडा सूफी गांव की है। यहां 6 मार्च 2026 को रामकिशोर व उसकी पत्नी सीमा के बीच खाना बनाने की बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जिस पर रामकिशोर ने सीमा का गला पकड़ लिया। अपना गला छुड़ाने के प्रयास में सीमा ने भी रामकिशोर का गला पकड़ लिया। जिस पर रामकिशोर अपनी पत्नी का गला छोड़कर कुछ दूर पर जाकर खांसने लगे और गिर गए। राम किशोर के गले के साथ साथ अन्य जगहों पर भी चोट आ गई। जिससे वह बेहोश हो गए परिजन उन्हें सीएचसी रुदौली ले गए यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी रिपोर्ट मृतक के भाई ने अपनी भाभी के खिलाफ दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने रामकिशोर की पत्नी सीमा की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### बारिश से गेहूं के दाने प्रभावित एफसीआइ ने दो ट्रक लौटाया

**अयोध्या, अमृत विचार:** बारिश से गेहूं के दाने की चमक प्रभावित होने का अंदेशा है। इसको लेकर यहां तहसीलों से गेहूं की सैंपलिंग कराई गई है। इस पर खाद्य आयुक्त से मार्गदर्शन मांगा गया है। इस बीच भारतीय खाद्य निगम ने खरीदे गए दो ट्रक गेहूं को वापस कर दिया है। एफसीआई से गेहूं न लेने के पीछे कारण चमक, नुकसान, सिकुड़न जैसी समस्या बताई है। सूत्रों का कहना है कि एफसीआई ने एक प्रकार से गेहूं लेने पर अघोषित रोक लगा दी है। यह रोक केंद्र से नई गाइड लाइन आने तक जारी रह सकती है। यहां पहुंचे उप निदेशक डॉ. आरके शाही ने जिले की पांचों तहसील से गेहूं की सैंपलिंग कराई है। यह सैंपलिंग अंडर रिलेक्सेशन स्कीम के लिए कराई गई है। जिससे ऐसे गेहूं की खरीद के लिए छूट मिल सके। जिला खाद्य विपणन अधिकारी धनंजय सिंह के अनुसार शासन से फार्मर रजिस्ट्री का प्रतिबंध हटा लिया गया है। अब वे किसान भी समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री क्रय एजेंसियां को कर सकेंगे। वहीं बरसात से गेहूं के दाने प्रभावित होने पर खाद्य आयुक्त से मार्गदर्शन मांगा गया है। सैंपिलंग के बाद इसे भेजा गया है। विभाग को सैंपलिंग के परिणाम का इंतजार है।जिससे किसानों को छूट का लाभ मिल सके।

## जिला अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर रिफिलिंग भवन निर्माण शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर रिफिलिंग कराने के लिए ऑक्सीजन प्लांट के बगल में भवन निर्माण शुरू कराया गया है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो अगले दो महीने में यहां सिलेंडर रिफिलिंग का कार्य शुरू हो जाएगा और अस्पताल को दोहरी चपत भी नहीं लगेगी। अमृत विचार ने इस संदर्भ में 21 जनवरी 2025 को खबर का प्रकाशन किया था। जिसमें स्पष्ट किया था कि अस्पताल प्रशासन ऑक्सीजन प्लांट के संचालन के बावजूद सिलेंडरों को बाहर से भरा रहा है। प्लांट का बिजली का बिल भरने के बावजूद व सिलेंडरों को भराने में पैसे खर्च कर रहा था। खबर का प्रकाशन होने के बाद पता चला कि प्लांट में रिफिलिंग के इंतजाम ही नहीं हैं। इसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा पत्राचार शुरू किया गया। लंबी जद्दोजहद के बाद कार्य शुरू कराया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू हो गया है। दिल्ली की कोई संस्था इसका निर्माण करा रही है। बजट इत्यादि की जानकारी नहीं है।



ऑक्सीजन प्लांट के बगल चल रहा निर्माण कार्य।

### सरकारी निशानदेही का खूंटा उखाड़ा, केस

**बारुन, अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के गौरा कुर्मियांन गांव में सरकारी निशानदेही का खूंटा उखाड़ने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई राजस्व विभाग द्वारा की गई निशानदेही के बाद हुई। पीड़ित दीनानाथ निवासी कपासी की तहरीर पर रौनाही पुलिस ने राम तीरथ और मनोज कुमार के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पीड़ित दीनानाथ ने पुलिस को बताया कि गौरा कुर्मियान स्थित उनकी गाटा संख्या 390 पर उपजिलाधिकारी सोहावल न्यायालय द्वारा धारा 116 के तहत डिक्री पारित की गई थी। इस डिक्री के बाद राजस्व टीम ने न्यायालय के आदेश पर उनकी भूमि की निशानदेही की और खूंटा गाड़कर उन्हें कब्जा दिलाया था। जिसे आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए उखाड़ दिया।

## आरसीबी ने जीती अनित सिंह मेमोरियल सीबीपीएल ट्रॉफी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** आरसीबी टीम ने कैनवस बॉल प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में एलीट स्टार को पराजित कर सीजन-4 के विजेता खिताब पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि यश पैका के प्रबंध निदेशक वेद कृष्णा, विशिष्ट अतिथि गौतम घोष व प्ले-वे मांटेसरी स्कूल के निदेशक सुप्रीत कपूर ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के मैन-ऑफ-द सिरीज ताहिर, बेस्ट बैट्समैन गौतम व बेस्ट बॉलर ध्रुव रहे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि वेद कृष्णा ने कहा कि प्रतियोगिता आयोजन खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने नवम्बर माह में जिले में बड़े स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन का आश्वासन दिया। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में फाइटर क्लब ने इश्तियाक के 16 व इमरान के 10 रनों की मदद से 48 रन बनाए। एलीट स्टार के गौतम ने चार व उत्कर्ष ने दो विकेट लिये। जवाब में एलीट स्टार ने आयुष के 26 रनों की बदौलत दो विकेट खोकर मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबले में एलीट स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गौतम के 12, कैफ के 10 रनों के सहयोग से 38 रन बनाये। आरसीबी टीम के उत्कर्ष ने दो विकेट लिया। जवाब में आरसीबी क्लब ने चार विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया और खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर सीबीपीएल निदेशक सैय्यद सुबहानी, आयोजन अध्यक्ष दीपेन्द्र श्रीवास्तव समेत अनेक वरिष्ठ खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।




सीबीपीएल-4 ट्रॉफी विजेता आरसीबी टीम मुख्य अतिथि वेद कृष्णा, विशिष्ट अतिथि गौतम घोष व सुप्रीत कपूर के साथ।



रुदौली के हरिश्चन्द्रपुर में अग्नि पीड़ितों को सहायता देते विधायक रामचंद्र यादव।

### विधायक ने अग्नि पीड़ितों को दी सहायता

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील के ग्राम पंचायत रेछ के हरिचन्द्रपुर गांव में लगी आग से चार परिवारों का आशियाना जलकर खाक हो गया। क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों दुर्योधन रावत, अनन्त राम रावत,आशाराम रावत व गुरु देई से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। विधायक ने मौके पर ही पीड़ितों को बर्तन, कपड़े, तिरपाल सहित खाद्य सामग्री वितरित की तथा आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से मिलने वाली हर संभव सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। विधायक ने कहा कि संकट की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं और उन्हें हर स्तर पर मदद दिलाई जाएगी।

### आग से सात परिवार हुए बेघर, सामान भी जला

**शाहगंज, अयोध्या। अमृत विचार:** तहसील बीकापुर सीमा पर स्थित हैरिग्टनगंज क्षेत्र के मलेथू बुजुर्ग मजरे टूंडी का पुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग से बनवारी लाल, मेवा लाल, श्याम बरन, हौसिला प्रसाद, राम सुख, राम बोध और गया नाथ समेत कई लोगों के घर व पशुशालाएं जलकर राख हो गईं। घर का सामान भी जल गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन लपटों की तीव्रता के कारण हालात काबू से बाहर हो गए। घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर सुधीर कुमार ने बताया कि राजस्व कर्मियों को मौके पर भेजा गया है। जल्द सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## पेंशनरों ने किया धरना-प्रदर्शन, भेजा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय

- उठाई आठवें वेतन आयोग में शामिल करने की मांग

**अमृत विचार:** केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के लागू होने की तिथि के पूर्व पेंशनरों की पेंशन का पुनरीक्षण सहित अन्य सुविधाएं व लाभ दिए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को पेशनरों ने कलेक्ट्रेट के दक्षिण शहीद उद्यान में धरना दिया। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि को सौंपा।

धरने में नेताओं ने कहा कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाते हुए पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाया जाए। कर्मचारियों, पेंशनरों, शिक्षकों के लिए अलग सीपीआई बनाने, न्यायालय के निर्णय के मुताबिक लंबी सेवा अवधि का लंबित वेतन है, वह नान-कन्ट्रीब्यूटरी व अनफंडेज नहीं है इसलिए ओपीएस बहाल किए जाने, पेंशनरों के राशिकरण की कटौती 10 वर्ष पर बंद किए जाने, 65 साल की आयु पूर्ण होने के बाद प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच फीसदी पेंशन की वृद्धि किए जाने, पेंशन को आयकर से मुक्त रखे जाने सहित अन्य मांगे उठाई। अध्यक्षता सनत कुमार सिंह और संचालन विकास सिंह ने किया। धरने को संरक्षक वीएन राय, उदय प्रताप सिंह, बलराम विश्वकर्मा, एके सिंह, इं.उमेश चंद्र आदि ने संबोधित किया।



जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा से वार्ता करते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

### यूरिया की बिक्री पर रोक के विरोध में भाकियू का धरना

**अयोध्या, अमृत विचार :** यूरिया की बिक्री पर रोक से नाराज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय पर धरना दिया। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि मौजूदा समय में भी किसानों द्वारा सब्जियां, उड़द, मक्का, चरी,गन्ना, की खेती की जा रही है। उनको यूरिया खाद की जरूरत है। यूरिया खाद की बिक्री पर पाबंदी किसी भी दशा में उचित नहीं है। धरना दे रहे लोगों की मानें तो जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि कोई भी जरूरतमंद किसान यूरिया खाद से वंचित नहीं रहेगा। फार्मर आईडी के साथ यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने कहा कि स्मार्ट मीटर किसानों, मजदूरों, व्यापारियों के लिए बहुत हानिकारक है। स्मार्ट मीटर को पूरी तरह से समाप्त किया जाए। प्रदर्शन में फरीद अहमद, संतोष वर्मा, रविशंकर पांडे, रामू चंद विश्वकर्मा,जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।



बीकापुर एसडीएम श्रेया को ज्ञापन सौंपते संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार

### 10 दिन में स्मार्ट मीटर हटाने की दी चेतावनी

**बीकापुर, अयोध्या।** प्रीपेड स्मार्ट विद्युत मीटरों में हो रही गड़बड़ियों और ज्यादा आ रहे बिलों को लेकर मंगलवार को उपभोक्ताओं के साथ संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने उप जिलाधिकारी श्रेया से मिलकर इसे हटवाने की मांग की। साथ में 10 दिनों के अंदर न हटाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। एसडीएम से मांग करने वालों में सूबेदार, राजकुमार, विपता, संयुक्त मोर्चा के संयोजक मायाराम वर्मा ,जनौस के प्रदेश उपाध्यक्ष शेर बहादुर शेर, बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष मोइनुद्दीन आदि शामिल रहे।

### आग से दो बीघा गेहूं जलकर राख

**बीकापुर, अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के जेरुवा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते किसान धनीराम यादव की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना सोमवार शाम की बताई जाती है। प्रधान जय नारायण ने बताया कि खेत में कुछ गेहूं की कटाई हुई थी, बाकी गेहूं काटा जाना था। इसी दौरान सोमवार शाम को अचानक आग लग गई, जिससे काफी नुकसान हुआ। ग्रामीणों द्वारा घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रधान ने बताया कि सूचना तहसील प्रशासन को दी गई है।

पत्रकार वार्ता

**आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर ने दी जानकारी, 99 .89 प्रतिशत अंकों के साथ प्रियांशु ने किया टॉप**

## जेईई मेन 2026 में 23 छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) अयोध्या के छात्रों ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के प्रियांशु श्रीवास्तव 99.89 परसेंटाइल के साथ सिटी टॉपर रहे। इस बार संस्थान के 25 छात्र-छात्राएं एडवान्स के लिए क्वालीफाई हुए हैं।

रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि इंस्टिट्यूट के अथर्व वेद त्रिपाठी ने 99.84 व विश्वास राय ने 99.52 परसेंटाइल प्राप्त किए। संस्थान के राघव निगम ने 98.21, प्रज्ज्वल तिवारी ने 97.79, वेदांशी त्रिपाठी ने 97.63 व सूर्यांश सिंह ने 97.45 परसेंटाइल हासिल किया। कहा कि जिले के छात्रों की सफलता उनकी मेहनत व आकाश के सशक्त शिक्षण वातावरण का परिणाम है, जो हर स्तर पर छात्रों के विकास में मदद करता है। उनकी लगन, निरंतर प्रयास और सुधार की भावना ने इन शानदार परिणामों को संभव बनाया है।

छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय आत्म-अनुशासन, नियमित अभ्यास, कड़ी ट्रेनिंग, समय-समय पर मिले मार्गदर्शन व नियमित मूल्यांकन को दिया। इस अवसर पर शाखा प्रमुख विजय पाठक व शिवम त्रिपाठी ने मौजूद रह सफल छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।




जेईई मेन्स में शानदार सफलता दर्ज करने वाले एईसीएल के मेधावी छात्र-छात्राएं रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्र, ब्रांच प्रमुख बिजय पाठक व शिवम त्रिपाठी के साथ। अमृत विचार

### सिद्धि ने पाई जेईई मेन्स में सफलता



**पूराबाजार, अमृत विचार :** स्थानीय निवासी पंकज कुमार गुप्ता की पुत्री सिद्धि गुप्ता ने जेईई मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र के साथ माता-पिता का नाम रोशन किया। मां शीला गुप्ता को अपना आदर्श बताया। कहा कि मां सदैव मुझे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से सफलता अर्जित की जा सकती है। स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष प्रमोद सोनी ने सिद्धि गुप्ता को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कहा कि बचपन से ही सिद्धि मेधावी छात्रा रही है। सिद्धि की इस सफलता पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने भी उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नहीं है परमानेन्ट एजुकेशन नंबर तब भी प्रवेश लें स्कूल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यदि प्रवेश लेने वाले किसी छात्र का पेन नंबर यानि परमानेन्ट एजुकेशन नंबर नहीं है तो भी अब स्कूलों को दाखिला लेना होगा। समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को इसके निर्देश अभिभावकों की समस्या और शिकायत के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद द्वारा जारी किए गए हैं। कतिपय स्कूल परमानेन्ट एजुकेशन नंबर न होने के कारण छात्रों का प्रवेश नहीं ले रहे हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चंद्र ने बताया कि कुछ

- अभिभावकों की समस्या और शिकायतों के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

अभिभावकों ने शिकायत की कि कई विद्यालय पर्मानेंट एजुकेशन नंबर या आधार आईडी के बिना छात्रों का प्रवेश नहीं ले रहे हैं। जिला प्रशासन ने इसे अनुचित माना क्योंकि कई मान्यता प्राप्त विद्यालयों को पिछले वर्षों में यू डायस कोड आवंटित नहीं हो सका था। ऐसे में उन विद्यालयों के छात्रों का पेन नंबर जनरेट नहीं हो पाया, जबकि छात्रों की इसमें कोई गलती नहीं है।अब स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी विद्यालय द्वारा पेन नंबर के अभाव में छात्र-छात्राओं का प्रवेश बाधित नहीं किया जाएगा। बीएसए लाल चंद्र ने सभी प्रधानाचार्यों से आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है।

### स्कूलों को पहले क्या करना होगा

- पहले छात्र का प्रवेश लें, उसके बाद संबंधित विद्यालय फॉर्म भरकर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें।
- सत्र 2026-27 में सभी छात्रों का पेन नंबर जनरेट करा लिया जाए।
- यदि कोई विद्यालय पेन नंबर के अभाव में प्रवेश देने में कठिनाई पैदा करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## माध्यमिक विद्यालयों में कमजोर बच्चों के लिए अब होंगे ट्यूटर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अब विद्यालयों में ट्यूटर नियुक्त किए जाएंगे। विद्यालयों में ट्यूटर की नियुक्ति द हंस फाउंडेशन की ओर से की जाएगी। ट्यूटर का मासिक भुगतान संस्था की ओर से किया जाएगा। ट्यूटर के माध्यम से छात्रों को विषयवार पढ़ाई में सुधार आने की उम्मीद है। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यह व्यवस्था बनाई जा रही है। जो कमजोर बच्चे होंगे उन्हें ट्यूटर की सुविधा दी जाएगी। फाउंडेशन की परियोजना समन्वयक संगीता देवी ने जिले के माध्यमिक विद्यालयों में सर्वे

- पहले चरण में 45 से अधिक कॉलेजों में विभाग की ओर से किये जाएंगे नियुक्त

कराया। कुल 45 माध्यमिक विद्यालयों में गणित व विज्ञान के 50 ट्यूटर तैनात किए जाएंगे। शिक्षकों का मानना है कि ट्यूटर के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि व्यवस्था शीघ्र की जा रही है ताकि वर्तमान सत्र में ही बच्चों को इसका लाभ मिले। चयन की प्रक्रिया संस्थान और विभाग संयुक्त रूप से करेगा।

## बेनीपुर कांड को लेकर आक्रोशित समाजेसवी को जाने से रोका

हैदरगंज, अयोध्या।



पत्रकारों से बातचीत करते समाजसेवी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** हम जातिवादी नहीं मानवतावादी हैं। सभी मानव एक समान है। इसलिए किसी भी जाति धर्म के लोगों के ऊपर अत्याचार नहीं सहन करेंगे। उक्त बातें थाना क्षेत्र हैदरगंज के दुबौली निवासी समाजसेवी उपेंद्र दूबे उर्फ झिंगूरी दूबे ने बेनीपुर कांड को लेकर कही।

उन्होंने बताया कि कोतवाली क्षेत्र बीकापुर के बेनीपुर गांव में गत दिवस हुई दलित समाज के लोगों के घरों के जलने के मामले में ब्राह्मणों के ऊपर दर्ज मुकदमे में उन्हें न्याय दिलाने को लेकर मंगलवार को बेनीपुर गांव पहुंचने का ऐलान किया था। वहां की परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने उन्हें समझा बुझा कर ब्रह्म बाबा चौराहा पर रोक लिया। कोतवाल संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस के उच्चाधिकारियों से उपेंद्र की वार्ता कराते हुए उनकी मांगों को पहुंचाने का काम किया गया।

### एक जून से फार्मर आईडी होगा अनिवार्य

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने बताया कि एक जून से सिर्फ उन्हीं किसानों को खाद मिलेगा जिनके पास फार्मर आईडी होगी। जनपद में यूरिया की 14 हजार 772 मीट्रिक टन, डीएपी की 4 हजार 187 मीट्रिक टन, एनपीके की 3 हजार 015 मीट्रिक टन, एसएसपी की 13 हजार 786 मीट्रिक टन और एमओपी की 153 मीट्रिक टन उपलब्धता दर्ज की गई है। वितरण करते समय रजिस्टर में यह उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि उर्वरक किस फसल के लिए खरीदा जा रहा है। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक गुरप-ए द्वारा साधन सहकारी समिति सिझौली, जमुनीपुर, लोधीपुर, अशरफपुर पचाउख, अशरफपुर बरवां, हैदराबाद और आईएफएफडीसी का निरीक्षण किया। जिला कृषि अधिकारी ने सहकारी संघ जलालपुर, अविनाश खाद भंडार पट्टी चौराहा और वर्मा फर्टिलाइजर्स एंड सेल्सए कन्नूपुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर साधन सहकारी समिति अशरपुपुर पचाउख को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



एडीओ कोऑपरेटिव को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय प्रधान संघ के पदाधिकारी।

## प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार:** ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय प्रधान संघ के बैनर तले अमानीगंज ब्लॉक के प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ को-ऑपरेटिव लल्लन खां को सौंपा। प्रधानों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए, ताकि ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्य प्रभावित न हों और योजनाओं की निरंतरता बनी रहे। ब्लॉक अध्यक्ष पवन पांडे के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान गया प्रसाद, राजित राम, अजय कुमार सिंह, जुबेदा खातून, देवीदीन समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### नगर पंचायत के मनोनीत सभासदों को दिलाई शपथ

**सोहावल, अमृत विचार:** नगर पंचायत खिरौनी कार्यालय में मंगलवार को मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी व सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव की मौजूदगी में एसडीएम सोहावल सविता देवी ने मनोनीत सभासद आशीष कुमार तिवारी, राम औतार यादव को शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव, चेयरमैन रेशमा भारती,पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, माला अरविन्द रावत, सभासद अंकुर, सिराज अहमद सहित भाजपा कार्यकर्ता सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

## पानी संस्थान व मेथोडिस्ट टीम बनी विजेता

**अयोध्या, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के तत्वाधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में मंगलवार को आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया व महिला लीग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में पानी संस्थान तारुन की टीम ने विजेता व पानी संस्थान ननशा की टीम उपविजेता रही। टेबल टेनिस में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की टीम विजेता व स्पोर्ट्स स्टेडियम डाभासेमर की टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी व उपाध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ रूही पाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कबड्डी लीग में छह टीम व टेबल टेनिस में चार टीमों ने हिस्सा लिया। लीग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली टीम विजेता व कम अंक प्राप्त करने वाली टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता आयोजन सचिव प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को बढ़ावा व ग्रामीण प्रतिभा को निखार कर भारत सरकार की खेल योजना को साकार बनाना है। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को टी-शर्ट, मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मंडलीय कीड़ा सचिव धर्मेंद्र सिंह, जिला क्रीड़ा सचिव अभिषेक सिंह, लाल शुक्ला, आदित्य, बिंदु आदि खेल प्रेमी उपस्थित रहे।




अस्मिता खेलो इंडिया की विजेता टीम मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता करुणाकर पांडेय के साथ।

## दो वाहनों की टक्कर में एक की मौत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में बारातियों से भरी अर्टिगा कार तेज रफ्तार एसयूवी से टकरा गई। हादसे में कार में सवार एक बाराती की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

सभी बाराती देर रात कार से अपने गांव की ओर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही एसयूवी से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों कारों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अंदर बैठे लोग बुरी तरह कुचल गए। दोनों कारों में सवार कुल 9 लोग गंभीर घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक बाराती को मृत घोषित कर दिया। घटना जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र का है। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के करमपुर बरसवा निवासी विभु पांडेय अपने साथियों मोहम्मद समीर, प्रशांत तिवारी, प्रिंस कन्नौजिया, दिव्यांश तिवारी, रजनीकांत पांडेय और अंकित उपाध्याय के साथ किराए की अर्टिगा कार से एक दोस्त की शादी में गए थे। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के मेवाडिया हजपुरा से बरात से देर रात लौट रहे थे। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर-बसखारी रोड पर बारियावन बाजार के पास पहुंचे थे, तभी रात को सामने से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूवी से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद अर्टिगा पलट गई और उसमें सवार सभी बाराती अंदर ही फंस गए। एक्सयूवी भी एक गड्ढे में पलट गई। दोनों कारों के अगले हिस्से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों कारों में सवार कुल नो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।

- दोनों कारें पलटीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### सीओ बोले

सीओ सदर नीतीश तिवारी ने बताया कि हादसे में नौ लोग घायल हुए थे, जिनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों कारों को कब्जे में ले लिया है। घायलों का ट्रामा सेंटर में इलाज जारी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के भुजगी गांव निवासी राज तिवारी (18) पुत्र मधुसूदन तिवारी सोमवार रात करीब 9 बजे जलालपुर से बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह नेवादा के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## डीएसओ व एजेंसी प्रबंधक को नोटिस, 28 को पेशी का आदेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत और उपभोक्ताओं की अनदेखी का मामला अब उपभोक्ता फोरम पहुंच गया है। न्यायालय ने बुकिंग के बावजूद सिलेंडर न देने के मामले को गंभीरता से लिया है।

जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) शिवाकांत पांडेय और गैस एजेंसी प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें 28 अप्रैल को अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया गया है। मालीपुर निवासी ईश्वरचंद्र यादव ने 16 अप्रैल को उपभोक्ता न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उनका गैस कनेक्शन जलालपुर स्थित श्रीनरसिंह भारत गैस एजेंसी में है। शिकायतकर्ता ने 13 मार्च को गैस सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन उन्हें लंबे समय तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं मिली। पीड़ित ने इस संबंध में एजेंसी प्रबंधक से शिकायत की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। खाद्य एवं रसद विभाग ने भी एजेंसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। इसके बाद ईश्वरचंद्र यादव ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत न्यायालय का रुख किया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष गंगाराम ने डीएसओ शिवाकांत पांडेय और एजेंसी प्रबंधक को तलब किया है।

### श्रमिकों के लिए कलेक्ट्रेट में शिकायत कक्ष स्थापित

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु ने जनपद के समस्त श्रमिकों, संविदा कर्मियों, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों एवं निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को सूचित किया है कि सेवा अथवा मजदूरी से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट में कक्ष संख्या .19 में शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 05271-244386 जारी किया गया है। संबंधित कर्मचारी इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिससे उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा सके।

### जांच अधिकारी ने दाल का नमूना जांच को भेजा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के जलालपुर स्थित सरदार पटेल पीजी कॉलेज में आगामी जनगणना की तैयारियों के तहत सुपरवाइजरों और प्रभारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्थाओं में खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पकोड़े, समोसे जैसे खुले में तैयार किए गए खाद्य पदार्थों का वितरण न किया जाए। इसके बजाय केवल पैकेटबंद या दोना-पत्तल में सुरक्षित रूप से परोसी गई खाद्य सामग्री ही उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान ब्रेड, पकोड़ा, दाल, चावल और अचार जैसे विभिन्न खाद्य पदार्थों का भौतिक परीक्षण किया गया। इनकी गुणवत्ता, स्वच्छता और भंडारण की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। इस प्रक्रिया में दाल का एक नमूना संग्रहित कर उसे परीक्षण के लिए खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट मिलने के बाद यदि किसी भी प्रकार की मिलावट या निर्धारित मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मानक के अनुरूप बनाएं मूलभूत सुविधाएं : खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर लेखपाल धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल पर स्वच्छता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मानक अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के लिए सभी तैयारियां सुदृढ़ और व्यवस्थित हों।

### छात्रों को मुफ्त एआई ऑनलाइन प्रशिक्षण

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल किया है। नए शैक्षिक सत्र 2026-27 से यह विद्यार्थी मुफ्त ऑनलाइन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई कोर्स कर सकेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीक से जोडऩा और उनके भविष्य के लिए तैयार करना है। यह निशुल्क ऑनलाइन एआई अवेयरनेस प्रोग्राम 15 अप्रैल से शुरू होगा। जिसमें शामिल होने के इच्छुक छात्रों को 9 अप्रैल तक अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इस कोर्स के तहत विद्यार्थियों को कुल 20 घंटे का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सफलतापूर्वक कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को एक आधिकारिक प्रमाणपत्र भी मिलेगा, जो उनके कौशल को प्रमाणित करेगा। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। जनपद में कुल 305 इंटरमीडिएट विद्यालय हैं, जिनमें 65 हजार 701 विद्यार्थी पंजीकृत हैं, जो इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने सभी प्रधानाचार्यों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह कोर्स न केवल छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि करेगा, बल्कि उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी आईटी, इंजीनियरिंग और अन्य तकनीकी क्षेत्रों में एक मजबूत करियर नींव बनाने में भी मदद करेगा। यह पहल छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### पराली की आग से मकोईयां विद्युत उपकेंद्र में हड़कंप

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मंगलवार को बसखारी थाना क्षेत्र के बजदहिया पाईपुर गांव में खेत में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते मकोईयां विद्युत उपकेंद्र परिसर तक पहुंच गई। आग की लपटों ने बिजली घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि दोपहर के समय गेहूं की पराली जलने से उठी आग तेज हवा के चलते तेजी से फैलती हुई उपकेंद्र परिसर में पहुंच गई और वहां मौजूद झाड़ियों ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। उपकेंद्र अधिकारी कुमार अनिकेत ने तत्काल स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टांडा से आने वाली मुख्य विद्युत आपूर्ति को बंद करवाया और उच्च अधिकारियों, पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व अन्य कर्मी भी मौजूद रहे और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। इस दौरान आग धीरे-धीरे आवासीय परिसर की ओर बढ़ रही थी और पास स्थित फीडर तक पहुंचने का खतरा बढ़ गया था। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

### टैंकर की चपेट में आने से जनसेवा संचालक की मौत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र के कुड़ी बरामद तिराहे के पास एक सडक़ हादसे में जनसेवा केंद्र संचालक की मौत हो गई। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि महरुआ थाना क्षेत्र के सारंगपुर निवासी 24 वर्षीय सतीश यादव उर्फ हनुमान पुत्र राजकुमार यादव मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे अपनी बाइक से बरामदपुर जा रहे थे। कुड़ी बरामदपुर तिराहे पर पहुंचने पर महरुआ की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार टैंकर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सतीश के सिर में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर घायल सतीश को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सतीश यादव को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

### एक जनपद एक उत्पाद योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी वित्तपोषण सहायता योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कपड़ा उत्पाद उद्योग सेवा एवं व्यवसाय के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत अधिकतम 150 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। योजना के तहत विभिन्न परियोजना लागत के अनुसार मार्जिन मनी सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। 25 लाख रुपए तक की परियोजना पर 25 प्रतिशत या अधिकतम 6.25 लाख रुपए की सब्सिडी मिलेगी। 25 लाख से 50 लाख रुपए तक की परियोजना पर 6.25 लाख रुपये अथवा परियोजना लागत का 20 प्रतिशत दिया जाएगा। वहीं 50 लाख से 150 लाख रुपए तक की परियोजनाओं पर 6.25 लाख रुपए या परियोजना लागत का 10 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में देय होगा। 150 लाख रुपए से अधिक की परियोजनाओं के लिए परियोजना लागत का 10 प्रतिशत या अधिकतम 20 लाख रुपए मार्जिन मनी के रूप में प्रदान किया जाएगा।

## बालिकाओं को किया गया जागरूकता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति के तहत व्यापक जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमों एवं पुलिस बल द्वारा विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना हंसवर क्षेत्र के महात्मा गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज सिंहपुर गोहिला में बालिकाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थाना बेवाना पुलिस टीम ने मोमिनपुर रोड और प्राथमिक विद्यालय मुसैटपुर में छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। वहीं थाना कटका क्षेत्र के राम लखन मौर्य पब्लिक स्कूल में बालिकाओं को सरकारी योजनाओं और महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थाना जैतपुर पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को 1090, 181, 112, 102, 108, 1098, 1930 और 101 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया। वहीं थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के केदारनगर बाजार और बदरुद्दीनपुर में एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं को सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।



छात्राओं को पंफलेट वितरित कर जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी।

**लापरवाही** — जलालपुर में हाईटेंशन तार और ट्रांसफार्मर छात्रों के लिए बने जोखिम, डर के बीच पढ़ाई कर रहे बच्चे

## हाईटेंशन तारों की चपेट में जिले के 29 परिषदीय विद्यालय

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बरसात और आंधी-तूफान के बीच जलालपुर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में पढने वाले नौनिहालों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। विद्यालय परिसरों के ऊपर और आसपास से गुजर रहे हाईटेंशन बिजली के तार और ट्रांसफार्मर कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। क्षेत्र के 29 से अधिक विद्यालय इस गंभीर खतरे की जद में हैं, जहां करीब तीन हजार से ज्यादा बच्चे पढ़ाई करते हैं।

स्थिति यह है कि कहीं विद्यालय परिसर के भीतर ही ट्रांसफार्मर लगे हैं तो कहीं स्कूल भवन के ऊपर से 11 हजार वोल्ट क्षमता वाले तार गुजर रहे हैं। आंधी-तूफान के दौरान कई बार तार टूटकर गिर भी चुके हैं, लेकिन गनीमत रही कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग इस ओर गंभीर नहीं दिख रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर पावर कारपोरेशन और बेसिक शिक्षा विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। बिजली विभाग ट्रांसफार्मर और तार हटाने में आर्थिक समस्या बता रहा है, वहीं शिक्षा विभाग अधिकारियों को पत्राचार की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आ रहा है। अभिभावक राधेश्याम, अनिल कुमार, आकाश, प्रदीप कुमार, जयंत, विमल कुमार, राजकुमार, धर्मेंद्र समेत अन्य लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि बारिश और तेज हवाओं के चलते कभी भी तार टूटकर गिर सकते हैं, जिससे उनके बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है।



विद्यालय के ऊपर से गुजररहा हाईटेंशन बिजली का तार।

### यहां है ज्यादा खतरा

प्राथमिक विद्यालय रामपुर दुबे, करमिसिरपुर, कटघर मूसा, धवरूआ द्वितीय, श्यामपुर दरियापुर, सलाहुद्दीनपुर, उसरहा, जीवत, अहियापुर, बसिया, बरौली आशानंदपुर, जाफरपुर, कुसुमखोर, खालिसपुर भटौली, भदोही, कादीपुर, कबूलपुर, पटौहा गानेपुर, मुरवाह, शेखुपुर, भिटौरा उत्तर समेत कई विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजर रहे हैं। कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर स्कूल परिसर से सटे हुए हैं, जो बच्चों के लिए और भी खतरनाक स्थिति पैदा कर रहे हैं।

### बीईओ बोलीं

खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने बताया कि जिन विद्यालयों के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं, उनकी सूची तैयार कर बेसिक शिक्षा विभाग को भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई संबंधित विभाग द्वारा की जाएगी।

### गेहूं के खेत में लगी आग, 17 बिस्वा फसल जलकर राख

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विकास खंड भियांव के ग्राम सभा जल्दीपुर व विशम्भपुर गांव के बीच मंगलवार को गेहूं के खेतों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में किसान सभाजीत व सुनील मौर्य की लगभग 17 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। आग ने देखते ही देखते आसपास के कटे हुए खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तेज हवा के चलते आग के आबादी की ओर फैलने की आशंका से ग्रामीणों में भय का माहौल रहा। आग को रोकने के लिए ग्रामीणों ने खेतों की जुताई कर आग की लपटों को आगे बढने से रोकने का प्रयास किया। घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# युवक की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

## पुरानी रंजिश में सोमवार की सुबह विपक्षियों के हमले में हुआ था घायल, अयोध्या के अस्पताल में तोड़ा दम

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय थाना क्षेत्र के टड़रसा गांव में सोमवार सुबह हुई मारपीट की घटना ने मंगलवार को दर्दनाक मोड़ ले लिया, जब गंभीर रूप से घायल युवक सिकंदर की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

मामले में मृतक की मां कांति देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि सोमवार सुबह वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थीं, तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही गजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, श्याम सिंह और बलिराम सिंह लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची बेटी आरती को भी पीटा गया और उसके साथ अभद्रता करते हुए कपड़े फाड़ दिए गए। शोर सुनकर पहुंचे बेटे भूपेंद्र सिंह और सिकंदर सिंह को भी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा। इस दौरान पड़ोस की एक महिला, जो बीच-बचाव के लिए आई थी, उसे भी नहीं बख्शा गया। गंभीर रूप से घायल सिकंदर को एंबुलेंस से सीएचसी बल्दीराय ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उसे अयोध्या के एक अस्पताल ले गए, जहां मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में मातम छा गया। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पहले से दर्ज मुकदमे में धारा बढ़ा दी गई है। शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।



सिकंदर सिंह की फाइल फोटो।

### घर का सहारा छिना, दो मासूमों के सिर से उठ गया पिता का साया

बल्दीराय के टड़रसा गांव में हुई मारपीट की घटना में जान गंवाने वाले सिकंदर सिंह की मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। तीन भाइयों में सबसे बड़े सिकंदर ही परिवार का मुख्य सहारा थे। पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी, ऐसे में घर की सारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए सिकंदर अहमदाबाद में रहकर मेहनत-मजदूरी करते थे। महज 15 दिन पहले ही वह गांव आए थे और दोबारा काम पर लौटने की तैयारी में थे, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। सिकंदर की मौत से मां कांति देवी, छोटे भाई कप्तान सिंह और भूपेंद्र सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी नीतू सिंह बेसुध हो जा रही हैं, वहीं 12 वर्षीय पुत्र प्रशांक और आठ वर्षीय पुत्री इच्छा के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया।

## न्यूज ब्रीफ

### कल्यानपुर गोलीकांड में रितिक की जमानत मंजूर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कल्यानपुर गोलीकांड मामले में अखंड नगर थाने में दर्ज जानलेवा हमला समेत अन्य आरोपों में आजमगढ़ जिले के थानाक्षेत्र जहानागंज के मिन्टूपुर निवासी जेल में निरुद्ध आरोपित रितिक राय की जमानत सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा की दलीलों को सुनने के बाद राहत देते हुए मंजूर कर ली है। वादी जिलाजीत यादव ने बीती 15 मार्च को कल्यानपुर गांव में जानलेवा हमला व फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत, कोहराम

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के शैलखा गांव निवासी नाजरीन (38) की मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वह अपने पति आफताब के साथ बाइक से ससुराल आलमडीह (अंबेडकर नगर) से अपने घर लौट रही थीं। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर खालिसपुर दुर्गा गांव के पास बाइक गड्ढे में जाने से अनियंत्रित हो गई, जिससे पीछे बैठी नाजरीन उछलकर सड़क पर गिर पड़ीं और सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद उन्हें तत्काल सीएचसी दोस्तपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एसपी ने बढ़ाया रिक्रूट्स का उत्साह

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों के सम्मान में 'बड़ा खाना' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी चारू निगम ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान उन्होंने रिक्रूट्स को संबोधित करते हुए अनुशासन, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन करने की सीख दी। कार्यक्रम में एसपी चारू निगम ने रिक्रूट्स के साथ बैठकर भोजन भी किया, जिससे उनके बीच आत्मीयता और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान एएसपी, एसडीएम, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। एसपी ने सभी रिक्रूट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें देश सेवा के पथ पर समर्पित भाव से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। 'बड़ा खाना' कार्यक्रम को पुलिस विभाग में सकारात्मक कार्यसंस्कृति और पारिवारिक वातावरण को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय पहल माना जा रहा है।

# तीन बच्चों की मां का संदिग्ध हालातों में लटकता मिला शव

- परिवार में कोहराम तो गांव में पसरा मातम, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कूरेभार थाना क्षेत्र के ममरखा गांव में एक 45 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका की पहचान राम पेयरे वर्मा की पत्नी छोटका के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार सोमवार देर रात करीब 10 बजे वह घर के कच्चे हिस्से में गईं, जहां बांस की बल्ली के सहारे साड़ी से फंदा बनाकर उन्होंने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने जब उनका शव फंदे से लटकता देखा तो चीख-पुकार मच गई। सूचना पर थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। परिजनों से पूछताछ जारी है ताकि घटना के पीछे के कारण स्पष्ट हो सकें। मृतका अपने पीछे तीन अविवाहित पुत्र लवकुश, लवकेश और राजू को छोड़ गई हैं। मां की असमय मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।

# ग्रामसभा की जमीन पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई, बेदखली का आदेश

- वसूले जायेंगे 6.55 लाख रुपए

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** तहसील सदर के ग्राम गोराबारिक स्थित ग्रामसभा की भूमि पर अवैध कब्जा करने के मामले में तहसीलदार न्यायिक ने सख्त रुख अपनाते हुए कब्जाधारियों को बेदखल करने का आदेश जारी किया है। साथ ही उन पर 6.55 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति भी आरोपित की गई है।उक्त कारवाई क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर की गई। रिपोर्ट में बताया गया कि गाटा संख्या 2081/2/0.11580 हेक्टेयर भूमि, जो ग्राम सभा की अन्य कृषि योग्य बंजर भूमि है, पर मो० अम्मार, मोहम्मद समरैन, मो० आलम एवं आबिद अली द्वारा मकान आदि बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया है।न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बावजूद विपक्षी उपस्थित नहीं हुए और न ही कोई आपत्ति प्रस्तुत की। इसके बाद न्यायालय ने एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जा सिद्ध मानते हुए सभी कब्जाधारियों को बेदखल करने का आदेश पारित किया।तहसीलदार न्यायिक बृजेश कुमार सिंह ने राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बेदखली की कार्रवाई सुनिश्चित करें ।

### कोर्ट ने केस दर्ज करने का दिया आदेश

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में थाना रामगंज पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। यह आदेश अमेठी के ग्राम छीड़ा निवासी सुनीता की ओर से अधिवक्ता शेख नजर अहमद द्वारा दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद पारित हुआ। आरोप है कि 3 मार्च 2026 को पुरानी रंजिश में तीन लोगों ने सुनीता के पति पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### तार जोड़ने के विवाद में हमले के आरोपी को जमानत

बिजली के खम्भे में तार जोड़ने को लेकर हुए विवाद में मारपीट के आरोपी सौरभ यादव को अदालत से राहत मिल गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। मामला थाना चांदा क्षेत्र के ग्राम गरीबपुर देवाढ़ का है, जहां 6 अप्रैल 2026 की रात करीब 9रू15 बजे तार जोड़ने के विवाद को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट की घटना हुई थी। आरोप है कि सौरभ यादव सहित अन्य लोगों ने वादी के बेटे अनुज यादव पर लोहे के पाइप व डंडों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान आरोपी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने तर्क दिया कि अभियुक्त निर्दोष है और उसे झूठा फंसाया गया है। साथ ही अभियोजन के कथानक पर भी सवाल उठाए गए।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने आरोपी सौरभ यादव की जमानत मंजूर कर ली।

### 84 प्रतिबंधित मुनिया पक्षी बरामद न्यायालय ने पुनर्वास की दी अनुमति

**संवाददाता, सुलतानपुर :** वन विभाग अमेठी की कार्रवाई में 84 अदद ब्लैक थ्रोटेड मुनिया पक्षी बरामद किए जाने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की कोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। कोर्ट ने बरामद पक्षियों को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ने के लिए वन विभाग को विधिक प्रक्रिया के तहत अनुमति प्रदान कर दी है। मामले के अनुसार, दिनांक 18 अप्रैल 2026 को अमेठी रेंज के अंतर्गत वन विभाग की टीम ने सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए मुंशीगंज थाना क्षेत्र के सराय खेमा निवासी आरोपी आसिफ के कब्जे से पिंजरे में अवरुद्ध की गई 84 प्रतिबंधित ब्लैक थ्रोटेड मुनिया पक्षी बरामद किए। इस संबंध में वन विभाग में केस पंजीकृत किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। वन विभाग के अधिवक्ता एमपी त्रिपाठी ने बताया कि बरामद पक्षियों को विभागीय अभिरक्षा में लेकर उन्हें सुरक्षित रखा गया था और उनके पुनर्वास के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी गई थी। कोर्ट ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत क्षेत्रीय वन अधिकारी, अमेठी रेंज को निर्देशित किया कि पक्षियों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उन्हें विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाए। साथ ही इस कार्रवाई की सूचना कोर्ट को भी देने के निर्देश दिए है।

# एयर स्ट्रिप पर आज कलाबाजी दिखाएंगे फाइटर जेट

- पूर्वांचल एयर स्ट्रीप पर वायुसेना का मेगा शक्ति प्रदर्शन

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आज फिर से देश की रक्षा शक्ति का भव्य मंच बनने जा रहा है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अरवल कीरी-करवत के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के एयर स्ट्रीप पर भारतीय वायुसेना तीसरी बार युद्धाभ्यास करेगी, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को 8 फाइटर जेट्स के पहुंचते ही माहौल पूरी तरह सैन्य रंग में रंग गया है। इस मेगा एयर शो में सुखोई, मिराज, राफेल, जगुआर और तेजस जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। 'टच एंड गो' अभ्यास इस बार का सबसे बड़ा आकर्षण रहेगा, जिसमें विमान रनवे को छूते ही रफ्तार पकड़ते हुए आसमान में उड़ान भरेंगे। गौरतलब है कि इस हवाई पट्टी का उद्घाटन नरेंद्र मोदी ने 2021 में किया था, जो आपात स्थिति में एयरफोर्स के लिए बेहद अहम साबित होगी। सुरक्षा के मद्देनजर एक्सप्रेस-वे पर यातायात एक मई तक डायवर्ट किया गया है। पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है। इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### आग की भेंट चढ़ी गेहूं की फसल और भूसा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बसायकपुर गांव के पास मंगलवार दोपहर अचानक बांस की झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों तक फैल गई। आग की चपेट में आकर गांव निवासी राम जनम, राम सिंगार, अमरनाथ और राम अवतार की करीब 12 बिस्वा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। वहीं मड़ाई के बाद खेत में रखा अशोक का भूसा भी आग में जल गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजने की बात कही।

### शादी में गए परिवार के घर में लाखों की चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने गए परिवार के घर में चोरों ने धावा बोलकर नकदी व आभूषण पार कर दिए। नरायनपारा मोड़ निवासी अभिषेक जायसवाल 20 अप्रैल को अपने घर में ताला बंद कर पूरे परिवार के साथ भतीजे की शादी में गए थे। मंगलवार सुबह लौटने पर घर का मुख्य गेट बंद मिला, लेकिन अंदर का नजारा देखकर वे हैरान रह गए। सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे और अलमारी खुली पड़ी थी। पीड़ित के अनुसार चोर लैपटॉप, करीब 50 हजार रुपये नकद तथा ढाई तोले का मंगलसूत्र, एक तोले की चैन, अंगूठियां व अन्य जेवर समेत हजारों की संपत्ति ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 108 सहायिकाओं के पदों को हुआ दस्तावेज सत्यापन

**संवाददाता, सुलतानपुर अमृत विचार :** विकास भवन स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को बल्दीराय बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 108 पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्यापन के दौरान शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का मिलान किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि भर्ती में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। अधिकारियों की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से पूरा सत्यापन कार्य संपन्न हुआ। अब अंतिम चयन सूची तैयार करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

**आवश्यकता है-**

**पं० राम चरित्र मिश्र महाविद्यालय पड़ेला कादीपुर सुलतानपुर** में स्नातक स्तर पर बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता 7 पद प्रत्येक ।

**योग्यता एवं वेतनमान** विश्विद्यालय एवं यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर दो रंगीन फोटो व शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रति महाविद्यालय कार्यालय में प्रेषित करें।

प्रबन्धक –
**डा0 श्रवण मिश्र**
मो0–9415879178 , 9454193729

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हैंधनाखुर्द गांव में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व मंगलवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों और युवतियों की सहभागिता से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जबरगंज शिवाला पहुंची, जहां भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद श्रद्धालु मां काली मंदिर पहुंचे, जहां जल भरकर पुनः कथा स्थल पर लौटकर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजनों और संगीत की धुन पर झूमते नजर आए। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर यात्रा की शोभा बढ़ाई। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सुशीला पांडेय एवं विष्णुदत्त पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। अब गांव में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में दरोगा की वर्चुअल गवाही दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बहुचर्चित संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव हत्याकांड में मंगलवार दरोगा अमर सिंह जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोर्ट में हाजिर हुए जिनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुरेश चन्द्र तिवारी ने जिरह की। एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया अदालत ने बचाव पक्ष की अर्जी पर दरोगा अमर सिंह को दोबारा गवाही के लिए तलब किया था। मामले में आरोपियो जलालुद्दीन, मोइनुद्दीन, वशीर खान व हरिफूल शुक्ल के बयान के लिए कोर्ट ने 28 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है ।जबकि शेष अन्य आरोपियो के बयान दर्ज हो चुके है। मामला अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई दोहरे हत्याकांड से जुड़ा है। मामले में जलालुद्दीन सहित 13 आरोपितों पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में विचारण चल रहा है

# नवागंतुक डीएम ने संभाला कार्यभार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आईएएस अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को जिलाधिकारी पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। जिला कोषागार में पदभार संभालने के बाद अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए सख्ती के संकेत दिए।

नवागंतुक डीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले में प्रभावी ढंग से लागू कराया जाएगा। उन्होंने पूर्व जिलाधिकारी से मुलाकात कर उनके द्वारा शुरू की गई विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही परियोजनाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आई जी आर एस पोर्टल और अन्य माध्यमों से आने वाली शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से हल किया जाएगा। राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके। मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए अधिकारियों को समय से कार्यालय पहुंचने व कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान सीडीओ विनय कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह समेत कई अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

- बोले- जनता की समस्या प्राथमिकता तो भ्रष्टाचार पर सख्ती



नवागंतुक जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह। ● अमृत विचार

**फूटा गुस्सा** | समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन कर सीओ सिटी को सौंपा ज्ञापन, उठाई जांच की मांग

# भाजपा विधायक की बयानबाजी से सियासी घमासान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भाजपा विधायक राजेश गौतम के कथित बयान को लेकर जिले की राजनीति गरमा गई है। अंबेडकर जयंती पर दिए गए बयान के विरोध में समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को प्रदर्शन कर सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपा।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहज़ाद के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विधायक ने एक कार्यक्रम के दौरान विशेष समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह बयान सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को प्रभावित कर सकता है। ज्ञापन में सपा ने मामले की निष्पक्ष जांच, बयान आपत्तिजनक पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। मोहम्मद शहज़ाद ने विधायक पर विभाजनकारी राजनीति का आरोप लगाते हुए उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाए। प्रदर्शन में कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मांगें न मानी गईं तो अनिश्चितकालीन आंदोलन की दी चेतावनी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के बैनर तले कुड़वार विकास खंड के ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। जिला अध्यक्ष उमेश चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में प्रान्तीय कार्यकारिणी के आह्वान पर 16 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक कलमबंद हड़ताल जारी है। हड़ताल के संबंध में बीडीओ कुड़वार नीलिमा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो सभी ग्राम रोजगार सेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) वसीम खान एवं जिला विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन में अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है। इस दौरान जिला महामंत्री रामकेवल गौतम, कोषाध्यक्ष इरफान खान, संजय शर्मा, अरविंद दुबे, गिरीश तिवारी, महफूज अहमद, देवानंद, केशकुमारी, समरजीत पाल, रानकरन सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### यातायात व्यवस्था में सहयोगी बने रोवर्स रेंजर्स कैडेट्स

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रोवर्स-रेंजर्स कैडेट्स शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यातायात पुलिस के सहयोग से छात्र-छात्राएं पिछले एक सप्ताह से विभिन्न चौराहों पर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। रेंजर प्रभारी डॉ. वीना सिंह ने बताया कि ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम निरंजन के निर्देशन में कैडेट्स हेलमेट जागरूकता रैली, सड़क सुरक्षा अभियान एवं नियमों के पालन के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। रोवर्स प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के अनुसार टीम का नेतृत्व मीना मौर्या कर रही हैं, जिनके साथ सेजल, सगुन, शिवानी, शालिनी, सुशील, शोभित, रानी, नयना सिंह और सुशांत जैसे छात्र-छात्राएं जुड़े हैं।

**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम सफीक Safeeq पुत्र नफीस, पता– ग्राम गांधी नगर सिकंदरा कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम सफीक Safeeq पुत्र नफीस को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। सफीक Safeeq पुत्र नफीस निवासी गांधी नगर सिकंदरा कानपुर देहात।

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान पता ग्राम बारा कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान निवासी बारा कानपुर देहात।

**सूचना**

मैं रशीद अहमद (RASHEED AHMED) पुत्र स्व0 रफीक अहमद (RAFIQ AHMED), निवासी 109, गढ़ी जिन्दौर, परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ, उ0प्र0, मेरे डी0एल0 पर मेरा नाम रशीद अहमद सिद्दीकी (RASHEED AHMAD SIDDIQUIE) लिख गया है। जबकि आधार कार्ड पर रशीद अहमद (RASHEED AHMED) लिखा है जो क सही व सत्य है। मैं दो नामों से जाना–व पहचाना जाता है यह दोनों नाम मेरे ही हैं।

**सूचना**

मैं NITIN पुत्र श्री DURJAN, निवासी–ग्राम–किरहन खेड़ा, पोस्ट–चैत्रा, किरहन खेड़ा, जिला–उन्नाव, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर NITIN KUMAR कर रहा हूँ, अब से मुझे NITIN KUMAR के नाम से जाना पहचाना और माना जाये।

**सूचना**

मेरा पुत्र अरुन मुझे परेशान करता है। मेरे जीवन काल में ही मेरी संपत्ति हड़पना चाहता है। मेरा मानसिक शोषण करता है जिसके चलते आज की तारीख से मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरी संपत्ति से मेरे पुत्र अरुन का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। मैं/ **राम नारायण पुत्र भगौती पाल पूरे मकरहन मजरे व पोस्ट ऐहार तहसील डलमऊ जिला रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र के अनुसार उसका नाम तय्यबा है जो कि गलत है, मेरी पुत्री का सही नाम बेबी तय्यबा व मां का नाम सलमा परवीन है, जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र व अन्य सभी अभिलेखों में सही दर्ज कराना आवश्यक है। **मोहम्मद इकबाल, पुत्र मोहम्मद शफी निवासी– 346/112, मेंहदीगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम NASIR था से बदलकर NASEER AHMAD रख लिया है। अब मुझे NASEER AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ABDUL BAREE ADD-VILL-CHANDNAPUR POST-MALLAPUR PS-RAMNAGAR DIST-BARABANKI-225201(U.P.)

**सूचना**

पहले मेरा नाम ZABED AHMAD था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHMMAD JAVED रख लिया है भविष्य में मुझे MOHMMAD JAVED के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O JAMSHED AHMAD R/O SULEMANPUR GANAULI POST RAUZAGAON AYODHYA-224120

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम GAJALA SIDDIQUI था से बदलकर GAZALA SIDDIQUI रख लिया है। अब मुझे GAZALA SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MATEEN AHMAD ADD-ED-366 SECTOR-Q ALIGANJ SO-DIST-LUCKNOW-226024 (U.P.)

**NOTICE**

I hereby inform the general public that I have changed my name from MOHAMMAD NASEEB to MO HASEEB. Henceforth, I shall be known and recognized by the name MO HASEEB for all purposes.MO HASEEBS/o TALUK ALIAddress: Village Bhudehari, Post–Ram Sanehi Ghat,District–Barabanki, Uttar Pradesh, Pin–225409

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2032995 एवं इंटरमीडिएट व्यक्तिगत परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 3163941 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र खो गया है। **शिवेंद्र शर्मा पुत्र यज्ञ प्रसाद शर्मा निवासी मकान नंबर 502 निकट गांधी पार्क मालवीय नगर गोंडा। (उत्तर प्रदेश) 271001**

# जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि को मारी गोली, हालत गंभीर

## घर से निकलकर जाते समय मारी गई गोली पेट में लगी, लखनऊ किये गये रेफर

**चुनावी रंजिश**

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेहरास के गजराज पुरवा में सोमवार देर रात चुनावी रंजिश को लेकर गोलीबारी की सनसनीखेज घटना सामने आई। गांव के ही कुछ लोगों ने आपसी कहासुनी के बाद जिला पंचायत सदस्य परसपुर पंचम के पति भूपेंद्र सिंह पर फायरिंग कर दी। गोली उनके पेट में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।



भूपेंद्र सिंह।

घटना उस समय हुई जब भूपेंद्र सिंह अपने घर के बाहर खड़ी गाड़ी में बैठ कर जा रहे थे। अचानक हुए हमले में गोली लगने से उनका संतुलन बिगड़ गया और उनकी गाड़ी पास के एक पेड़ से टकरा गई। आनन-फानन में परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर किया गया।



घटना के बाद पेड़ से टकराई कार। ● अमृत विचार

हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया है। बताया जा रहा है कि उनके पेट में गोली के छर्रे लगे हैं, जिससे उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने घायल की पत्नी व क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य अनामिका सिंह से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला चुनावी रंजिश और आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जो विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही हैं।

भूपेंद्र सिंह क्षेत्रीय राजनीति में सक्रिय बताए जाते हैं तथा पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं और आगामी प्रधानी चुनाव की तैयारी में भी जुटे थे।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस सम्बध में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि संदिग्धों की तलाश की जा रही है। अतिशीघ्र मामले का खुलासा किया जायेगा।

# अंतिम पायदान के व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ : दुर्गा शक्ति



कार्यभार ग्रहण करतीं नवागत आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल।

- नवागत आयुक्त ने संभाला कार्यभार सुशासन व पारदर्शिता पर जोर

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल में नवनियुक्त आयुक्त दुर्गाशक्ति नागपाल के आगमन पर मंगलवार को सर्किट हाउस में स्वागत किया गया। मंडल एवं जनपदस्तरीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत आयुक्त ने आयुक्त कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार संभालने के बाद आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए मंडल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों की जानकारी ली। उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाएगा, ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ समयबद्ध रूप से पहुंच सके। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनसेवा को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर आयुक्त, संयुक्त आयुक्त सहित मंडल व जनपद के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईजी ने परसपुर थाने का किया निरीक्षण



परसपुर थाने का निरीक्षण करते आईजी अमित पाठक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने मंगलवार को जनपद के थाना परसपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के अभिलेखों, जनसुनवाई रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर तथा मिशन शक्ति केंद्र का गहन परीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों के अद्यतन व सुव्यवस्थित रखरखाव को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। आईजी ने कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उससे जुड़े मामलों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। महिला हेल्प डेस्क के संचालन की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशील व सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। आईजी ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जनसंपर्क और जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित किया जाए।

## शिक्षा जागरूकता के लिए निकली रैली



जागरूकता रैली को रवाना करते अतिथि। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के अशोकपुर गांव में सोमवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे गांव में भ्रमण कर शिक्षा का महत्व बताया। शिक्षा क्षेत्र वजीरगंज के कम्पोजिट विद्यालय अशोकपुर से निकली इस रैली को ग्राम प्रधान पवन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में रंग-बिरंगी तख्तियां और स्लोगन लिखी झंडियां लेकर गांव के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचे और लोगों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदम्बा प्रसाद तिवारी ने अभिभावकों से अपील की कि 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को विद्यालय भेजना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस मौके पर शिक्षक संघ अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय, ब्लॉक मंत्री प्रदीप सिंह, शिक्षक मनोज शर्मा, आनंद देव सिंह, उदयभान वर्मा, रविंद्र शुक्ल, नरेन्द्र कौशल और राधेश्याम तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक व ग्रामीण मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से किशोर की मौत

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र में मंगलवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



आकाश फाइल फोटो।

चौबेपुर निवासी आकाश यादव (16) पुत्र प्रभुनाथ यादव मंगलवार को चकपान गांव में अपने फूफा के यहां आयोजित वरीक्षा कार्यक्रम में शामिल होने गया था। दोपहर में वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। सिरसा गांव के पास मिट्टी गिराकर लौट रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही किशोर बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और ट्रॉली का पहिया उसके सिर को कुचलते हुए निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक भागने में सफल रहा। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और शव को सड़क पर रखकर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने परिजनों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार चालक और वाहन की तलाश में जुटी है।

## बदमाशों ने स्कार्पियो सवार युवक को पीटा

**नवाबगंज, गोण्डा, अमृत विचार :** स्कार्पियो सवार युवक की गाड़ी रोक कर बदमाशों ने पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। धानेपुर के बाबागंज निवासी शिवम् सोनी ने बताया कि वह रविवार की रात्रि रिश्तेदारी में बस्ती जिले के परशुरामपुर के सिकंदरपुर में शादी में गया था। शादी में आए बाउंसर पार्टी को मध्य रात्रि में वह स्कार्पियो सवार हो अयोध्या छोड़ने गया था। लौटते समय रात्रि महेशपुर के पास एक वैगनआर ने ओवरटेक कर स्कार्पियो रोक लिया। उसमें बैठे पांच लोगों ने उतर कर उसे स्कार्पियो से नीचे उतारकर लाठी-डंडों से पीटा। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# पेट्रोल-डीजल संकट गहराया

**32** पंप ड्राई, पेट्रोल-डीजल न होने की सूचना चस्पा

- पंपों पर लंबी कतार, परेशान हो रहे हैं किसान व वाहन चालक

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में पेट्रोल, डीजल व घरेलू गैस सिलेंडर का संकट गहराता जा रहा है। जहां घरेलू गैस सिलेंडर के लिए अभी तक लंबी-लंबी लाइन देखी जा रही थी, वहीं डीजल-पेट्रोल के लिए पंपों पर लोग लाइन लगा रहे हैं, लेकिन तेल खत्म हो जाने के कारण उन्हें वापस जाना पड़ रहा है।

जिले के 32 से अधिक पेट्रोल पंप सूख गये हैं। पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से नो पेट्रोल-डीजल होने की सूचना चस्पा की गई है। घरेलू गैस सिलेंडर से अभी आम आदमी को निजात नहीं मिल सकी थी, कि डीजल की कमी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक डीजल की किल्लत गहराती जा रही है। हालात यह हैं कि करीब तीन दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति बाधित है। सुबह से ही पंपों पर वाहनों की कतारें लग रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को निराश लौटना पड़ रहा है। किसानों के लिए यह संकट गंभीर हो गया है। कृषि कार्यों के लिए डीजल आवश्यक है। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय भी प्रभावित है। निजी वाहन संचालक रमेश ने बताया कि हम लोगों के वाहन सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन डीजल नहीं मिल पा रहा। गाड़ियों का संचालन ठप होने की कगार पर है। पंप संचालकों का कहना है कि आपूर्ति में अनियमितता से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही डीजल की आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी, लेकिन खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द डीजल की आपूर्ति सुचारु कराई जाए। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि कई पंपों पर डीजल न होने की सूचना है। पेट्रोलियम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में 213 पेट्रोल पंप हैं करीब तीन दर्जन पेट्रोल पंप पर आपूर्ति बाधित होने की सूचना है। जल्द ही डीजल की आपूर्ति सभी पंपों पर हो जाएगी।



पेट्रोल पंप पर लगी बैरिकेडिंग।

## दो वार्डों में सभासद पद पर मुकाबला 5 को

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका करनैलगंज के दो वार्डों में सभासदों की मृत्यु के बाद उपचुनाव होना तय हो गया है। दोनों वार्डों में आमने-सामने की टक्कर देखने को मिलेगी। मंगलवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए, जिसके बाद चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड नंबर 16 सकरौरा में दिवंगत सभासद मोहम्मद रफी के पुत्र अकबाल अहमद और साबिर के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं वार्ड नंबर 25 भैरवनाथ पुरवा में दिवंगत सभासद मोहम्मद साबिर के पुत्र मोहम्मद साजिद और राहत अली आमने-सामने हैं। दोनों वार्डों में निर्विरोध चुनाव कराने के प्रयास किए गए, लेकिन अंततः प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से चुनाव होना तय हो गया। अब 5 मई को दोनों वार्डों में मतदान कराया जाएगा। उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

## टीकाकरण शुरू, छात्राओं को किया जागरूक



टीका लगवाती छात्रा। ● अमृत विचार

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को राजकुमार सीताराम किसान इंटर कॉलेज, बमडेरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए निर्धारित टीके लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर टीका लगवाना विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए बेहद जरूरी है और यह बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव रखता है। विद्यालय प्रशासन ने भी इस पहल में सक्रिय सहयोग करते हुए छात्रों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। अभियान के दौरान कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के टीकाकरण अभियान से न केवल लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार मिश्रा, व्यवस्थापक पंडित रूपेंद्र कुमार तिवारी, इन्द्र जीत तिवारी, रूपा, कुमकुम, सुधा, काजल, सुनील, आशुतोष, गिरीश कुमार श्रीवास्तव, तिलक राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छिनौती करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** छिनैती के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीन आरोपियों में से एक की मौत हो गई थी। रविवार रात खनवापुर में लूट के इरादे से गए तीन आरोपी देवी प्रसाद शुक्ल से छिनैती का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच गांव के अन्य लोग भी पहुंच गए, जहां मारपीट में गंभीर चोटों के चलते संजय चौबे की मौत हो गई। वहीं दो अन्य साथी अहिरन पुरवा परसरामपुर का दीपक यादव, खनवापुर का प्रशांत तिवारी भाग निकले थे। देवी प्रसाद चाकू से घायल हो गए। उनकी तहरीर पर पुलिस ने दीपक यादव, प्रशांत तिवारी व संजय चौबे के विरुद्ध केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक पंकज कुमार की टीम ने सरयू नहर के पास दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



कलश यात्रा में शामिल क्षेत्रीय विधायक रमापति शास्त्री व अन्य श्रद्धालु।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कस्बे में मंगलवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। पड़ाव मोहल्ले स्थित विधायक निवास से पूर्व मंत्री एवं मनकापुर विधायक के संयोजन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ वेदी पूजन के बाद किया गया। सुबह करीब 10 बजे निकली कलश यात्रा में सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कथा के मुख्य यजमान के रूप में सीता देवी सहित अनेक महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया। मुख्य यजमान भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य बाबूलाल शास्त्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण को सिर पर रखकर नेतृत्व किया। कथा व्यास आचार्य संत शरण त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा व्यक्ति को भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करती है। इस अवसर पर मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे, जनार्दन प्रसाद तिवारी, अशोक कुमार सिंह 'गिंडू', सूर्यलाल दूबे, राम नायक मास्टर, डॉ. कैलाश कुमार, आशीष कुमार, हरीश, सतीश शास्त्री, रवि श्रीवास्तव, बाबी सिंह चौहान, अभिषेक सिंह अंकित, अनिल शर्मा, चंदन श्रीवास्तव, विजय यादव, सौरभ दूबे, इलियास प्रधान, गिरजेश त्रिपाठी 'लल्लू' सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## फर्जी बैनामा मामले में आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में जमीन से जुड़े फर्जीवाड़े के एक मामले में थाना कोतवाली तरबगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कूटरचना और जालसाजी कर संपत्ति हड़पने के आरोप में एक वांछित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चंदन सिंह निवासी उमरीबेगमगंज को बस स्टॉप गोण्डा के पास से दबोच लिया। उमरीबेगमगंज निवासी रामायण सिंह ने थाना तरबगंज में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी भूमि, जिसका वैध बैनामा वर्ष 1999 व 2002 में हो चुका था, उसे विपक्षियों द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर दोबारा बेचने का प्रयास किया गया। आरोप है कि सुनियोजित तरीके से कूटरचित अभिलेख बनाकर धोखाधड़ी के माध्यम से जमीन हड़पने की साजिश रची गई।

# गौशाला के सामने तड़प रही गाय, जिम्मेदार बने रहे मौन

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय के बगल स्थित गौशाला के सामने एक गंभीर तस्वीर सामने आई है। चिलचिलाती धूप में एक गाय दो दिन से तड़प रही है, लेकिन जिम्मेदारों ने कोई सुध नहीं ली। सड़क किनारे पड़ी यह गाय जिंदगी और मौत के बीच जूझती रही, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि गौशाला में बीमार और असहाय पशुओं का समुचित इलाज कराने के बजाय उन्हें बाहर छोड़ दिया जाता है। इससे न केवल पशुओं की हालत बिगड़ती है, बल्कि उनकी मौत के बाद जिम्मेदारी से बचने का रास्ता भी आसान हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पशु का इलाज कराया जाए और उसे सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। लेकिन यहां लापरवाही इस कदर हावी है कि गौशाला के ठीक सामने ही गौ माता तड़पती रहती हैं और सुनवाई नहीं होती। यह स्थिति उस समय और भी सवाल खड़े करती है, जब प्रदेश सरकार गौ संरक्षण को लेकर लगातार दावे कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा गौ सेवा और संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है।



गौशाला के सामने बीमार पड़ी गाय।

## भक्ति और ज्ञान का संगम कथा में उमड़े श्रद्धालु

**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंअरपुर अमरहा के दुर्जनपुरवा में देवी प्रसाद गोस्वामी सचिव के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास पंडित चन्द्र कुमार शुक्ल चन्दा ने श्रीमद्भागवत की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अत्यंत पवित्र है और यह केवल सांसारिक भोगों के लिए नहीं, बल्कि इसे दिव्य बनाने के लिए मिला है। उन्होंने दया, क्षमा, धैर्य, परोपकार, मधुर वाणी और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। पूजा की सरल परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा कि सच्चे मन से प्रभु को अर्पित किया गया फूल, संतों के प्रति श्रद्धा, भूखे को भोजन और जरूरतमंद की सहायता ही सच्ची पूजा है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता हमारे आचरण से प्रसन्न नहीं हैं, तो ईश्वर भी प्रसन्न नहीं हो सकते। इस अवसर पर श्याम जी भारती ने भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा में अधिवक्ता मातादीन गोस्वामी, धीरेंद्र, मुकेश, अभिषेक गोस्वामी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गोंडा के दुकानदार से दो लाख रुपये की टप्पेबाजी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार :** गोंडा से कपड़ा खरीदने खलीलाबाद आए दुकानदार से मंगलवार की शाम दो लाख रुपये की टप्पेबाजी की घटना हो गई। कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीम जांच में जुट गई। पुलिस टीम आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।

गोंडा के वजीरगंज क्षेत्र के बालेश्वरगंज निवासी देवेंद्र कुमार भारतीय कॉपी-किताब की दुकान चलाते है। उनकी भतीजी की शादी तय हुई है। मंगलवार को वह खलीलाबाद में कपड़े की खरीदारी करने कार से अपने बेटे आशुतोष और अवनीश सिंह के साथ आए थे। नेदुला के पास खड़े एक व्यक्ति से कपड़े की अच्छी दुकान के बारे में पूछा,जहां सस्ता कपड़ा मिल सके। उस व्यक्ति ने उन्हें विश्वास में लिया और उचित दर पर कपड़ा खरीदवाने के लिए कार में बैठ गया। उक्त व्यक्ति ने गाड़ी में अपना मुंह गमछे से बांधा था। उनकी कार को चार किमी तक घुमाया और वन विभाग कार्यालय के पास ले गया और वहीं कार खड़ी करवा दिया। वहां से करीब 400 मीटर दूर पैदल ले गया और एक दुकान पर सभी लोगों ने चाय पी। देवेंद्र दो लाख रुपये रखा बैग अपने पास लिए थे। चाय पीकर गाड़ी की ओर लौटते समय रुपये वाला बैग उक्त व्यक्ति को दे दिया। कुछ ही देर में एक कार में सवार तीन लोग गुजरे। अचानक कार रुकी और बैग लिये उस व्यक्ति को कार बैठाकर फरार हो गए। पीड़ित ने डायल 112 नंबर पर सूचना दी। उसके बाद कोतवाल जय प्रकाश दूबे और एसओजी प्रभारी अजय कुमार सिंह की टीम मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। कोतवाल जयप्रकाश दूबे ने बताया कि घटना की सत्यता की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खाते की भूमि पर बनाया रास्ता

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** निजी जमीन पर ग्राम प्रधान ने मिट्टी गिरा कर रास्ता निकाल दिया है। मिट्टी हटवाने के लिए पीड़ित ने जन सुनवाई पोर्टल सहित डीआईजी, पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। मामला रुपईडीह के ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया का है। मोहब्बत अली ने आरोप लगाया है कि उसके गाटा संख्या में प्रधान प्रतिनिधि वहीद अंसारी, हैदर अली व शेर मोहम्मद ने 9 अप्रैल की रात को जबर्दस्ती मिट्टी गिरवा कर रास्ता बनाने का प्रयास शुरू कर दिया। जानकारी होने पर पूछताछ करने पर पीड़ित के साथ गाली गलौज और धमकी दी गई।पीड़ित ने थाने पर शिकायत की तो दोनों पक्षों से सुलह समझौता कराया गया। जिसमें 5 दिन में मिट्टी हटाने की बात तय हुई थी, मगर अभी तक मिट्टी नहीं हटाया गया। जबकि उस भूमि के पास चकमार्ग भी नहीं है। पीड़ित ने बताया कि पुलिस अधीक्षक और डीआईजी से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया है।

**गड़बड़ी** | तरबगंज में लाखों के पौधरोपण पर उठे सवाल

# कागजों में हरियाली, जमीन पर सन्नाटा

तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में वन विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। कथित तौर पर बड़े पैमाने पर हुए पौधरोपण में गड़बड़ी का मामला सामने आया है, जहां कागज़ों में लाखों पौधे लगाए जाने का दावा किया गया, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आई।

जानकारी के अनुसार, बीते वर्षों में आदमपुर से अमदही मार्ग, बेलसर से उमरी बेगमगंज, महराजगंज चौराहा से रामपुर खरहटा, सिगहाचंदा से लच्छीपुर और तरबगंज बाईपास से घांचा मोड़ तक करीब एक लाख अट्ठाइस हजार पौधे लगाए जाने का दावा किया गया था। हालांकि, जब इन स्थानों पर पड़ताल की गई तो न तो कहीं पौधे नजर आए और न ही रोपण के कोई स्पष्ट संकेत मिले।




क्षेत्रीय वन अधिकारी का कार्यालय।

कई जगहों पर तो गड्ढों के निशान तक नहीं दिखाई दिए, जिससे पूरे अभियान की वास्तविकता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पौधरोपण सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया। उनका कहना है कि कुछ स्थानों पर पौधे ट्रालियों से लाकर सड़क किनारे रख दिए गए, लेकिन उनकी देखरेख नहीं हुई, जिससे वे सूख गए। लोगों ने इस पूरे मामले में लाखों रुपये के गड़बड़झाले की आशंका जताई है और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

क्षेत्रीय वन रक्षक, वन दरोगा और वन क्षेत्राधिकारी की कार्यप्रणाली भी जांच के घेरे में है, लेकिन अब तक किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी तरबगंज रज्जन लाल ने बताया कि लगाए गए पौधों को छुट्टा पशुओं ने नुकसान पहुंचाया होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही दोबारा पौधारोपण कराया जाएगा।

फिलहाल, मामला जांच और कार्रवाई की मांग कर रहा है। अब देखना यह होगा कि क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या फिर यह मुद्दा भी कागजों तक ही सीमित रह जाता है।

## जन्म प्रमाण पत्र में बालिका की जगह मां का नाम दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में जन्म प्रमाण पत्र में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। मनकापुर क्षेत्र के अशरफपुर निवासी एक व्यक्ति की नवजात बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में तकनीकी त्रुटि के चलते बालिका के नाम की जगह मां का नाम दर्ज कर दिया गया है। इस गड़बड़ी के कारण परिवार को सरकारी योजनाओं एवं अन्य आवश्यक कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बताया जाता है कि अशरफपुर निवासी सतीश कुमार की पुत्री का जन्म जिला महिला चिकित्सालय में हुआ था। जन्म के बाद ऑनलाइन जारी किए गए प्रमाण पत्र में बालिका के नाम वाले कॉलम में मां का नाम अंकित हो गया। मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने संबंधित विभाग से संपर्क किया, लेकिन अब तक त्रुटि में सुधार नहीं हो सका है।इसी मामले को लेकर कांग्रेस के जिला महासचिव शिवकुमार दुबे ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि यह प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण है, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कराया जाए।

# पेट्रोल-डीजल संकट से परेशान लोगों का प्रदर्शन

## पंपों पर घंटों इंतजार के बाद भी ईंधन न मिलने से भड़के लोगों ने नेशनल हाईवे पर लगाया जाम

फूटा गुस्सा

संवाददाता, बलरामपुर



नेशनल हाईवे जाम कर प्रदर्शन करते पेट्रोल-डीजल न मिलने से परेशान लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में पेट्रोल और डीजल की अचानक किल्लत से मंगलवार को जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। सुबह से ही कई पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं। घंटों इंतजार के बाद भी ईंधन न मिलने से नाराज लोगों ने बलरामपुर-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

जानकारी के अनुसार पिछले दो दिनों से जिले के कई पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति बाधित चल रही है। जैसे ही लोगों को ईंधन खत्म होने की सूचना मिली, बड़ी संख्या में लोग पंपों पर पहुंच गए। हालात बिगड़ने पर स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पंप संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

जाम में फंसे किसान रामनरेश वर्मा ने बताया कि डीजल न मिलने से गेहूं की मड़ाई और गन्ने की सिंचाई का काम रुक गया है। किसान शिवपूजन यादव ने कहा कि गेहूं कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी प्रभावित हो रही है। वहीं दिहाड़ी मजदूर सुरेश गौतम ने बताया कि बाइक में पेट्रोल न होने से काम पर नहीं जा सके, जिससे रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। स्कूल शिक्षक अरविंद मिश्रा ने कहा कि कई शिक्षक और छात्र समय से विद्यालय नहीं पहुंच पाए। व्यापारियों ने भी माल ढुलाई प्रभावित होने की बात कही। शादी-विवाह के आयोजनों में भी वाहनों की व्यवस्था मुश्किल हो गई है। जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने से अस्थायी समस्या उत्पन्न हुई है। स्थिति सामान्य करने के लिए सभी पेट्रोल पंपों की निगरानी की जा रही है और अतिरिक्त टैंकर भेजे गए हैं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।



पेट्रोल पंप पर पसरा सन्नाटा।

## सम-सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू, 735 परीक्षार्थी हुए शामिल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय अंतर्गत सम सेमेस्टर परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। केंद्राध्यक्ष/प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से तीन पालियों में संपन्न हुई।

परीक्षा प्रभारी डॉ. लवकुश पाण्डेय एवं सह परीक्षा प्रभारी डॉ. सुनील कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में बीए छठे सेमेस्टर मनोविज्ञान, बीकॉम छठे सेमेस्टर व एमएससी चौथे सेमेस्टर के 327 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 9 अनुपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में बीएससी चौथे सेमेस्टर कंप्यूटर साइंस, एमए चौथे सेमेस्टर तथा बैक पेपर के 232 छात्र उपस्थित और 1 अनुपस्थित रहा।

तृतीय पाली में बीए चौथे सेमेस्टर मनोविज्ञान के 176 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 10 अनुपस्थित रहे।

## पैक्स कोहड़ौरा का लाइसेंस निरस्त

**बलरामपुर, अमृत विचार :** हरैया सतघरवा विकास खंड स्थित मेसर्स पैक्स कोहड़ौरा पर उर्वरक बिक्री में अनियमितता मिलने पर कृषि विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

जांच में पाया गया कि दिसंबर 2025 में समिति ने एक ही आधार कार्ड पर बिना खतौनी देखे 45 बोरी यूरिया बिक्री दर्शाई थी, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के नियमों के विपरीत है। मामला संदिग्ध मिलने पर 17 अप्रैल को संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल और जिला कृषि विभाग ने दोबारा सत्यापन कराया।

जांच में किसान कोयले बाबू ने बताया कि उन्होंने केवल दो बोरी यूरिया खरीदी थी। इससे रिकॉर्ड में दर्ज बिक्री भ्रामक साबित हुई।

उपेन्द्र नाथ खरवार ने कहा कि नियम तोड़ने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## अवैध क्लीनिक पर कसा शिकंजा, नूर हेल्थ सेंटर सील

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में बिना पंजीकरण संचालित क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में जूढ़ी कुइयां स्थित नूर हेल्थ सेंटर एंड फिजियोथेरेपी सेंटर को अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर सील कर दिया गया। इसी सेंटर पर नाबालिग बालिका का गर्भपात करने का भी आरोप है।

यह कार्रवाई डॉ. अनिल चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की। जांच के दौरान पाया गया कि सेंटर बिना वैध रजिस्ट्रेशन के चलाया जा रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर क्लिनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग ने सेंटर संचालक डॉ. अफजल सूफियान के खिलाफ पचपेड़वा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।



नूर हेल्थ सेंटर को सील करती टीम।

बताया गया कि इसी केंद्र पर दो दिन पूर्व एक जनजातीय नाबालिग बालिका का कथित रूप से अवैध गर्भपात कराया गया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए संबंधित चिकित्सक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध क्लीनिकों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 23 से शुरू होगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनगणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक हुई। इसमें सभी तहसीलों के एसडीएम, तहसीलदार, निकायों के अधिशासी अधिकारी, बीडीओ व खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में 23 अप्रैल से शुरू होने वाले प्रगणक एवं सुपरवाइजरों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण स्थलों पर बैठने, पेयजल, बिजलीकी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों का टेस्ट कराया जाए, ताकि गुणवत्ता का आकलन हो सके और कार्मिक जनगणना प्रक्रिया को भली-भांति समझ सकें। डीएम ने जनगणना को राष्ट्रीय कार्य बताते हुए शत-प्रतिशत शुद्धता और पारदर्शिता पर जोर दिया।

## 6 घंटे में कमाल, पुलिस ने 4 लापता बच्चों को खोजा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना महराजगंज तराई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार गुमशुदा बच्चों को मात्र छह घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में राहत और खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मजगवां मजरा नन्हुवापुर निवासी सुल्तान पुत्र यूनुस ने थाना महराजगंज तराई में सूचना दी कि उनका पुत्र किस्मत अली (8), नौशाद पुत्र इरशाद (10), अख्तर रजा पुत्र अजमतुल्ला (13) तथा बरकत अली पुत्र हिदायतुल्ला (11) घर से खेलने निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी ललिया देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और बच्चों की लोकेशन ट्रेस की।

जांच के दौरान चारों बच्चे रेलवे स्टेशन कौवापुर पर सकुशल मिले। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे गांव के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान किस्मत अली घर से चुपके से पैसे लेकर आया और सभी बच्चे तुलसीपुर मेला देखने चले गए। वहां से ट्रेन पकड़कर बढ़नी पहुंच गए, जहां से लौटते समय कौवापुर स्टेशन पर पुलिस ने उन्हें बरामद कर लिया।

इस सराहनीय कार्यवाही में उपनिरीक्षक सुदर्शन सिंह, हेड कांस्टेबल ओंकार चौधरी, कांस्टेबल सचिन शर्मा, अजय कुमार, भानू प्रताप एवं विकास कुमार शामिल रहे।

## सोहेलवा जंगल में आग से थारू गांवों की फसल जली

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** वन्य जीव प्रभाग की रामपुर एवं जनकपुर रेंज अंतर्गत सोहेलवा जंगल में तीन दिनों से लगी भीषण आग ने विकराल रूप ले लिया है। सूखी पत्तियां, टहनियां और पेड़ धू-धू कर जल रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र का तापमान बढ़ गया है और दहशत का माहौल है।



जंगल में लगी आग से जलते पेड़।

मंगलवार को बालापुर के पास जंगल किनारे बसे सगरापुर गांव तक आग पहुंच गई। देखते ही देखते दर्जनों किसानों की गन्ने की फसल, पेड़ी तथा खाना पकाने के लिए जमा लकड़ियां जलकर राख हो गईं। प्रभावित किसानों में परदेसी, राकेश, बैदू, घनश्याम, भागीरथी, रामतीरथ, गुड्डू प्रसाद, भग्गन, पुजारी, हनुमान, भोला, हरिप्रसाद, प्रेमसागर, श्रवण कुमार, कैलाशनाथ, दिनेश, प्रदीप कुमार सहित कई थारू परिवार शामिल हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम और जरवा पुलिस मौके पर पहुंची। वन दरोगा वीर बहादुर सिंह, अखिलेश शर्मा, धर्मेंद्र यादव, अखिलेश गुप्ता, वाचर मोहम्मद इरफान समेत टीम ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुटी रही। गांवों के पंपिंग सेट से भी पानी डालकर प्रयास किए गए, लेकिन तेज हवा के कारण आग लगातार फैलती रही।

धुएं से आसपास के गांवों में सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं वन्य जीवों पर भी खतरा मंडरा रहा है। प्रभात वर्मा ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और टीम लगातार नियंत्रण प्रयास में लगी है।

## बैठक में शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर

**गोंडा, अमृत विचार:** विकास खंड परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में अप्रैल माह की संकुल बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संकुल प्रभारी अरविंद सिंह ने की।

करनपुर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अरुण शुक्ला ने अप्रैल माह को नामांकन माह के रूप में मनाने पर बल देते हुए कहा कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए शिक्षकों को घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिक्षक प्रदीप सिंह ने कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष बनाने पर चर्चा की। संकुल शिक्षक प्रशांत कुमार सिंह ने टीएलएम का प्रदर्शन कर उसे साझा किया। उषा सिंह ने नामांकन के साथ बच्चों की 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए नवाचारों पर जोर दिया, जबकि शिव कुमार ने लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों के घर जाकर संपर्क करने का सुझाव दिया।



काव्य पाठ करते हुए कवि। ● अमृत विचार

## धूमधाम से मनायी गयी बाबा साहब की जयंती

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नादी पुरवा-संत रविदास नगर में नव युवक संघ के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत बुद्ध और बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा त्रिशरण पंचशील व बुद्ध वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य मेजर राजाराम ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित और संगठित समाज ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होता है। मुख्य वक्ता ए.के. नन्द ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता रमेश विमल और अमृत सिंह ने दलित समाज से अपने सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। याकूब सिद्दीकी अज़्म, मीना बौद्ध और छोटे लाल ने मिशनरी गीतों के माध्यम से बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी। वहीं रामा सुजाता बौद्ध ने कविता पाठ किया। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाराबंकी के लोक गायक जमुना प्रसाद कनौजिया और मालती निषाद की जोड़ी ने समां बांधे रखा। अध्यक्षता राम कुमार राव ने की। इस अवसर पर मोहम्मद अहमद प्रधान, शिव दयाल, किशन लाल गौतम पूर्व प्रधान, डॉ. मुख्तार आजाद, बाबा हुसैन मुन्ना, बी.पी. विवेक, राजस्व निरीक्षक रमेश चन्द्र, एडवोकेट राम तेज और अनोखेलाल मोदनवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सतीश गौतम, अजय कुमार, गुड्डू और राजेन्द्र गौतम समेत नव युवक संघ के पदाधिकारियों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## निजी अस्पतालों की जांच बनी औपचारिकता

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी केंद्रों की जांच के दौरान कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सीएमओ संत लाल पटेल के नेतृत्व में निकली टीम ने नगर के कई केंद्रों का निरीक्षण किया, लेकिन यह कार्रवाई लोगों को खानापूर्ति जैसी लगी।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ अपनी सरकारी गाड़ी में ही बैठे रहे, जबकि एसीएमओ डॉ. जय गोबिंद समेत अन्य कर्मचारी केंद्रों में औपचारिकताएं पूरी करते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जांच में न तो सख्ती दिखाई दी और न ही किसी प्रकार की पड़ताल की गई। टीम ने भारत पैथोलॉजी, रॉयल हॉस्पिटल, एमआई पैथोलॉजी, न्यू सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर, त्रिषा पैथोलॉजी और केके डायग्नोस्टिक सेंटर समेत कई संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसी भी केंद्र पर स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई। सीएमओ संत लाल पटेल ने कहा कि यह रूटीन चेकिंग है। यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दिशा समिति की अहम बैठक आज

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार, को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह करेंगे। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा जनहित से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संबंधित अधिकारियों को समय से उपस्थित होकर विभागीय प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुलिस ने 67.89 लाख के मादक पदार्थ किए नष्ट

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शासन एवं पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन दहन' के तहत जनपद बलरामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों से जब्त अवैध मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया। एसपी विकास कुमार के निर्देशन तथा एएसपी विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में सोमवार को जनपद के पांच थानों—कोतवाली देहात, गौरा चौराहा, कोतवाली जरवा, कोतवाली गैसड़ी और थाना पचपेड़वा—से संबंधित 21 अभियोगों में जब्त मादक पदार्थों को न्यायालय के आदेशानुसार नष्ट किया गया। पुलिस के अनुसार कुल 30 किलो 982 ग्राम अवैध मादक पदार्थ, जिनमें चरस, गांजा, स्मैक आदि शामिल थे, नष्ट किए गए। इनकी अनुमानित कीमत 67 लाख 89 हजार 500 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई बलरामपुर चीनी मिल्स स्थित पावर प्लांट में उच्च क्षमता वाले इंसीनरेटर के माध्यम से पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए संपन्न कराई गई। संपूर्ण प्रक्रिया सीओ ज्योतिश्री की उपस्थिति तथा गठित समिति की निगरानी में पारदर्शी ढंग से पूरी कराई गई।

### दो बोलेरो की टक्कर में सात लोग हुए घायल

**बलरामपुर, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के कलवारी गेट के पास देर रात दो बोलेरो वाहनों की आमने-सामने टक्कर में सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से संयुक्त अस्पताल भिजवाया। उपनिरीक्षक वीरेंद्र पाल ने बताया कि जोरावरपुरवा रामनगरा गांव से श्रीदत्तगंज जा रही बोलेरो में सवार ओमप्रकाश (40), परशुराम (60), तिलकराम (55) और तुलसीराम (50) घायल हो गए। वहीं कलवारी की ओर जा रही दूसरी बोलेरो में सवार शुभम (26), अनुराधा (12) और रूद्र पांडेय (9) को भी चोटें आईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कराया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हादसे के कारण कुछ देर तक मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### अनुपस्थित डॉक्टर का वेतन रोकने का निर्देश



स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर धर्मपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. मुस्कान गुप्ता 16 अप्रैल से अनुपस्थित पाई गईं। इस पर सीएमओ ने अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने तथा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर अचलपुर और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलवा का भी जायजा लिया। स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण के समय तक ओपीडी में 37 मरीजों का उपचार किया जा चुका था। वहीं दो मरीजों की शुगर जांच की गई तथा तीन बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### द टीचर ऐप लांच, शिक्षकों को मिलेगी मदद



द टीचर ऐप लॉन्च करते डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भारती एयरटेल फाउंडेशन, नीति आयोग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में एआई आधारित 'द टीचर ऐप' का शुभारंभ किया गया। ऐप का लोकार्पण विपिन कुमार जैन ने एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज से किया। यह ऐप शिक्षकों को बेहतर टीचिंग-लर्निंग मैटेरियल उपलब्ध कराने में सहायक होगा। एआई आधारित होने के कारण यह ऐप लगातार अपडेट होकर और बेहतर होता रहेगा। शिक्षक अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रॉम्प्ट डालकर शिक्षण सामग्री, विषयवस्तु तथा कक्षा शिक्षण से जुड़े उपयोगी संसाधन प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी शिक्षक इस ऐप का प्रभावी उपयोग करें और विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम व लर्निंग ट्रैजेक्टरी को बेहतर बनाने में इसकी भूमिका सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह ऐप शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी, आधुनिक और परिणामोन्मुख बनाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में हिमांशु गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, भारती एयरटेल फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी के 1.37 लाख रुपये वापस

**गोंडा, अमृत विचार :** साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की गई 1,37,826.61 रुपये की पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई। पैसे वापस मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और उसने पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में साइबर अपराधों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। कोतवाली नगर की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने जनपदीय साइबर सेल के समन्वय से कार्रवाई की। टीम ने संबंधित बैंक और इंटरमीडियरी से संपर्क स्थापित कर पीड़ित मो. रसीद की पूरी धनराशि वापस कराई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं साइबर टीम का धन्यवाद देते हुए कहा कि समय रहते कार्रवाई होने से उसकी मेहनत की कमाई सुरक्षित हो सकी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। ऑनलाइन खरीदारी केवल अधिकृत वेबसाइट से ही करें और किसी भी लालच या फर्जी ऑफर के झांसे में न आएं। साइबर हेल्पडेस्क टीम में उपनिरीक्षक उदित कुमार वर्मा नोडल अधिकारी, कांस्टेबल पंकज कुमार और महिला कांस्टेबल आरती गौतम शामिल रहीं, जिनकी सक्रियता से यह सफलता मिली।

भाजपा की बैठक | प्रशिक्षण अभियान को अंतिम रूप, मंडलों में लगेंगे दो दिवसीय वर्ग

# प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं से मजबूत होता है संगठन

संवाददाता, बलरामपुर



भाजपा प्रशिक्षण वर्ग तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को अटल भवन स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में विधानसभा वार मंडलों में छूटे कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। अध्यक्षता रवि मिश्रा ने की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। उनके सशक्त और प्रशिक्षित होने से संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। अभियान के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह 'पिंकू' ने बताया कि विधानसभा वार छूटे मंडल कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 23 व 24 अप्रैल को तुलसीपुर तथा 24 व 25 अप्रैल को बलरामपुर, उतरौला और गैसड़ी विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण वर्ग होगा।

बैठक में बृजेंद्र तिवारी, वरुण सिंह 'मोनू', संजय शुक्ला, बिंदु विश्वकर्मा, रामकृपाल शुक्ला, दुष्यंत चौधरी, अवधेश तिवारी 'तरुण', अवधेश पांडेय सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जमुना प्रसाद त्रिपाठी निवासी श्री राम पंडित डीह, कूकनगर प्रिंट, गौडा 271312. यह शपथ करता हूं कि मेरी जमीन ग्राम बुककनपुर, तहसील-मनकापुर जिसकी गाटा संख्या 179 मि. एवं 180 मि. के बैनामा के दस्तावेज बुककनपुर से मसकनवा के रास्ते में कहीं गिर गए हैं जो कि इस प्रकार हैं।

1. बिक्री विलेख दिनांक 01-12-2009 को पंजीकृत बही संख्या 1 जिल्द संख्या 2652 पृष्ठ 369 से 386 पर क्रमांक 7174, सब रजिस्ट्रार ऑफिस मनकापुर जिला गोंडा में
2. बिक्री विलेख दिनांक 16-05-2002 को पंजीकृत बही संख्या 1 जिल्द संख्या 1157 पृष्ठ 111 से 2034 पर क्रमांक 124, सब रजिस्ट्रार ऑफिस मनकापुर जिला गोंडा में
3. बिक्री विलेख दिनांक 08-06-2005 को पंजीकृत बही संख्या 1 जिल्द संख्या 1725 पृष्ठ 129 से 142 पर क्रमांक 4070, सब रजिस्ट्रार ऑफिस मनकापुर जिला गोंडा में
4. बिक्री विलेख दिनांक 19-01-2010 को पंजीकृत बही संख्या 1 जिल्द संख्या 2670 पृष्ठ 281 से 288 पर क्रमांक 378 सब रजिस्ट्रार ऑफिस मनकापुर जिला गोंडा में
5. बिक्री विलेख दिनांक 20-04-2012 को पंजीकृत बही संख्या 1 जिल्द संख्या 3049 पृष्ठ 185 से 202 पर क्रमांक 1483 सब रजिस्ट्रार ऑफिस मनकापुर जिला गोंडा में
6. बिक्री विलेख दिनांक 23-06-2017 को पंजीकृत बही संख्या 1 जिल्द संख्या 4050 पृष्ठ 15 से 30 पर क्रमांक 2682 सब रजिस्ट्रार ऑफिस मनकापुर जिला गोंडा में

**कार्यालय नगर निगम अयोध्या जोन-अयोध्या धाम**

पत्रांक : 41/न0नि0अयो0जो0अयो0/2025-26 दिनांक: 21.04.2026

**सार्वजनिक-सूचना**

नगर निगम अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। इन भवनों पर पूर्व में दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 07 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र0सं0 | भवन सं0 | पूर्व से दर्ज भवन स्वामी / खारिज होने वाले नाम | दर्ज होने वाले नाम | नामांन्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| अवैधनाथ वार्ड सं0-8 | | | | |
| 1 | 27/036 | शान्ती देवी पुत्री ननकई | उर्मिला पत्नी सतीश चन्द्र | रजि0 बैनामा जुज भाग |
| मीरापुर वार्ड सं0-48 | | | | |
| 2 | 48/3/10 | कमता प्रसाद दास चेला श्री कौशलेन्द्र दास | अनिरुद्धदेव दास उर्फ अनिरुद्ध त्रिपाठी चे0 स्व0 मं0 कमता दास | रजि0 वसीयतनामा |
| स्वर्गद्वार कुण्ड वार्ड सं0-55 | | | | |
| 3 | 55/6/21 | सरोजनी देवी पत्नी श्री हरिशंकर मिश्र | हरिशंकर मिश्रा पुत्र रामनाथ मिश्र | वरासतन |
| रामचन्द्र परमंहस वार्ड सं0-6 | | | | |
| 4 | 6/4/39A | रघुनाथ पाठक साधो पाठक | वेद प्रकाश, सूर्य प्रकाश शुक्ला आदि | रजि0 वसीयतनामा |
| बृहस्पति कुण्ड वार्ड सं0-8 | | | | |
| 5 | 8/2/43 | विमलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र शिव कुमार | श्रीमती रमा देवी पत्नी विमलेन्द्र श्रीवास्तव | रजि0 दानपत्र |
| रामकोट कुण्ड वार्ड सं0-54 | | | | |
| 6 | 54/2/57 | अध्यासी वीरेन्द्र दास चे0 रामकरन दास | अध्यासी बंजरंग दास चे0 साधक वीरेन्द्र दास | रजि0 तर्कसर सरवराहकारी |

कर अधीक्षक, नगर निगम अयोध्या
सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम अयोध्या

# किसानों की पहचान करके ही दिया जाएगा जरिकेन में डीजल: नरेन्द्र

## जिला पूर्ति अधिकारी ने डीजल एवं पेट्रोल वितरण के लिए पम्पों को जारी किए निर्देश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद बहराइच में डीजल एवं पेट्रोल के वितरण कार्य में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में डीजल एवं पेट्रोल पम्प एसोसिएशन द्वारा की गई वार्ता के दृष्टिगत जिले के समस्त डीजल/पेट्रोल पम्पों के स्वामियों को निर्देशित किया गया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने आपात स्थिति में जरिकेन, पिपिया, डिब्बे में डीजल 5-10 लीटर किसानों की पहचान फार्मर रजिस्ट्री/किसान बही देखकर एवं पुष्टि करके देने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने निर्देश दिया कि पम्पों का संचालन सामान्यतः प्रातः 07:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक ही किया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थितियों (मेडिकल इमर्जेन्सी/आपकालीन स्थिति आदि) में आप द्वारा उक्त निर्धारित अवधि से पूर्व अथवा बाद में ईंधन देने पर सम्बन्धित अधिकारियों/पुलिस को सूचित करने के उपरान्त ही ईंधन दिया जायेगा।

सभी पम्पों को निर्देशित किया गया है कि ईंधन की आपूर्ति वाहनों में ही की जाये। जरिकेन, पिपिया, डब्बा, बोतल आदि में पेट्रोल किसी भी दशा में निर्गत नहीं किया जायेगा। जरिकेन, पिपिया, डिब्बे में डीजल 5-10 लीटर किसानों की पहचान फार्मर रजिस्ट्री/किसान बही देखकर एवं पुष्टि करके ही दिया जायेगा। इस प्रकार की शिकायत प्राप्त हो रही है कि किसानों के अतिरिक्त अन्य लोगों द्वारा डीजल/पेट्रोल जरिकेन, पिपिया, डब्बा आदि में पम्पों से ले जाकर ग्रामवासियों को अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा है।

### पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद के बीते कई दिनों से पेट्रोल व डीजल की किल्लत के चलते आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही तेल की कमी के चलते अधिवक्ताओं व वादकारियों ने न्यायालय न पहुंच पाने के कारण न्यायिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इसी को लेकर आज जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले वकीलों ने अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को ज्ञापन सौंपकर तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व प्रभारी महामंत्री आलोक पाठक के नेतृत्व में आज दोपहर बड़ी संख्या में अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी के चलते आम लोगों के साथ ही अधिवक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधि व्यवसाय से जुड़े करीब चार हजार लोगों में से 70 प्रतिशत लोग जिला मुख्यालय से दूर रहते हैं। पेट्रोल डीजल न मिलने की स्थिति में वो सभी समय से न्यायालय नहीं पहुंच पा रहे है। अधिवक्ताओं में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर तेल की कालाबाजारी को रोकने व अधिवक्ताओं के लिए तेल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

# आग से ट्रैक्टर व छप्पर जलकर राख

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** सोनवा थाना क्षेत्र के बेड़सरा गांव में मंगलवार को अज्ञात कारणों से आग लगने से बड़ा नुकसान हो गया। आग की चपेट में आकर एक ट्रैक्टर, भूसेला और फूस का छप्पर जलकर राख हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, छंगा यादव का सोनालिका ट्रैक्टर घर के सामने खड़ा था, जो आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गया। वहीं उनके भाई जय पत्तर यादव का भूसेला तथामवेशियों को बांधने के लिया बनाया गया फूस का छप्पर भी जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण भारी संख्या में मौके पर पहुंचे और पंपिंग सेट व बाल्टियों से पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर सोनवा थाना प्रभारी विशुनदेव पाण्डेय व सीओ इकौना आलोक सिंह ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घटना की जानकारी के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची, हालांकि तब तक ग्रामीणों की ओर से आग पर काबू पाया जा चुका था। घटना में दोनों भाइयों को काफी नुकसान हुआ है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।


आग लगने से जला ट्रैक्टर व मकान। अमृत विचार

### कूड़ा जलाते समय बुजुर्ग झुलसा, भर्ती

**बहराइच।** जिले के रामगांव इलाके में एक बुजुर्ग कूड़ा जला रहा था, तभी अचानक तेज लपट उठने से उसके कपड़े में आग लग गई जिसके चलते उसके दोनों पैर बुरी तरह झुलस गए। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूर्तिहा कोतवाली क्षेत्र में स्थित भगड़िया ग्राम के रहने वाले गोरखनाथ उम्र 70 वर्ष रामगांव इलाके में रहने वाले अपने बेटे के यहां आए थे। जहां पर मंगलवार को घर के सामने पड़े कूड़े को जला रहे थे, इसी दौरान तेज लपट उठने से धोती में आग लग गई। शोर सुनकर जब तक परिवार के लोगों में मौके पर पहुंच आग बुझाई उनके दोनों पैर व एक हाथ आग की चपेट आने से झुलस गए। परिवार के लोगों ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर चिकित्सकों की ओर से उनका इलाज किया जा रहा है।


जिला अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग।

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप व बाइक में टक्कर, युवक गंभीर

**इकौना (श्रावस्ती):** इकौना थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-730 पर जयचंदपुर कटघरा के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार पिकअप व बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार बहराइच जिले के थाना पयागपुर क्षेत्र स्थित हवादा सतपेड़िया गांव निवासी अमरेश मौर्या (19) पुत्र ईश्वर प्रसाद गंभीररूप से घायल हो गया। लोगों की ओर से घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना पहुंचाया गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। बताया जात है कि युवक अपने किसी मित्र के यहां शादी समारोह में शामिल होने बैदौरा गांव आ रहा था। पिकअप को ओवरटेक करने समय हादसा हो गया।

### मारपीट मामले का दोषी अर्थदंड से दंडित

**श्रावस्ती:** मारपीट व गाली देने के मामले में न्यायालय ने दोषी को न्यायालय उठने तक के कारावास की सजा दी। साथ ही अर्थदंड से दंडित किया। सिरसिया थाना क्षेत्र के महासेमरा गांव निवासी लल्लू पुत्र हरिओम के विरुद्ध सिरसिया थाने में वर्ष 2017 में मारपीट आदि के अपराध में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की थी। मंगलवार को दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे न्यायालय उठने तक के कारावास की सजा दी। साथ ही 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### लापता युवक को तलाश रहे परिजन

**इकौना (श्रावस्ती):** इकौना थाना क्षेत्र के कंजडवा गांव निवासी राजू (27) पुत्र ओमकार दो दिन से लापता है। परिजन उसकी तलश कर रहे हैं लेकिन सुराग नहीं लगा है। राजू की मां मुन्नी देवी ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कर खोज कराने की मांग की है। मां मुन्नी देवी का कहना है कि उनका पुत्र राजू सोमवार शाम को घर पर किसी को बिना कुछ बताए कहीं चला गया। जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा है। तलाश के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लग रहा है।

### प्रतियोगिता में दीपिका व रोशनी अव्वल

**इकौना (श्रावस्ती):** इकौना विकास क्षेत्र के जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना में मंगलवार को नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। मंगलवार को कार्यक्रम का समापन प्रतियोगिता के साथ किया गया। निबंध प्रतियोगिता में दीपिका व रोशनी ने बाजी मारी। प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित समापन कार्यक्रम में निबंध व कला प्रतियोगिता कराई गई। सीनियर वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में दीपिका चौरसिया ने पहला, मोहिनी ने दूसरा व सोनाली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में रोशनी कसौधन को पहला, साक्षी त्रिपाठी को दूसरा व संगीता को तीसरा स्थान मिला। इसी तरह कला प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में सृष्टि कसौधन पहले, सुधा दूसरे व संस्कृति तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं जूनियर वर्ग की कला प्रतियोगिता में चंचल गुप्ता ने पहला, अंशिका ने दूसरा व प्रिंसी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने कहा कि हमारे भारत में नारी पूजनीय रही हैं। अवधेश चौधरी, राजेश कुमार द्विवेदी, विशनू उपाध्याय, हनुमान प्रसाद रहे।

### चोरी गई बैट्री बरामद चोर गिरफ्तार

**श्रावस्ती:** गिलौला थाना क्षेत्र के कोड़री दीगर गांव निवासी सदानन्द की ई-रिक्शा रविवार रात में घर के बाहर खड़ा था। रात में चोर ई-रिक्शा की बैट्री खोल ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस चोर की तलाश कर रही थी। सोमवार देर रात थानाध्यक्ष आशीष कुमार नाथूराम पुत्र बलवंते ग्राम पश्चिमी केवटनपुरवा को बैट्री समेत दबोच लिया।

# नेपाल से लायी जा रही किशोरी को एसएसबी ने किया रेस्क्यू

रुपईडीहा (बहराइच)

**अमृत विचार।** 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) रूपईडीहा ने मानव तस्करी के एक प्रयास को विफल करते हुए एक नेपाली नाबालिग लड़की को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। इस कार्रवाई में एक संदिग्ध नेपाली युवक को भी गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया।

कमांडेंट गिरीश चन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में बीओपी रुपईडीहा के जवानों ने एएचटीयू टीम के साथ संयुक्त रूप से बीआईटी चेकपोस्ट, रुपईडीहा पर नियमित चेकिंग के दौरान यह सफलता हासिल की। सोमवार शाम को नेपाल से भारत की ओर आ रही एक 17 वर्षीय नेपाली किशोरी को एक 22 वर्षीय युवक के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में रोका गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने संबंध के बारे में विरोधाभासी जानकारी दी, जिससे सुरक्षा बलों को संदेह हुआ।

इसके बाद एसएसबी एवं एएचटीयू टीम ने गहन पूछताछ की और किशोरी के परिजनों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया। जांच के दौरान लड़की के पिता से संपर्क होने पर उन्होंने पुष्टि की कि उनकी पुत्री को दो दिन पूर्व एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। साथ मौजूद युवक को उन्होंने पहचानने से इनकार कर दिया। वहीं विरोधाभासी बयानों के आधार पर मामला मानव तस्करी से संबंधित पाया गया, जिसके बाद एसएसबी एवं संबंधित एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोरी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।

# राप्ती नदी में डूबकर दो किशोरियों की मौत

- नहाने के दौरान हो गया हादसा परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** सोनवा थाना क्षेत्र स्थित नरायनपुर गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। राप्ती नदी में नहाने गई दो किशोरियों की नदी में डूबकर मौत हो गई। घंटों तलाश के बाद दोनों का शव बाहर निकाला गया और पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दो मौतों से परिजनों में कोहराम मचा रहा।


गुलशाना की फाइल फोटो।

सोनवा थाना क्षेत्र स्थित नरायनपुर गांव निवासी अंशु देवी (11) पुत्री धर्मराज सोनकर व गुलशना (14) पुत्री छोटकऊ आज दोपहर में नहाने के लिए राप्ती नदी में गई थी। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। दोनों किशोरियों को डूबता देख आस पास मौजूद लोग बचाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक दोनों पानी में डूबकर लापता हो गई। सूचना परिजनों को दी गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचित किया। साथ ही गांव के ही गोताखोर किशोरियों की तलाश करने लगे। घंटो तलाश के बाद दोनों किशोरियों का शव बरामद कर लिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि दोनों परिवार के लोग कई सालों से राप्ती नदी के दूसरी तरफ खेत में घर बनाकर रहते थे। घर के पास ही राप्ती नदी बह रही है। दोपहर में दोनों परिजनों को बिना बताए घर से नहाने के लिए राप्ती नदी पहुंच गई और नहाते समय यह हादसा हो गया।


किशोरियों के डूबने के बाद नदी किनारे मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

### स्व. कृष्ण कुमार गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

**जरवल रोड (बहराइच)।** ठा. भागौती सिंह किसान इंटर कॉलेज, जरवलरोड में प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी स्व. कृष्ण कुमार गुप्ता की स्मृति में विद्यालय प्रबंधन की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ ओम प्रकाश अवस्थी ने की तथा संचालन विद्यालय के प्रवक्ता संजय कुमार शुक्ला द्वारा किया गया।


स्व. कृष्ण कुमार गुप्ता को श्रद्धांजलि देते शिक्षक।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. गुप्ता जी समाज के ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने सदैव निस्वार्थ भाव से जनसेवा को प्राथमिकता दी। अध्यक्ष अवस्थी ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्व. गुप्ताजी का जीवन सेवा, सरलता और सामाजिक समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण था। जो सदैव स्मरणीय रहेगा। प्रधानाचार्य मेजर विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि स्व. गुप्ता जी का सहयोग और स्नेह विद्यालय परिवार के लिए अमूल्य धरोहर है। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मेजर विनोद कुमार मिश्रा प्रवक्ता ललित कुमार दीक्षित, कुंवर आनंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व. गुप्ताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शरद पोरवाल ज्ञानेश वर्मा, पूनम वर्मा एवं ओम प्रकाश गुप्ता, मो. इस्लाम, सत्य प्रकाश राव, महेन्द्र पाल आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूल में अतिरिक्त कक्षा कक्ष का हुआ उद्घाटन

**कैसरगंज (बहराइच)।** विकास खंड कैसरगंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय देवलखा में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्षाकक्ष का उद्घाटन प्रधान प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला महामंत्री सुबेद वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर न्याय पंचायत बदरौली की संकुल बैठक भी आयोजित की गई जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विचार-विमर्श किया गया इस अवसर पर सुबेद वर्मा ने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। अतिरिक्त कक्षाकक्ष बनने से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और पठन-पाठन की गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रभारी प्रधानाध्यापक आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि नए कक्षाकक्ष के निर्माण से छात्रों के बैठने की व्यवस्था सुदृढ़ होगी और शिक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जा सकेगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत के नामित सभासद अनिल सोनी, एआरपी विज्ञान रसल रघुवंशी, एआरपी अंग्रेजी डॉ क्षमा सिंह, एआरपी गणित सूर्यप्रताप जयसवाल सहित वरिष्ठ शिक्षक कमलेश श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह व महेन्द्र चौधरी, मुकेश शर्मा, फजील अहमद, सालिक राम वर्मा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव के साथ सौम्या त्रिपाठी, अंजना मौर्या, विनोद कुमार राव रहे।


उद्घाटन करते भाजपा जिला महामंत्री सुबेद वर्मा।

### शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि के लिए बनी कार्ययोजना

**पयागपुर (बहराइच)।** न्याय पंचायत शिवदहा मे आयोजित संकुल स्तरीय बैठक, महानिदेशक स्कूल शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय निशातगंज लखनऊ के आदेश के अनुपालन के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच आशीष कुमार सिंह के निर्देशन तथा खंड शिक्षा अधिकारी पयागपुर डाली मिश्रा के कुशल नेतृत्व में न्याय पंचायत शिवदहा की शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सेवढ़ा में किया गया। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और वृद्धि के लिए 30 दिन की कार्ययोजना बनाई गई बैठक का नेतृत्व वरिष्ठ पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय पिपरा कमाल ने और संचालन अजय कुमार श्रीवास्तव नोडल शिक्षक संकुल शिवदहा ने किया। बैठक में बच्चों के स्वागत, शिक्षक-छात्र आत्मीय संबंध, बेस लाइन आकलन, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सहयोग, आउट ऑफ स्कूल/ड्राप आउट बच्चों की पहचान और शत प्रतिशत नामांकन, रोचक गतिविधियों का कक्षा शिक्षण में अनिवार्य समावेशन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रदीप तिवारी, अखिलेश यादव, हरिओम, चंद्र शेखर तिवारी, अनिल सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव, अंकुर शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर आदित्य विद्यार्थी, क्षमा मिश्रा, मोनिका यादव, पेशकार तिवारी, दिनेश कुमार, एकता सिंह, मनोज लता यादव, पुनीत कुमार, संतोष यादव, महिमा दुबे, उमा शंकर शुक्ला, राम धीरज, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### अधिकारी व शिक्षकों के बीच बैठक संपन्न

**रुपईडीहा (बहराइच)।** इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र उच्च प्राथमिक विद्यालय रूपईडीहा केवलपुर के मीटिंग हॉल में मंगलवार को शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने की। बैठक में स्थानीय शिक्षकों के साथ पठन-पाठन की वर्तमान स्थिति, विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति तथा शिक्षण कार्य को और बेहतर बनाने के उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान शिक्षकों से विद्यालय में चल रहे शैक्षणिक कार्यों की जानकारी ली गई तथा बच्चों की शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने शिक्षकों को नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों की आधारभूत शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों को अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में नोडल शिक्षक संकुल धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षकों को समन्वित प्रयासों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षक अभिराज सैनी, शैलेंद्र शर्मा, आनंद भूषण मिश्रा, आनंद श्रीवास्तव, आलिया खातून, श्वेता, फरीद अहमद, राहुल कुमार सोनी, शीबा तरन्नुम, संदीप कुमार, प्रेमा यादव, रजनी, विवेक शुक्ला, अमित कुमार, कुंज बिहारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिकायतों का समय से निस्तारण करें: एसपी

कैसरगंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना कैसरगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अभिलेखों, महिला हेल्पडेस्क तथा लंबित प्रार्थना पत्रों की गहन समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने फरियादियों से फीडबैक लेने पर विशेष जोर दिया, जिससे पुलिस कार्यप्रणाली की पारदर्शिता और विश्वास बढ़ सके।

पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में आने वाले आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने के साथ साथ उन्होंने बैठने की उचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान के लिए थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला को निर्देशित किया। मालखाना निरीक्षण के दौरान उन्होने अभिलेखों एवं माल सामग्री को सुरक्षित व सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने थाना परिसर, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, हवालात, बैरक, मेस एवं शौचालयों का बारीकी से निरीक्षण कर स्वच्छता, पानी की उपलब्धता एवं संसाधनों के बेहतर रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने व सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी सही दिशा सुनिश्चित करने के भी सख्त निर्देश दिए गए। इसके पश्चात क्षेत्राधिकारी कार्यालय कैसरगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, थाना प्रभारी राजेश कुमार शुक्ला सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


थाना कैसरगंज का निरीक्षण करते एसपी व मौजूद अन्य अधिकारी।

# कलश यात्रा के साथ भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ शुरू

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** विकासखंड पयागपुर के पंडितपुरवा नरायनपुर में मंगलवार को आस्था और भक्ति का उल्लास नजर आया। गाजे-बाजे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 51 सुहागिन महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाल कर श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'जय श्री कृष्णा' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

कथा आयोजक सत्यवती देवी पत्नी सत्यनारायण शुक्ला ने बताया कि यज्ञ के प्रथम दिन श्रद्धालु ककरहा कुट्टी बाबा गायब गिरी की तपोस्थली के सरयू नदी पहुंचे। वहां से पवित्र जल भरकर कलश यात्रा कथा पंडाल पहुंची, जहां जल कलश की स्थापना की गई। इसके पश्चात संगीतमय कथा का शुभारंभ हुआ कथा व्यास पंडित संतकुमार पांडे 'त्यागी जी महाराज' ने प्रथम दिन भागवत महात्म्य और महाराज सुखदेव के जन्म प्रसंग की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भागवत कथा अलौकिक है। कलश यात्रा के दौरान पूर्व इंस्पेक्टर विजय बहादुर शुक्ला, बीडीसी डॉ. मुकेश कुमार शुक्ला, अधिवक्ता सुरेश कुमार शुक्ला, डॉ. अजय कुमार शुक्ला, रवि शुक्ला, आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, पंडित कृष्णनंद तिवारी, खुशी, वैष्णवी, तानवी, आस्था, वैभव, रुद्राक्ष, नीलाम्बुज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे।


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

तैनाती

नवागत डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने श्रावस्ती की कमान संभालते हुए कहा-सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ होगा कार्य

# नागरिकों की समस्याओं के समाधान को दी जाएगी प्राथमिकता : डीएम

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** नवागत डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने मंगलवार की कमान संभाल ली है। उन्होने जिले में 38वें डीएम के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

नवागत डीएम 2016 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे विशेष सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पद पर तैनात थी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। पद संभालने के बाद नवागंतुक डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचे। उन्होंने ने बताया कि वह जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, विकास कार्यों की गति तेज करने तथा शिकायतों के प्रभावी समाधान पर विशेष ध्यान देंगी। आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान सीडीओ शाहिद अहमद, एडीएम न्यायिक अशोक कुमार, एसडीएम प्रवीण यादव, संजय कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में चार्ज लेतीं डीएम अन्नपूर्णा गर्ग। अमृत विचार

### निवर्तमान डीएम को मिली विदाई, नवागन्तुक का हुआ स्वागत

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को निवर्तमान डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय का विदाई समारोह व नवागन्तुक डीएम अन्नपूर्णा गर्ग का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नवागत डीएम सहित अधिकारियों ने निवर्तमान डीएम को बुके, स्मृति चिन्ह व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना की। इस दौरान नवागन्तुक डीएम ने कहा कि निवर्तमान जिलाधिकारी ने जिले के विकास कार्यक्रमों/योजनाओं में जो अपनी जो भूमिका निभाई है, वह अतुलनीय है, उसे कभी भुलाया नही जा सकता है। उनके अधूरे विकास कार्यों को समय से पूरा कराया जायेगा। साथ ही चल रहे विकास कार्यो को निरन्तर आगे बढ़ाया जाएगा। राजस्व, कानून व्यवस्था व विकास जिला प्रशासन का महत्वपूर्ण अंग है। यदि सभी अधिकारियों का इसी तरह सहयोग मिलता रहे तो निश्चित ही जनसहयोग से जिले का विकास निरन्तर आगे बढता रहेगा। निवर्तमान डीएम के कार्यव्यवहार की प्रशंसा करते हुए सीडीओ शाहिद अहमद ने कहा कि वे एक अच्छे व्यक्तित्व एवं कुशल कार्यशैली के धनी व्यक्ति हैं। उनके अपने कार्य व्यवहार के कारण जिले में अपना एक अलग स्थान प्राप्त किया है। निवर्तमान डीएम ने कहा कि जिले में सभी विभागीय अधिकारियों के सहयोग से इस जिले को नई उंचाइयों पर पहुंचाया गया है, जिनका श्रेय सभी अधिकारियों को देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने श्रावस्ती में बिताए अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन स्वास्थ्य व शिक्षा यहां के लोगों की पहली आवश्यकता है। इस दौरान पीडी अश्वनी कुमार, डीएसओ दीपक कुमार वार्ष्णेय, आपदा विशेषज्ञ अरूण कुमार मिश्र, जिला समन्वयक राज कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


निवर्तमान डीएम को विदाई देते सीडीओ, साथ में डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार



कभी-कभी क्लास बंक करके दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करना बेहतर होता है, क्योंकि अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो नंबर मुझे हंसाते नहीं, बल्कि यादें हंसाती हैं।

**एपीजे अब्दुल कलाम**, पूर्व राष्ट्रपति

अमृत विचार

बुधवार, 22 अप्रैल 2026

# रणनीतिक साझेदारी

भारत-दक्षिण कोरिया के बीच हुए हालिया समझौते केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और वैश्विक व्यापार में उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच होर्मुज संकट, आपूर्ति श्रृंखला के टूटने और वैश्विक ध्रुवीकरण के इस दौर में भारत और दक्षिण कोरिया द्वारा द्विपक्षीय सहयोग के तहत 25 अहम समझौते करना तथा 2030 तक आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य इसके एक रणनीतिक उत्तर के रूप में देखा जाना चाहिए। ये समझौते बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के संकेत हैं।

समझौतों का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि सहयोग का विस्तार पारंपरिक व्यापार से आगे बढ़कर रणनीतिक और उच्च तकनीकी क्षेत्रों तक है। सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, शिपबिल्डिंग, रक्षा उत्पादन और महत्वपूर्ण खनिज इसके कुछ उदाहरण हैं। 'चिप से शिप' तक का यह विस्तार भारत की उस नीति के अनुरूप है, जिसमें वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय विकल्प बनना चाहता है। दक्षिण कोरिया की उन्नत तकनीक और भारत के विशाल बाजार और श्रमबल का संयोजन इस साझेदारी को स्वाभाविक मजबूती देता है। शिपबिल्डिंग में सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। दक्षिण कोरिया इस क्षेत्र का वैश्विक नेता है और भारत अपनी समुद्री क्षमता बढ़ाने के प्रयास में है। दक्षिण भारत में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड शिपयार्ड और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल औद्योगिक विकास को गति देंगे, बल्कि भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सामरिक बढ़त भी दिला सकते हैं। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त उत्पादन और टेक्नोलॉजी साझेदारी भारत की 'आत्मनिर्भर रक्षा' नीति को गति दे सकती है। वहीं सेमीकंडक्टर और डिजिटल ब्रिज जैसे समझौते भारत की तकनीकी संप्रभुता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम हैं। यह विशेष महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि वैश्विक चिप आपूर्ति पर अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा का गहरा प्रभाव है। इन समझौतों के कई सकारात्मक पहलू हैं, पर कुछ सवाल भी। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार असंतुलित है, भारत का आयात अधिक है, निर्यात कम। यदि इस असंतुलन को ठीक नहीं किया गया तो यह साझेदारी एकतरफा लाभ की ओर झुक जाएगी। भारत में 700 से कम कोरियाई कंपनियां सक्रिय हैं, जो बहुत कम है। छोटे और मझोले कोरियाई उद्यमों के लिए औद्योगिक टाउनशिप की योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए हमें अपने नियामक ढांचे, भूमि अधिग्रहण और निवेश का वास्तविक प्रवाह तथा श्रम सुधारों में खासी तेजी लानी होगी।

आखिरी बात यह कि पश्चिम एशिया के संघर्ष के चलते यदि समुद्री मार्ग बाधित होते हैं और ऊर्जा कीमतें बढ़ती हैं, तो निवेश और उत्पादन लागत दोनों प्रभावित होंगे। इन सबके बावजूद समझौतों का व्यापक प्रभाव सकारात्मक है। यह भारत को दुनिया में चीन-निर्भर आपूर्ति श्रृंखलाओं के विकल्प के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा। साथ ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक स्थिर और नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देगा, जो दोनों देशों के साझा हित में है।

## प्रसंगवश

# स्वच्छ भारत मिशन ने बदली गांवों की तस्वीर



**रागिनी कुमारी**
एक्टिविस्ट

स्वच्छता किसी भी समाज की बुनियादी पहचान होती है। यह केवल स्वास्थ्य से नहीं, बल्कि सामाजिक विकास और सम्मान से भी जुड़ी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का स्तर किसी जिले के समग्र विकास का आईना होता है। अधिकांश ग्रामीण इलाकों में खुले में शौच एक आम समस्या थी। गांवों की गलियों और खेतों के आसपास गंदगी फैली रहती थी, जिससे मलेरिया, डायरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता था, लेकिन वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन लागू होने के बाद से इस स्थिति में धीरे-धीरे बदलाव देखने को मिला है।

स्वच्छ भारत मिशन ने ग्रामीण क्षेत्र में अहम किरदार अदा किया है, जिसके तहत सरकार द्वारा प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय निर्माण के लिए 12,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस राशि में केंद्र और राज्य सरकार का संयुक्त योगदान होता है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार का होता है। इस सहायता राशि ने गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों को अपने घर में शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित किया। दूसरी ओर अब गांवों की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर पहले की तुलना में कम गंदगी दिखाई देती है। लोग घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित हुए हैं।

केंद्र और राज्य सरकार ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कई अन्य योजनाएं भी लागू की हैं। स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में अब केवल शौचालय निर्माण ही नहीं, बल्कि ठोस और तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत गांवों में कचरा संग्रहण केंद्र, कम्पोस्ट गड्ढे और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। छोटे गांवों के लिए प्रति व्यक्ति लगभग 60 रुपये तक ठोस कचरा प्रबंधन और 280 रुपये तक गंदे पानी के प्रबंधन के लिए सहायता दी जाती है। इससे गांवों में स्वच्छता बनाए रखने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो रही है।

वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में भी स्वच्छता को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है। इस बजट में स्वच्छ भारत मिशन के लिए कुल लगभग 9,692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के लिए 7,192 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए यह राशि महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

गांव के विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण होने से बच्चों, विशेषकर लड़कियों की उपस्थिति में भी सुधार हुआ है। इससे न केवल स्वच्छता बढ़ी है, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके बावजूद चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। कई बार शौचालय बनने के बाद भी उसका नियमित उपयोग नहीं किया जाता या उसकी साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता।

इसी प्रकार कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए पर्याप्त संसाधनों और तकनीकी ज्ञान की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी और पुराने व्यवहार भी इस दिशा में बाधा बनते हैं, इसलिए केवल सरकारी योजनाएं ही नहीं, बल्कि सामुदायिक सहभागिता भी इस अभियान की सफलता के लिए आवश्यक है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं)

# नया समझौता भारत-रूस मैत्री का अहम पड़ाव





**दिग्विजय सिंह**
कानपुर

रूस, भारत का स्वाभाविक मित्र है। जब भी भारत पर किसी भी तरह का संकट आया, रूस ने संकटमोचक की भूमिका अदा की। रूस को अपने पाले में करने के लिए पाकिस्तान ने एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है, लेकिन भारत और रूस के बीच हुए एक अहम समझौते ने न सिर्फ पाकिस्तान को परेशान कर दिया है, बल्कि चीन और अमेरिका जैसे देश भी सकते में हैं। अमेरिका तो कभी नहीं चाहता कि रूस और भारत की दोस्ती बनी रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो इस दोस्ती को खत्म कराने के लिए एक के बाद एक चाल चली, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। भारत की रूस से दोस्ती और गहरी हो गई।

भारत और रूस के बीच हुए अहम समझौते के तहत अब दोनों देश एक-दूसरे के देश में तीन हजार सैनिकों के अतिरिक्त 10 लड़ाकू विमान, पांच युद्धपोत तैनात कर सकेंगे। दशकों पुराने दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच हुआ ये ऐतिहासिक करार से पाकिस्तान के हुक्मरान चिंतित हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस वक्त क्वाड और नाटो की तर्ज पर ही इस्लामिक नाटो का खाका खींचने में लगे हुए हैं। उनके इस प्लान को तुर्किए, मिश्र और सऊदी अरब ने समर्थन दिया है। इससे भारत की चिंता बढ़ी है।

पाकिस्तान के दोगलेपन का जो इतिहास है, उससे यह सभी को पता है कि इस्लामिक नाटो यदि बन भी जाता है, तो बहुत दिन तक टिक नहीं पाएगा, क्योंकि पाकिस्तान स्वार्थी देश है और जहां उसे लगेगा कि इस गठबंधन से उसका आर्थिक नुकसान हो रहा है, तो वह तुरंत बाहर भी आ जाएगा। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच नाटो की तरह ही पिछले वर्ष समझौता हुआ था। इसके तहत इनमें से किसी भी देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा, लेकिन ईरान द्वारा सऊदी अरब पर की गई बमबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना चुप रही। उसने सऊदी अरब की तरफ से ईरान को कोई जवाब नहीं दिया।

भारत और रूस के बीच लॉजिस्टिक्स सपोर्ट के पारस्परिक आदान-प्रदान के इस समझौते से अब पूरी दुनिया को पता लग गया है कि यह दोस्ती अटूट है। उसे न तो ट्रंप टैरिफ रूपी हथियार से तोड़ पाएंगे न ही चीन, रूस पर दबाव बनाकर खत्म करा पाएगा। पाकिस्तानी एक्सपर्ट तो अब यहां तक कहने लगे हैं कि रूस, भारत पर दांव लगाकर बेवकूफी कर रहा है, हालांकि पाकिस्तानी एक्सपर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के कायल नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि भारत बड़ी ही खूबसूरती से अमेरिकी निवेश, रूस के हथियार और चीन के उत्पाद एक साथ चाहता है और इसमें सफल भी हो रहा है।

रूस की चीन के साथ पारंपरिक दोस्ती है। कई मौकों पर चीन ने रूस की मदद भी की है। ऐसे में अब पाकिस्तान को यह लग रहा है कि कहीं चीन और भारत के कड़वाहट भरे दिन दूर न हो जाएं। अगर चीन और भारत की दोस्ती रूस के जरिए और गहरी होती है, तो इसका नुकसान पाकिस्तान को ज्यादा होगा। भारत में इसी साल होने वाली ब्रिक्स देशों की बैठक में चीनी राष्ट्रपति के भी आने की उम्मीद है। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच कड़वाहट आई थी, लेकिन अब धीरे-धीरे वह खत्म हो रही है। इसमें रूस भी बहुत हद तक दोनों देशों की मदद कर रहा है।

चीन नहीं चाहता था कि रूस और भारत के बीच यह समझौता हो, लेकिन इस समझौते पर उसने किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया भी नहीं दी है, क्योंकि वह भारत से बिगड़ चुके रिश्ते को बहाल करने में लगा हुआ है। इस समझौते से अब भारत, रूस के मुरमांस्क और सेवेरोमोर्स्क में स्थित बड़े बंदरगाहों का उपयोग आसानी से कर सकेगा। यह समझौता सामरिक दृष्टि से भी दोनों देशों के लिए बड़ा मददगार होगा। रूस को हिंद महासागर में भारतीय नौसेना से लॉजिस्टिक्स सहयोग मिलेगा। इससे रूस को ईंधन भरने, मरम्मत, कलपुर्जे और अन्य सहायता मिलने में आसानी होगी। यह समझौता दोनों देशों को लंबी दूरी के अभियानों में पैसे और समय की बचत करने में मदद भी करेगा।

इंडो-रशियन रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट' फरवरी 2025 में हुआ था, जो अब पूरी तरह से लागू हो गया है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और मानवीय सहायता अभियानों में संयुक्त रूप से शामिल होंगी। यह केवल सैन्य तैनाती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें लॉजिस्टिक सहयोग का भी प्रावधान किया गया है। दोनों देश युद्धपोतों को बंदरगाह सेवा, मरम्मत सुविधा, पानी, भोजन और अन्य तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही सैन्य विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल, उड़ान से जुड़ी सूचनाएं, नेविगेशन सिस्टम का उपयोग, पार्किंग और सुरक्षा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

भारत रूस से सर्वाधिक हथियारों की आपूर्ति करता है। अगर इतिहास की बात करें तो रूस हर मौके पर भारत के साथ खड़ा रहा है। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ, तो ब्रिटेन-अमेरिका जैसे देश भारत के विरुद्ध खड़े हो गए थे। उस समय सोवियत संघ (रूस) ही था, जिसने सीना तानकर भारत की मदद का न सिर्फ एलान किया, बल्कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों को स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी ने पाकिस्तान की सैन्य मदद करने की कोशिश की तो वह भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेगा।

यहां तक संयुक्त राष्ट्र संघ में भी रूस ने वीटो करके भारत को राजनयिक सुरक्षा प्रदान की थी। रूस की सक्रियता के कारण ही चीन, पाकिस्तान की मदद नहीं कर पाया था, जबकि पाकिस्तान को उम्मीद थी कि ब्रिटेन, अमेरिका और चीन उसके पक्ष में भारत के विरुद्ध हमले करेंगे। विदेशी मामलों के कुछ जानकार कहते हैं कि भारत और रूस के बीच कई और सामरिक समझौते जल्द होंगे, जो दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

> भारत और रूस के बीच हुए अहम समझौते के तहत अब दोनों देश एक-दूसरे के देश में तीन हजार सैनिकों के अतिरिक्त 10 लड़ाकू विमान, पांच युद्धपोत तैनात कर सकेंगे।

## आमने सामने



उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी यही चाहते हैं कि सिर्फ उनकी पत्नी सांसद बनकर लोकसभा जाएं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश में 272 बहनें लोकसभा पहुंचें और महिलाओं को सही मायने में सशक्त बनाया जाए।

**-सम्राट चौधरी**
मुख्यमंत्री, बिहार



जघन्य अपराध करने वाले, अपराध से बचने के लिए उम्र बदलने वाले, विचारहीन और सिद्धांतहीन होकर दल बदलने वाले, किसी को छल से हटाने वाले तथा भ्रष्टाचार के शिरोमणि कहलाने वाले व्यक्ति बिहार के मुख्यमंत्री कैसे बन सकते हैं?

**-अखिलेश यादव**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा

# देश के लिए अहम है फास्टब्रीडर रिएक्टर कार्यक्रम



**रनबीर सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार

इस महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु में कल्पक्कम पहुंचे और 500 मेगाइलेक्ट्रान क्षमता तक बिजली बनाने वाले एक 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' को इनके सामने चालू किया गया। परमाणु संयंत्र ने सफलतापूर्वक 'क्रिटिकैलिटी' हासिल की। भारत पहले से ही यूरेनियम खनिज को एनरिच करके और बाहर से खरीद कर भी 20 परमाणु संयंत्रों को चलाकर बिजली बना रहा है। भारत के इस पहले चरण में परमाणु विद्युत् ऊर्जा उत्पादन के लिए संवृद्ध यूरेनियम-235 का इस्तेमाल होता है। दूसरे चरण के विकास में थोरियम खनिज से विद्युत् उत्पादन आता है, जिसके लिए पहले टेस्ट रिएक्टर बनाया गया और अब पूरी क्षमता का फ़ास्ट ब्रीडर रिएक्टर बना कर चालू किया है, जिसके लिए थोरियम खनिज से प्राप्त प्लूटोनियम का इस्तेमाल हुआ है।

इसे फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में इस्तेमाल होने वाले फ्यूल ग्रेड मटीरियल में बदलने की प्रक्रिया में न्यूट्रॉन एक्टिवेशन, यूरेनियम-233 का विखंडन, ऊर्जा का उपयोग और लगातार ब्रीडिंग वाले चरण शामिल होते हैं। थोरियम-232 एकल/सिंगल न्यूट्रॉन सोख लेता है और थोरियम-233 में बदल जाता है जो टूटकर प्रोटैक्टिनियम-233 बनता है। यह आगे टूटकर यूरेनियम-233 बन जाता है, जिसका विखंडन होता है और इस प्रक्रिया में यह ऊर्जा और अतिरिक्त न्यूट्रॉन पैदा करके कुछ और विखंडन उत्पाद बनता है। विखंडन से मिली ऊर्जा गर्मी में बदल जाती है, जिसका इस्तेमाल फिर बिजली बनाने के लिए किया जाता है। थोरियम को प्रॉसेस करके एक न्यूक्लियर फ्यूल के तौर पर काम में लाया जा सकता है, भले ही वह शुरू में विखंडनीय न हो। रिएक्टर की कोर में ऐसी व्यवस्था की जाती है, जिससे यूरेनियम-233 की लगातार ब्रीडिंग होती है और नियंत्रित तरीके से उसका इस्तेमाल संभव है। थोरियम फ्यूल आधारित रिएक्टर प्रॉसेस्ड और एनरिच्ड और मिक्स्ड ऑक्साइड फ्यूल के इस्तेमाल और कचरा कम करने के मामले में ज़्यादा कुशल हैं।

थोरियम फ्यूल साइकिल को यूरेनियम-आधारित न्यूक्लियर रिएक्टरों के एक व्यवहार्य पूरक विकल्प के तौर पर पहचान मिली है, क्योंकि इसमें न्यूक्लियर सुरक्षा, प्रसार और स्थिरता है। भारत ने इस विकल्प को इसलिए चुना है, क्योंकि हमारे पास केरल के समुद्र तट पर थोरियम का विशाल भंडार है, जो अगले पांच सौ साल तक बिजली की वर्तमान खपत बढ़ने के बाद भी ख़त्म नहीं होने वाला नहीं। संवर्द्धित यूरेनियम सप्लायर देशों पर इससे हमारी निर्भरता कम हो जाएगी। हमारा फास्ट ब्रीडर रिएक्टर सोडियम तरल से ठंडा किया जाता है। थोरियम-आधारित परमाणु ऊर्जा के प्रति चीन का दृष्टिकोण भी पारंपरिक ठोस-ईंधन वाले फ़ास्ट ब्रीडर रिएक्टरों की तुलना में अलग तरह से डिज़ाइन किया गया है।

चीन मुख्य रूप से मोल्टन सॉल्ट रिएक्टरों को विकसित करने में अग्रणी है, जो पारंपरिक रिएक्टरों में इस्तेमाल होने वाली ठोस ईंधन छड़ों के बजाय तरल ईंधन का उपयोग करते हैं। भारत ने ऐसा नहीं किया, बल्कि सुरक्षा कारणों की समीक्षा करके प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के लिए यूरेनियम-प्लूटोनियम मिक्स्ड ऑक्साइड फ्यूल राड्स का इस्तेमाल किया है। थोरियम-232 का इस्तेमाल कोर के चारों ओर एक ठोस ब्लैंकेट सामग्री के तौर पर किया जाता है, ताकि भविष्य में इस्तेमाल के लिए यूरेनियम-233 बनाया जा सके। इस तरह यह तरल ईंधन के इस्तेमाल के बजाय एक ठोस-अवस्था वाली ब्रीडिंग प्रक्रिया बन जाती है।

कलपक्कम में चालू किया गया प्रोटोटाइप फ़ास्ट फ्रीडर रिएक्टर हमारी न्यूक्लियर इंजीनियरिंग उद्यमिता को दर्शाने के अलावा विशाल थोरियम भंडारों का उपयोग करने की दिशा में एक तसल्ली बख्श कदम है। रूस के बाद, भारत ने ही कमर्शियल-स्केल पर फास्ट ब्रीडर रिएक्टर चला कर यह क्षमता हासिल की है। प्रोटोटाइप रिएक्टर में लिक्विड सोडियम कूलेंट का इस्तेमाल करके यूरेनियम-238 को प्लूटोनियम-239 में बदला जाता है। कलपक्कम में स्थापित इस पहले प्रोटोटाइप रिएक्टर का डिजाईन स्थित इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने और फेब्रिकेशन इंजीनियरिंग का कार्य भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड ने किया है। इस कार्य में 200 से ज़्यादा भारतीय उद्योगों का अहम योगदान रहा है, जिसने साबित किया है कि परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल करने के लिए सभी तरह की प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग में हमें इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर लिया है।

कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की 500 मेगा इलेक्ट्रान वोल्टस विद्युत उत्पादन इकाई के लिए मॉक्स-फ्यूल या मिक्स्ड-ऑक्साइड ईंधन इस्तेमाल हुआ है। यह एक ऐसा परमाणु ईंधन है, जिसे प्लूटोनियम ऑक्साइड को यूरेनियम ऑक्साइड के साथ मिलाकर बनाया जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> कलपक्कम में चालू किया गया प्रोटोटाइप फास्ट फ्रीडर रिएक्टर हमारी न्यूक्लियर इंजीनियरिंग उद्यमिता को दर्शाने का तसल्ली बख्श कदम है।

## सोशल फोरम

# नेहरू परिवार की यहूदी बहू



**राज गोपाल सिंह वर्मा**
लेखक

इतिहास में कुछ जीवन ऐसे होते हैं जो अपने भीतर की संवेदनशीलता और साहस के कारण याद किए जाते हैं। शोभा नेहरू, जिन्हें परिवार और मित्र 'आंटी फोरी' कहकर पुकारते थे, ऐसी ही एक असाधारण स्त्री थीं। उनका जीवन किसी उपन्यास की तरह कई महाद्वीपों, संस्कृतियों और संकटों से होकर गुजरा और हर मोड़ पर उन्होंने एक नया रूप धारण किया।

बुडापेस्ट की एक यहूदी लड़की के रूप में जन्मी फोरी ने बचपन में ही हिंसा और भय का चेहरा देखा। उन्होंने बाद में याद किया था कि एक बार ट्रेन से यात्रा करते हुए उन्होंने रास्ते में पेड़ों से लटके लोगों को देखा था। वह दृश्य उनके मन में हमेशा के लिए बस गया। उस समय शायद उन्हें यह आभास नहीं था कि जीवन उन्हें एक ऐसे देश में ले जाएगा, जहां वे केवल एक परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि संकट के समय लोगों की संरक्षक बनेंगी।

लंदन में पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात जवाहर लाल नेहरू के भतीजे बृज कुमार नेहरू से हुई। प्रेम हुआ और फिर विवाह का निर्णय। यह निर्णय आसान नहीं था। उस समय धर्म, जाति और नस्ल के प्रश्न विवाह के रास्ते में बड़ी दीवार की तरह खड़े होते थे। फिर भी उन्होंने जोखिम उठाया और 1935 में लाहौर में हिंदू रीति से विवाह किया। भारत आने पर उन्होंने जीवन का ढंग भी बदल लिया। साड़ी पहनना, हिंदी सीखना और भारतीय परिवार की परंपराओं में घुलना उनके लिए एक आत्मिक परिवर्तन की तरह था।

उनके ससुराल वालों ने उनका नाम शोभा रखा, जिसका अर्थ है चमक या सौंदर्य। इस विवाह को व्यापक रूप से प्रचारित किया गया और इसकी तस्वीरें कई समाचार पत्रों में छपीं। नेहरू परिवार ने फोरी को पूरी तरह स्वीकार किया। जवाहरलाल नेहरू उस समय जेल में थे, जिनसे मिलने फोरी भी गई थीं। बीके नेहरू अपनी आत्मकथा 'नाइस गाइज़ फ़िनिश सेकेंड' में लिखते हैं, 'जवाहर लाल की नज़र से ये छिपा नहीं रह सका कि फोरी की आंखों में आंसू थे। अगले दिन उन्होंने फ़ोरी को पत्र लिख कर कहा, अब जब तुम नेहरू परिवार का सदस्य बनने जा रही हो, तुम्हें परिवार के क़ायदे-क़ानून भी सीख लेने चाहिए। सबसे पहली चीज़ जिस पर तुम्हें ध्यान देना चाहिए, वो ये है कि चाहे जितना बड़ा दुख हो, नेहरू कभी किसी के सामने नहीं रोते।'

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# तेजी से बढ़ा तापमान बदलते मौसम का चेतावनी संकेत



**संध्या अग्रवाल**
लेखिका

इस वर्ष गर्मी ने अपने तेवर समय से पहले ही दिखाने शुरू कर दिए हैं। अप्रैल के महीने में ही तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह केवल मौसम का सामान्य बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरे पर्यावरणीय संकट की ओर संकेत करता है। यह स्थिति हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम वास्तव में प्रकृति के संतुलन को समझ पा रहे हैं, या फिर हम इन परिवर्तनों को अनदेखा करते हुए उन्हें सामान्य मानने लगे हैं। कभी जो मौसम अपने निर्धारित समय और स्वरूप के अनुसार चलता था, आज वह असंतुलित होता दिखाई दे रहा है। असामान्य गर्मी, अनियमित वर्षा और बढ़ता जल संकट, ये सभी संकेत हैं कि प्रकृति के साथ हमारा संबंध अब संतुलित नहीं रह गया है।

शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की तेज गति ने विकास तो दिया है, लेकिन इसके साथ पर्यावरणीय दबाव भी लगातार बढ़ाया है। शहरों में कंक्रीट का विस्तार, हरियाली की कमी और प्राकृतिक सतहों का नष्ट होना तापमान को और अधिक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बढ़ती गर्मी का प्रभाव केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, जल संसाधनों और कृषि व्यवस्था पर भी गहरा असर डाल रहा है। हीटवेव की घटनाएं अब अधिक सामान्य होती जा रही हैं, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और श्रमिक वर्ग को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय तक तेज गर्मी में काम करने वाले लोगों के लिए यह स्थिति कई बार जानलेवा भी हो सकती है। इसके साथ ही, फसलों पर पड़ने वाला प्रभाव खाद्य सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है।

जल स्रोतों का सूखना और पानी की कमी इस संकट को और गंभीर बना रही है। भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और कई क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों की अनदेखी ने इस समस्या को और गहरा कर दिया है। इसके साथ ही, प्रदूषण इस संकट को बढ़ाने वाला एक प्रमुख कारण है। वायु प्रदूषण वातावरण के तापमान को प्रभावित करता है, जबकि जल और भूमि प्रदूषण प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता को कम करता है। विशेष रूप से प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।

प्लास्टिक कचरा न केवल जमीन और जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, बल्कि इसके कारण पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। ऐसे में आवश्यक है कि हम प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करें और उसके स्थान पर इको-फ्रेंडली विकल्पों को अपनाएं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि हम इन परिवर्तनों को धीरे-धीरे सामान्य मानने लगे हैं। एयर कंडीशनर और कूलर के सहारे हम अस्थायी राहत तो पा लेते हैं, लेकिन यह समाधान नहीं, बल्कि समस्या को और बढ़ाने का एक कारण भी बनता है।

ऊर्जा की बढ़ती खपत और उससे जुड़ा प्रदूषण इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। यह समय केवल चिंता करने का नहीं, बल्कि अपनी जिम्मेदारी को समझने और उसे निभाने का है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक का सीमित उपयोग और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली— ये छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तन की दिशा तय कर सकते हैं। इसके साथ ही, नीति स्तर पर भी ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाने की आवश्यकता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# आदिवासी कला का पुनरुत्थान

भारतीय आदिवासी कला के इतिहास में सन् 1980 का दशक सदैव याद किया जाएगा, क्योंकि इस समय मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भवन की स्थापना हुई और भारतीय आदिवासी कला का तो जैसे पुनरुत्थान काल आरंभ हुआ। उस समय तक लोग आदिवासी चित्रकला के नाम पर महाराष्ट्र के वारली, मध्य प्रदेश के भील, गुजरात के राठवा और ओडिशा के सौरा आदिवासियों के चित्र ही जानते थे। इनमें भी वारली आदिवासियों के चित्र प्रसिद्धि के शिखर पर थे।



मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली



## कलाकारों की खोज का अभियान

भारत भवन की स्थापना के साथ ही प्रसिद्ध चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के विभिन्न आदिवासी समुदायों की कला परंपराओं और प्रतिभाशाली कलाकारों की खोज का एक सुविचारित अभियान आरंभ हुआ। इसका केंद्रबिंदु आदिवासी मानस की सृजन क्षमता की पहचान, परख और उसे पल्लवित होने के अवसर प्रदान करना था। परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश की परधान, गोंड, बैगा , मुरिया, भील, भिलाला, कोरवा, नगेसिया, बादी, कोरकू , भारिया, ओरांव जैसे अनेक आदिवासी समुदायों के कलाकार सामने आए। इनके साथ ही अनेक पिछड़े समुदायों के लोक कलाकारों को भी पहचान मिली। इस आभियान का फोकस समुदाय से अधिक व्यक्तिगत सृजनशीलता और संभावनाओं पर था। अत : किसी कलाकार के व्यक्तिगत सृजन को भी उसकी समूचि समुदायिक कला चेतना की अभिव्यक्ति का परिणाम मान लिया गया। यह स्थिति प्रधान-गोंड चित्रकार जनगढ़ सिंह श्याम के साथ रही और यही स्थिति बस्तर के मुरिया चित्रकार बेलगूर तथा झाबुआ की भील चित्रकार भूरी बाई और लड़ो बाई के साथ रही। उनकी व्यक्तिगत चित्रकारी क्षमताएं ही उनके समुदाय की प्रतिनिधि चित्रकला समझी जाने लगीं। यहां यह बता दूं कि मैं व्यक्तिगत तौर पर भारत भवन, भोपाल के इस अभियान का अंग रहा हूं और यह सब कुछ मेरी आंखों के सामने हो रहा था।

## बैगा जनजाति में विकसित होती कला

भोपाल में स्वामीनाथन के प्रयोगों की सफलता से प्रेरित और उत्साहित होकर अन्य स्थानों पर अन्य अनेक कलाकारों एवं कला संस्थाओं ने इसी प्रकार के प्रयोग करना आरंभ किए। कुछ प्रयोग सफल भी हुए और कुछ आगे नहीं बढ़ सके। सन् 1985 के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में ख्यातिप्राप्त चित्रकार हाकु भाई शाह ने गणेश जोगी और



उनकी पत्नी तेजल बेन के साथ ऐसा ही प्रयोग आरंभ किया और उनसे चित्र बनवाना आरंभ किया। गणेश जोगी मूलतः राजस्थान की घुमक्कड़ जोगी समुदाय से थे, जो गांव-गांव घूमकर भजन और लोक कथाएं गाते हैं। उस समय राजस्थान में सूखा पड़ा था और गणेश का परिवार मजदूरी की तलाश में अहमदाबाद आया था। वे और उनकी पत्नी सड़क किनारे गड्ढे खोदने का काम कर रहे थे, जहां से हाकु शाह उन्हें लाए थे। हाकु शाह का प्रयोग सफल रहा गणेश और तेजल दोनों ही प्रतिभा संपन्न निकले और उन्होंने लोक चित्रकला की एक नई जोगी चित्रशैली को जन्म दिया। बाद में भारत सरकार ने गणेश जोगी को जोगी चित्रकला में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्तमान में उनके कुटुंब के लगभग 15-20 सदस्य चित्रकारी कर रहे हैं और जोगी लोकचित्र, कला जगत में अपनी पहचान बना चुकी हैं। ऐसा ही एक अन्य प्रयोग आशीष स्वामी नाम के एक युवा चित्रकार ने मध्य प्रदेश के उमरिया क्षेत्र के बैगा आदिवासियों के गांव में आरंभ किया। आशीष भोपाल के भारत भवन से भी जुड़ा हुआ था और स्वामीनाथन जी से बहुत प्रभावित था। वह अपने व्यक्तिगत प्रयासों से बैगा आदिवासियों के लोढ़ा गांव में रहकर उन्हें कलाकर्म के लिए प्रेरित करने लगा। बैगा लोगों की अपनी पारंपरिक भित्ति अलंकरण और मिट्टी के काम तथा लकड़ी के मुखौटे बनाने की एक सीमित परंपरा थी। आशीष ने उन्हें कागज और रंग-ब्रश देकर चित्र बनाने के लिए उत्साहित किया। अंततः एक साठ वर्षीय बैगा महिला जुधैया बाई ने उसकी पहल को स्वीकार किया और अपनी व्यक्तिगत कला प्रतिभा के बल पर कुछ ही वर्षों में वे एक सफल बैगा चित्रकार के रूप में स्थापित हो गईं। जुधैया बाई को भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया और एक नई बैगा चित्रकला विश्व में विख्यात हो गई। वर्तमान में यह कला आसपास के कुछ गांवों के अनेक बैगा स्त्री-पुरुष कर रहे हैं।

## तेलंगना सरकार खरीदती है चित्र

राजस्थानी भील मांडना चित्रों का व्यवसायीकरण भी आरंभ किया गया था। सन् 1984 में जब उदयपुर के जनजातीय अनुसंधान संस्थान के सांस्कृतिक अधिकारियों को इस क्षेत्र में भेजा गया, तो उन्होंने गोमा परगी और फूला परगी नामक दो युवा भील कलाकारों को अपने पारंपरिक भित्तिचित्र मांडनो को कागज और कैनवास पर चित्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन दोनों चित्रकारों ने इन सामग्रियों का उपयोग करते हुए चित्रकारी की परंपरा को आगे बढ़ाया। परंतु इन चित्रकारों को आशातीत सफलता नहीं मिल सकी। संभवतः यह चित्रकार उतने प्रतिभशाली नहीं थे कि पारंपरिक चित्रों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकें।

वर्तमान में लगभग दस-पंद्रह भील चित्रकार इससे अपनी आजीविका कमा रहे हैं। इस समय यशपाल बरंडा प्रसिद्ध राजस्थानी भील चित्रकार हैं, वे उदयपुर जिले की नयागांव तहसील के कनबई गांव के रहने वाले हैं। बाद में दक्षिण भारत में भी इस प्रकार के प्रयास हुए। सन् 2016 में तेलंगाना के भद्राचलम स्थित इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी ने हैदराबाद स्थित नेहरू सेंटिनरी म्यूजियम के साथ मिलकर, कोया आदिवासियों के लिए जनजातीय चित्रकारी का एक ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया, जिसके अंतर्गत बीस कोया आदिवासी युवक-युवतियों को चित्रकारी की ट्रेनिंग दी गई। एक सप्ताह की इस ट्रेनिंग को वर्ष में तीन बार आयोजित किया गया। इसके परिणामस्वरूप कोया आदिवासी चित्रकला का उदय हुआ। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के मुखिया नेहरु सेंटिनरी म्यूजियम के क्यूरेटर डॉ. सत्यनारायण थे तथा चित्रकारी सिखाने के लिए





कला महाविद्यालय के शिक्षकों को लाया गया था। उन्होंने निश्चित किया कि चित्र केवल गेरू मिट्टी के लाल और सफेद मिट्टी के रंग से बनाए जाएंगे, जिनका प्रयोग कोया आदिवासी पहले से अपने घर पोतने के लिए करते रहे हैं। चित्रों के विषय भी कोया दैनिक जीवन की गतिविधियों से लिए गए। इनमें गौर सींघ नृत्य तथा सर पर लकड़ी का गट्ठर ले जाती महिला प्रमुख हैं। इस कार्यक्रम को स्वरोजगार योजना से भी जोड़ा गया है। अतः इन प्रशिक्षित चित्रकारों के बनाए चित्र प्रतिमाह राज्य सरकार खरीद लेती है। वर्तमान में कुछ कोया आदिवासी चित्रकार सक्रिय हैं।

## भारतीय कला के उन्नयन में योगदान

दक्षिण भारत में अनेक आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, लेकिन उनकी चित्रकला के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। सन् 2022 में तमिलनाडु के नीलगिरी क्षेत्र में रहने वाले कुरुंबा आदिवासियों द्वारा पूजा अनुष्ठानों के लिए बनाए जाने वाले भित्तिचित्रों के बारे में चेन्नई की एक संस्था सी.पी. रामास्वामी अय्यर फाउंडेशन को पता लगा और उन्होंने कुछ कुरुंबा चित्रकारों को कागज पर इन चित्रों को बनाने के लिए प्रेरित किया। इसका परिणाम बहुत उत्साहजनक रहा। बाला सुब्रमण्यन और कृष्णन नामक दो कुरुंबा आदिवासी चित्रकारों का आदिवासी कला जगत में उदय हुआ। चेन्नई स्थित दक्षिण चित्र संग्रहालय ने इन कुरुंबा चित्रकारों को अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित किया और इस प्रकार दक्षिण भारत की पहली आदिवासी चित्रकला से कला प्रेमियों का परिचय हुआ। इस प्रकार सन् 1982 में कला चिंतक और चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन द्वारा भारत भवन, भोपाल के माध्यम से आरंभ किए गए, आदिवासी कला की विभिन्न परंपराओं के पुनरुत्थान के अभियान के परिणामस्वरूप भारत के अनेक आदिवासी समुदायों के चित्रकार प्रकाश में आ सके और वे अब भारतीय कला के उन्नयन में अपना योगदान दे रहे हैं।

लोकायन

# परंपरा, वीरता और उत्सव की जीवंत अभिव्यक्ति



नागालैंड के लोक नृत्य वहां की सांस्कृतिक पहचान का जीवंत और आकर्षक रूप हैं। ये नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सामूहिक जीवन की अभिव्यक्ति भी हैं। आमतौर पर ये नृत्य त्योहारों, धार्मिक अनुष्ठानों और विशेष अवसरों पर समूहों में प्रस्तुत किए जाते हैं। नागा समाज में पुरुषों का युद्ध नृत्य विशेष रूप से प्रसिद्ध है, जो साहस, शक्ति और वीरता का प्रतीक माना जाता है। इस नृत्य की शैली में मार्शल आर्ट जैसी ऊर्जा और एथलेटिक गति देखने को मिलती है, जिसमें नर्तक युद्ध-घोष और गीतों के साथ प्रदर्शन करते हैं।

नागालैंड की विभिन्न जनजातियों के अपने-अपने पारंपरिक नृत्य हैं, जिनमें कुछ समानताएं भी देखने को मिलती हैं। अधिकतर नृत्यों में शरीर को सीधा रखते हुए पैरों की लयबद्ध गतिविधि प्रमुख होती है। फसल कटाई के समय किए जाने वाले नृत्य विशेष रूप से उल्लासपूर्ण होते हैं, जिनमें समुदाय के लोग मिलकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं।

जेलियांग जनजाति का नृत्य इस दृष्टि से विशिष्ट है कि इसमें महिलाएं भी पुरुषों के साथ सक्रिय भागीदारी करती हैं। नृत्य की शुरुआत में प्रतिभागी धीमी गति से मंच पर प्रवेश करते हैं और फिर वृत्त या अन्य आकृतियां बनाते हुए लय में बंध जाते हैं। इसके बाद पैर पटकते हुए तालमेल के साथ नृत्य शुरू होता है। समूह में गाए जाने वाले शब्द, तालियां और सामूहिक स्वर इस नृत्य को एकजुटता और उत्साह से भर देते हैं। कई बार नर्तक काल्पनिक शत्रु पर आक्रमण का दृश्य प्रस्तुत करते हैं, जिसमें हाथों में लिए गए हथियारों को लयबद्ध ढंग से घुमाया जाता है। जेमी जनजाति के नृत्य भी अपनी विविधता के लिए प्रसिद्ध हैं। इन नृत्यों के नाम अक्सर पक्षियों, जानवरों या कीड़ों की चाल-ढाल से प्रेरित होते हैं, जैसे मुर्गा नृत्य या क्रिकेट नृत्य। कुछ नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किए जाते हैं और इनमें गीत-संगीत का साथ होता है, जिसमें झांझ जैसी वाद्य ध्वनियां भी शामिल होती हैं। नागालैंड के विभिन्न उत्सवों, विशेषकर फसल और सांस्कृतिक पर्वों के दौरान, ये नृत्य पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुत किए जाते हैं। पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण और सामूहिक भागीदारी इन प्रस्तुतियों को और भी आकर्षक बनाते हैं। इस प्रकार, नागालैंड के लोक नृत्य वहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जीवन की गहराई को दर्शाते हैं।

अनोखी परंपरा

# प्रकृति और परंपरा का संगम मेंढकों की शादी



भारत की विविध लोक परंपराओं में कई ऐसे अनोखे रीति-रिवाज देखने को मिलते हैं, जो पहली नजर में आश्चर्यचकित कर देते हैं, लेकिन उनके पीछे गहरी आस्था और प्रकृति से जुड़ा सांस्कृतिक संबंध होता है। पेड़ों की शादी की परंपरा के बारे में तो आपने सुना ही होगा, लेकिन मेंढक और मेंढकी की शादी भी भारत के कुछ हिस्सों में विशेष महत्व रखती है। विशेष रूप से असम के जोरहाट जिले और अन्य पूर्वोत्तर क्षेत्रों के गांवों में यह परंपरा प्रचलित है। यहां के लोगों का मानना है कि जब लंबे समय तक वर्षा नहीं होती और सूखे जैसी स्थिति बन जाती है, तब मेंढकों की शादी कराने से वर्षा देवता प्रसन्न होते हैं और अच्छी बारिश होती है। यह मान्यता प्राचीन समय से चली आ रही है और आज भी लोग इसे पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाते हैं।

इस अनोखी शादी में सभी पारंपरिक हिंदू विवाह रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। सबसे पहले गांव के लोग एक नर और एक मादा मेंढक को पकड़ते हैं। इसके बाद उन्हें स्नान कराया जाता है और हल्दी लगाई जाती है। फिर छोटे-छोटे कपड़े या फूलों से उन्हें सजाया जाता है। शादी के लिए मंडप बनाया जाता है और बाकायदा एक पुजारी को बुलाया जाता है, जो मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराता है। विवाह के दौरान 'बारात' भी निकलती है, जिसमें गांव के लोग गीत गाते और नाचते हुए शामिल होते हैं। इस परंपरा का एक वैज्ञानिक पहलू भी माना जाता है। मेंढक आमतौर पर बारिश के मौसम में अधिक सक्रिय होते हैं और उनकी टर्र-टर्र की आवाज वर्षा के आगमन का संकेत मानी जाती है। इसलिए यह विवाह एक प्रतीकात्मक प्रयास भी हो सकता है, जिससे लोग मानसून के प्रति अपनी आशा और विश्वास व्यक्त करते हैं।

केवल असम ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी इस तरह की परंपराएं देखने को मिलती हैं। कहीं-कहीं इसे 'मेंढक विवाह' के रूप में त्योहार की तरह मनाया जाता है, जिसमें पूरे गांव की भागीदारी होती है। हालांकि आधुनिक विज्ञान इन मान्यताओं को अंधविश्वास मान सकता है, लेकिन सामाजिक दृष्टि से यह परंपरा लोगों को एकजुट करती है और संकट के समय सामूहिक आशा और सकारात्मकता का संचार करती है। इस तरह की लोक परंपराएं भारत की सांस्कृतिक विविधता और प्रकृति के साथ उसके गहरे संबंध को दर्शाती हैं।

# सिनाई की 5000 वर्ष पुरानी शिलाकृति सत्ता, हिंसा और इतिहास का दृश्य दस्तावेज



सामान्यत : कला और साहित्य को प्रेम, सौंदर्य और शांति के वाहक के रूप में देखा जाता है, किंतु मानव इतिहास का यथार्थ इससे कहीं अधिक जटिल रहा है। विश्व की विभिन्न कला परंपराओं-चाहे वह भारतीय लघुचित्र हों या पाश्चात्य आधुनिक चित्रकला में, युद्ध, विजय और सत्ता-संघर्ष के दृश्य बार-बार उभरते हैं। भारतीय संदर्भ में मुगल और राजपूत शैली के लघुचित्रों में युद्ध और विजय के प्रसंग मिलते हैं, जबकि पशिचम में द्वितीय विश्वयुद्ध से प्रेरित अनेक कलाकृतियां निर्मित हुईं। स्पष्ट है कि विजेताओं की गाथाओं के साथ-साथ उनके दृश्यांकन की परंपरा भी उतनी ही पुरानी है। इसी परिप्रेक्ष्य में मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप से प्राप्त लगभग 5000 वर्ष पुरानी एक शिलाकृति (पेट्रोग्लिफ) ने पुरातत्वविदों का विशेष ध्यान आकर्षित किया है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

जर्मनी के बॉन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी खामिला क्षेत्र में शैल-कला के एक सर्वेक्षण के दौरान मिस्र के पुरातत्वविद मुस्तफा नूर एल-दीन और बॉन विश्वविद्यालय के विद्वान लुडविग मोरेन्ज ने इस महत्वपूर्ण खोज को सामने रखा। यह शिलाकृति प्रारंभिक मिस्री राजवंशीय काल से जुड़ी मानी जा रही है और इसमें दक्षिणी सिनाई क्षेत्र पर एक प्रारंभिक फराओ की विजय का दृश्य अंकित है।

इस उत्कीर्णन में एक व्यक्ति को लंगोटी पहने खड़े हुए दर्शाया गया है, जिसके हाथ ऊपर उठे हैं मानो वह विजय या शक्ति का प्रदर्शन कर रहा हो। उसके सामने एक अन्य आकृति घुटनों के बल बैठी है, जिसके हाथ बंधे हुए हैं और उसके सीने में एक तीर धंसा हुआ दिखाई देता है। यह दृश्य केवल एक सामान्य चित्रण नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से हिंसा, दमन और सत्ता-प्रदर्शन का प्रतीक है। यही कारण है कि विद्वानों ने इसे 'क्रूर कथा' के रूप में अभिहित किया है। शैलीगत दृष्टि से यह चित्रण मिस्र के प्रथम राजवंश से जुड़े अन्य स्थलों विशेषतः नूबिया क्षेत्र में स्थित गेबेल शेख सुलेमान पर प्राप्त चित्रों से साम्य रखता है। इससे यह संकेत मिलता है कि उस समय मिस्रवासी अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहे थे और सिनाई जैसे क्षेत्रों पर नियंत्रण स्थापित करना चाहते थे। इस क्षेत्र का महत्व विशेष रूप से वहां उपलब्ध खनिज संसाधनों- जैसे तांबा और फिरोजा के कारण था।

इस शिलाकृति के साथ एक शिलालेख भी प्राप्त हुआ है, जिसका अनुवाद "देवता मिन, तांबे की खान/खनन क्षेत्र के शासक" के रूप में किया गया है। यहां मिन का उल्लेख अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिन प्राचीन मिस्र के ऐसे देवता थे, जिन्हें उर्वरता, प्रजनन, पुरुष शक्ति और यात्रियों के संरक्षक के रूप में पूजा जाता था। इस प्रकार यह शिलालेख न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि इस विजय को दैवीय संरक्षण के अंतर्गत वैध ठहराया गया। विद्वानों के अनुसार, इस प्रकार की शिलाकृतियां केवल कलात्मक अभिव्यक्ति नहीं होतीं, बल्कि वे एक प्रकार की 'राजनीतिक घोषणा' भी होती हैं। इस चट्टान पर उकेरा गया दृश्य संभवतः सिनाई क्षेत्र पर मिस्र के अधिकार की औपचारिक उद्घोषणा रहा होगा। उल्लेखनीय है कि बाद के काल में इस चित्र और शिलालेख के ऊपर नबातियन और अरबी लिपियों में लेख अंकित कर दिए गए, जिससे मूल विजेता शासक का नाम अस्पष्ट हो गया। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि अब तक वादी खामिला क्षेत्र को मुख्यतः नबातियन शिलालेखों के संदर्भ में ही जाना जाता था, जो इस खोज से लगभग 3,000 वर्ष बाद के हैं। ऐसे में यह नई खोज इस क्षेत्र के इतिहास को कहीं अधिक प्राचीन और जटिल बनाती है।

कला-इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से यह शिलाकृति इस बात का सशक्त प्रमाण है कि प्रारंभिक मानव समाजों में भी सत्ता, संघर्ष और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति विद्यमान थी। यह हमें यह भी समझाती है कि कला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सत्ता और भय के प्रदर्शन का माध्यम भी रही है। अंततः सिनाई की यह 5,000 वर्ष पुरानी शिलाकृति केवल एक पुरातात्विक खोज नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता के उस पक्ष का सजीव दस्तावेज है, जिसमें विकास के साथ-साथ हिंसा, वर्चस्व और राजनीतिक आकांक्षाएं भी अंतर्निहित रही हैं। यह खोज हमें अतीत के माध्यम से वर्तमान को समझने और मानव इतिहास के बहुआयामी स्वरूप पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,273.33 | 24,576.60 |
| बढ़त | 753.03 | 211.75 |
| प्रतिशत में | 0.96 | 0.87 |

सोना 1,57,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,58,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, बुधवार, 22 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रुपया 28 पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया शांति वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच अमेरिकी मुद्रा में स्थिरता और कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण रुपया मंगलवार को 28 पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के मुताबिक, घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख भी स्थानीय मुद्रा को सहारा नहीं दे पाया। इस पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हाल के कदम का भी असर पड़ा, जिसमें नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) बाजार में सट्टेबाजी से जुड़े प्रतिबंधों में ढील दी गई है।

### चांदी 700 रुपये मजबूत सोने में 300 की तेजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि वैश्विक अनिश्चितता और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने बताया कि घरेलू बाजारों में सोने की कीमत में मामूली तेजी देखने को मिली, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते निवेशक 'सुरक्षित निवेश' की ओर रुख कर रहे हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 753 अंक उछला

## प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों से ब्रेंट क्रूड 0.75% गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल

मुंबई, एजेंसी

कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.73 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में एफएमसीजी खंड सर्वाधिक 2.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि रियल्टी खंड में 2.17 प्रतिशत एवं निजी बैंक सूचकांक में 1.67 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,531 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,760 कंपनियों में गिरावट रही और 162 अन्य अपरिवर्तित रहीं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्धविराम की समयसीमा खत्म होने के पहले सबकी नजरें दूसरे दौर की शांति वार्ता पर टिक गई हैं।

बाजारों ने इससे उम्मीदें लगा रखी हैं लेकिन अगर तनाव बढ़ता है तो गिरावट का जोखिम भी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,059.93 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सेंसेक्स सोमवार को 26.76 अंक बढ़कर 78,520.30 और निफ्टी 11.30 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,364.85 अंक पर बंद हुए थे।



### कच्चे तेल की कीमतों में कमी से सुधार की संभावना

विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से आयात पर निर्भर भारत जैसे देश के लिए मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आती है और कंपनियों के मार्जिन में सुधार की संभावना बढ़ती है।

### ये रहे लाभ में

बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक

### गिरावट वाले शेयर

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी

### वर्तमान परिस्थितियों में मल्टी-एसेट में करें निवेश: बजाज फिनसर्व एएमसी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के बीच बजाज फिनसर्व एएमसी ने निवेशकों को एक ही तरह की परिसंपत्तियों की बजाय विविध परिसंपत्तियों (मल्टी-एसेट) में निवेश की सलाह दी है। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के प्रमुख (इक्विटी) सौरभ गुप्ता ने कहा कि इस माहौल में लार्ज-कैप इक्विटी आकर्षक वैल्यूएशन और अस्थिर परिस्थितियों में स्थिरता प्रदान करती है। साथ ही, मल्टी-एसेट रणनीति भू-राजनीतिक और कॉमोडिटी से जुड़ी अनिश्चितता के बीच झटकों को सहने में मददगार हो सकती है। उन्होंने स्मॉल-कैप में निवेश करने वालों को अल्पावधि की अस्थिरता से निपटने के लिए अनुशासित एसआईपी की सलाह दी है।

## प. एशिया संघर्ष के बीच दूध की आपूर्ति निर्बाध जारी, दाम स्थिरः सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देशभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग में निदेशक पूजा रुस्तगी ने पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयीय बैठक में कहा कि दुग्ध क्षेत्र को ईंधन, गैस तथा प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, डेयरी उद्योग को एलपीजी के स्थान पर पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

- डेयरी उद्योग को दी एलपीजी के स्थान पर पीएनजी का इस्तेमाल करने की सलाह

रुस्तगी ने संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के बीच भी देशभर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण एवं आपूर्ति बिना किसी बाधा के बनी हुई है।

दूध और दुग्ध उत्पादों के दाम स्थिर हैं। बाजार में किसी प्रकार की आपूर्ति बाधित नहीं हुई है और पश्चिम एशिया संकट की अवधि के दौरान डेयरी किसानों को भुगतान भी जारी रहा है।

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल दूध उत्पादन 24.787 करोड़ टन रहा।

## देश को 100% एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिएः नितिन गडकरी

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश को निकट भविष्य में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने देश के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-तीन मानकों का इलेक्ट्रिक और 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

गडकरी ने इंडियन फेडरेशनल ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई) के हरित परिवहन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नरेन्द्र मोदी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) की शुरुआत की थी और वर्तमान में वाहन मामूली बदलाव के साथ इस पर चल सकते हैं। ब्राजील जैसे देशों में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण पहले से लागू है। गडकरी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 87 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसलिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन का उत्पादन बढ़ाना जरूरी है।



- आईएफजीई के हरित परिवहन सम्मेलन में बोले गडकरी-ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी
- हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताया, कहा-एक डॉलर प्रति किलो होनी चाहिए कीमत

### क्या है फ्लेक्स फ्यूल वाहन

'फ्लेक्स फ्यूल' वाहन एक ऐसा वाहन है जिसमें पेट्रोल/डीजल इंजन लगा होता है और इसे एक से अधिक प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर पेट्रोल को एथनॉल या मेथनॉल के साथ मिलाकर 'फ्लेक्स फ्यूल' के रूप में इसका उपयोग किया जाता है।

हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताते हुए उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन पंप के संचालन की लागत कम करना जरूरी है, ताकि यह आर्थिक रूप से व्यवहारिक बन सके। हाइड्रोजन के परिवहन में भी चुनौतियां हैं और इसकी लागत घटाकर करीब एक डॉलर प्रति किलोग्राम करना होगा, ताकि भारत ऊर्जा निर्यातक बन सके।

## भारतीय वित्तीय संस्थानों में विदेशी शेयरधारकों की हिस्सेदारी सकारात्मकः फिच

नई दिल्ली, एजेंसी




विदेशी शेयरधारकों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी भारतीय वित्तीय संस्थानों के ऋण खंड के लिए सकारात्मक हो सकती है क्योंकि इससे दीर्घकालिक पूंजी मिलती है और कुछ मामलों में कामकाज के मानकों में सुधार होता है। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि हालांकि, केवल विदेशी रुचि को मजबूत ऋण आधार का विश्वसनीय संकेत नहीं माना जा सकता। वे लेनदेन जो आंतरिक नियंत्रण, जोखिम प्रबंधन एवं नेतृत्व की जवाबदेही को मजबूत करते हैं, केवल वित्तीय लाभ के लिए किए गए सौदों की तुलना में अधिक ऋण-संबंधी महत्व रखते हैं।

फिच ने कहा कि हाल के समय में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि भारत की दीर्घकालिक विकास संभावनाओं, वित्तीय क्षेत्र के नियमन एवं निगरानी तथा बेहतर जोखिम प्रबंधन ढांचे पर उनके बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि निवेशक ऐसे मंच की तलाश करेंगे जिनमें विस्तार योग्य वितरण क्षमता और स्थानीय विशेषज्ञता हो।

इसमें कहा कि विकसित बाजारों का अनुभव रखने वाले अधिग्रहणकर्ता जोखिम नियंत्रण और निगरानी में सुधार ला सकते हैं। साथ ही प्रतिष्ठित रणनीतिक शेयरधारकों की मौजूदगी पूंजी की लागत को कम करने में सहायक हो सकती है। ये कारक वित्तीय संस्थानों की स्वतंत्र ऋण खंड को मजबूत करने में योगदान दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' के अनुसार 2025 में वृद्धि दर बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई

# भारत की अर्थव्यवस्था इस वर्ष 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा।

'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई।




इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा।

इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा। देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

रिपोर्ट में साथ ही कहा गया कि सरकारें ऊर्जा बदलाव का उपयोग पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ अर्थव्यवस्था की दिशा में नए घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने और सहायक समूहों का निर्माण करने के लिए कर सकती हैं।

इसमें भारत की उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार व्यापक आर्थिक नीतियां एवं फोटोवोल्टिक, बैटरी व हरित हाइड्रोजन के घरेलू विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन देकर हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकती हैं।

### भारत ने आकर्षित किया सर्वाधिक एफडीआई

इसमें कहा गया कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया... वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं... जहां क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



# तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में प्रचार थमा, मतदान 23 को

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में 142 सीटों पर दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा।

चुनाव आयोग के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला वर्तमान सत्तारूढ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंदी अन्नाद्रमुक, गैर-भारतीय जनता पार्टी बीच है। अभिनेता सी जोसफ विजय की नई पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये हैं और संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की सघन तैनाती की गयी है। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं।




- तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल के पहले चरण में 152 सीटों पर पड़ेंगे वोट

## तृणमूल कांग्रेस फिर लौटेगी: ममता

**हल्दिया, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस लगातार चौथी बार राज्य की सत्ता में आएगी और कोई नहीं चाहता कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाए। पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने विपक्षी दलों का आह्वान किया कि केंद्र से भाजपा नीत राजग सरकार को हटाने के लिए सब साथ में आएं।

उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव नहीं जीतेगी। तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनाएगी। हम 2026 में ही दिल्ली से भी भाजपा को हटा देंगे।

### विजय का रोड शो



तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने चेन्नई में रोड शो कर वोट मांगे। विजय की नई पार्टी ने राज्य में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

## पीएम मोदी हैं ममता सरकार के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडरः अभिषेक बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को नरेन्द्र मोदी को पश्चिम बंगाल की मौजूदा सरकार का 'सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर बताया। कहा कि प्रधानमंत्री का झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है कि टीएमसी ने इस क्षेत्र को माओवादी हिंसा से बचाया है। उन्होंने भाजपा पर जमीनी हकीकतों को नजरअंदाज करते हुए टीएमसी सरकार पर निराधार राजनीतिक हमले करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि जो लोग बंगाल की कानून व्यवस्था की आलोचना करते हैं और राज्य को गुजरात, उत्तर प्रदेश या मध्य प्रदेश में बदलने का वादा करते हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि 2011 से पहले यहां जीवन कैसा था। ममता बनर्जी की टीएमसी ने 2011 में पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय झाड़ग्राम, गोपीबल्लभपुर, लालगढ़, बिनपुर और निताई में लोग दोपहर के बाद घर से बाहर नहीं निकल सकते थे। उस समय प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर भी झाड़ग्राम में नहीं उतर पाता। लेकिन आज की स्थिति देखिए।



- उनका झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है टीएमसी ने खत्म की माओवादी हिंसा

## प्रचार थमने से पहले अन्नाद्रमुक ने किए 10 और वादे

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थमने से कुछ ही घंटे पहले, मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने मतदाताओं को लुभाने के लिए 10 नये चुनावी वादों की घोषणा की है। 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले, पार्टी ने अपने पहले से घोषित विस्तृत घोषणापत्र के अतिरिक्त इन नयी योजनाओं को पेश किया है। अन्नाद्रमुक महासचिव और राजग के मुख्यमंत्री पद के चेहरे ई. के. पलानीस्वामी ने बयान जारी कर बताया कि सत्ता में आने पर कामकाजी युवाओं को दोपहिया वाहन खरीदने के लिए 10,000 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी, जिससे करीब 10 लाख युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा श्री पलानीस्वामी ने आम उत्पादक किसानों के लिए एमएसपी निर्धारित करने की घोषणा की। साथ ही निर्माण श्रमिकों और ताड़ के पेड़ों पर चढ़ने वाले किसानों के लिए मुआवजे की राशि में भारी बढ़ोतरी का वादा किया है। श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में मृतक के परिवारों को क्रमशः 25 लाख और 20 लाख रुपये का मुआवजा देने की बात कही गयी है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 24x7 'वार रूम' स्थापित करने और कुड्डालोर व विल्लुपुरम जैसे जिलों में काजू उद्योग में लगी महिलाओं के लिए मुफ्त उपकरण देने की घोषणा की है। सरकारी केबल टीवी के शुल्कों में 50% की कटौती का वादा किया है।

## घुसपैठियों को बचा रहीं ममता : शाह

शालबनी (प. बंगाल), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घुसपैठियों को संरक्षण, और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं। राज्य में बाबरी मस्जिद के समान मस्जिद बनाने के प्रयासों का समर्थन कर रही हैं, जिसे भाजपा किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी।

शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी में चुनाव के पहले चरण से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए इस चुनावी मुकाबले को सीधे भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव घुसपैठ और भ्रष्टाचार से पश्चिम बंगाल को मुक्त कराने का लेकर है। बोले- मैं आपसे कह रहा हूं, 23 अप्रैल को ईवीएम पर कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) का बटन दबाइए और भाजपा की सरकार बंगाल से हर घुसपैठिये को बाहर निकाल देगी। कहा कि ममता जी अपने भतीजे को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा, जो बंगाल में जन्मा और पला-बढ़ा होगा और बांग्ला बोलेगा। निश्चित रूप से वह भाईपो नहीं, भाजपा का कार्यकर्ता होगा।



पश्चिम बंगाल में एक जनसभा के दौरान पारंपरिक बांग्ला ढोलक बजाते अमित शाह।

- शालबनी में केंद्रीय गृहमंत्री बोले- हम पश्चिम बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस ने किया यूक्रेन के लुगांस्क क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण का दावा

**मॉस्को।** रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव ने मंगलवार को घोषणा की कि रूसी सेना ने लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। गेरासिमोव ने कहा कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक की मुक्ति का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। इस समय रूसी सेना सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं और उनका अभियान जारी है। लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) यूक्रेन के लुहान्स्क क्षेत्र में एक स्वघोषित अलगाववादी क्षेत्र है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र समेत अधिकांश देश इसे यूक्रेन का ही हिस्सा मानते हैं। रूसी सैन्य प्रमुख ने यूक्रेनी कमान पर निशाना साधते हुए कहा कि वे फरवरी और मार्च में अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सूचना अभियान चला रहे हैं।

### इमरान खान के साथ जेल में अमानवीय व्यवहार का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें पर्याप्त चिकित्सीय सुविधा नहीं दी जा रही। अलीमा द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इमरान खान को 16 अक्टूबर 2025 से एकांत कारावास में रखा गया है। उन्होंने 2025 में केवल दो बार और फरवरी 2026 में एक बार वह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, अपने बेटों से बात की थी। उन्हें पढ़ने के लिए किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं और जो किताबें भेजी गईं, उनमें से केवल तीन ही उन्हें मिल पाईं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी तरह स्वस्थ खान की आंख में अचानक खून का थक्का बन गया, लेकिन उन्हें समय पर चिकित्सा नहीं दी गई।

### शहबाज और मुनीर के लिए नोबेल पुरस्कार का प्रस्ताव पेश किया

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मंगलवार को पेश किए गए एक प्रस्ताव में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को कूटनीति के जरिए क्षेत्रीय तनाव कम करने में उनकी भूमिका के मद्देनजर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया गया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की विधायक फराह खान ने यह प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय को दिया। इसमें वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव के समय पाकिस्तान की जिम्मेदार, विवेकपूर्ण और सक्रिय कूटनीतिक भागीदारी की सराहना की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर शांति को बढ़ावा देने और उसे बनाए रखने में पाकिस्तान के योगदान को स्वीकार किया गया है।

# कांग्रेस ने बिरला को दिया प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

## राष्ट्र के नाम संबोधन में संसद में हुई चर्चा को अपने उद्देश्यों के लिए सड़कों पर ले जाने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि सदन में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने के बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में विपक्षी दलों पर आक्षेप लगाया, जो सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 222 के तहत बिरला को दिए नोटिस में यह आग्रह भी किया कि संसद की गरिमा और इसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाया जाए ताकि इस तरह के उल्लंघन को न दोहराया जा सके।

लोकसभा सदस्य वेणुगोपाल ने दावा किया कि गत 17 अप्रैल को लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 के पारित नहीं होने के बाद 18 अप्रैल 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित किया था और 29 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने विधेयक को रोकने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की, साथ ही विपक्ष के सदस्यों के मतदान के तरीके का प्रत्यक्ष रूप से उल्लेख किया और इसमें निहित उद्देश्यों को जोड़ दिया। वेणुगोपाल के मुताबिक यह एक स्थापित परंपरा है कि संसद सदस्यों की ओर से संसद में दिए गए भाषणों के संबंध में सदन के बाहर उन पर बात करना, आक्षेप लगाना या किन्हीं उद्देश्यों को लेकर दोषारोपण विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन के साथ सदन की अवमानना भी है।

बिरला को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, वह विशेषाधिकार हनन का यह नोटिस उन्हें सौंप रहे हैं ताकि इस गंभीर घटना और जानबूझकर किए गए विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का संज्ञान लिया जा सके तथा मामले को विस्तृत जांच के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जा सके ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार कार्यवाही शुरू की जा सके। उन्होंने बिरला कहा कि वह संसद की गरिमा और उसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाएं ताकि इस तरह के उल्लंघनों को न दोहराया जाए।



### राष्ट्र के नाम संबोधन में कांग्रेस पर साधा 59 बार निशाना प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड में यह स्थायी दाग बनकर रहेगा

वेणुगोपाल के पत्र को टैग करते हुए, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, मेरे वरिष्ठ सहयोगी, केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रधानमंत्री के नापाक मंसूबों के नाकाम होने के बाद राष्ट्र के नाम उनके संबोधन के लिए प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। एक प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन हमेशा राष्ट्रीय एकता और विश्वास निर्माण के सर्वोपरि उद्देश्य के लिए समर्पित होता है। रमेश ने कहा, इस संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने पक्षपातपूर्ण ढंग से बात की, कांग्रेस पार्टी पर 59 अलग-अलग बार नाम लेकर हमले किए। यह प्रधानमंत्री के रूप में उनके रिकॉर्ड पर एक और स्थायी दाग होगा।

### संसद में बहुमत न जुटा पाने को लेकर राष्ट्र को संबोधित करना बेहद अनैतिक

वेणुगोपाल ने कहा, मौजूदा मामले में यानी 16 व 17 अप्रैल 2026 को विपक्षी दलों के संसद सदस्य अपनी वास्तविक चिंताएं व्यक्त कर रहे थे। इसके तहत उन्होंने उक्त संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ संसद में अपना वोट डाला। वेणुगोपाल ने कहा, पहले देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय चिंता के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर राष्ट्र को संबोधित करते रहे हैं। इसलिए, प्रधानमंत्री के ऐसे संबोधन बहुत कम होते हैं। सरकार के संसद में अपेक्षित बहुमत न जुटा पाने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को संबोधित करना अभूतपूर्व है जो अनैतिक और सत्ता का खुला दुरुपयोग है। देश के प्रधानमंत्री का इस तरह का बयान देना सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।

- वेणुगोपाल ने कहा कि इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर अपना कर्तव्य निभाने को लेकर सवाल उठाया जाना न केवल एक व्यक्तिगत हमला है, बल्कि संसद के अधिकार और भारत के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

### विपक्ष की शिकायत की जांच करेगा निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा है कि वह विपक्ष की इस शिकायत की जांच करेगा कि प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन था। वामपंथी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर यह शिकायत की थी। विभिन्न क्षेत्रों के 700 प्रमुख लोगों ने भी चुनाव आयोग से यही शिकायत की है।

# पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने आईएसआई के लिए काम करने वाले पाकिस्तानी गैंगस्टर शाहज़ाद भट्टी से जुड़े आपराधिक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए उसके दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इन गिरफ्तारियों से शाहजाद भट्टी की ओर से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गोलीबारी/ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याएं करने के लिए रची गई एक आपराधिक साजिश का खुलासा हुआ है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी 21 वर्षीय राजवीर और 19 साल के विवेक बंजारा के तौर पर हुई है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शाहजाद भट्टी और आईएसआई के अन्य एजेंट भारत के कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की आपराधिक साजिश रच रहे हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पता चला कि एक आरोपी बंजारा ग्वालियर जिले के डबरा में है, 16 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। बंजारा से पूछताछ के आधार पर राजवीर को 18 अप्रैल को दिल्ली के सराय काले खां इलाके से गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि राजवीर शाहजाद भट्टी के निर्देशानुसार दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के किसी प्रमुख होटल पर गोलीबारी करने की फिराक में था। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और छह कारतूस तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए जिनमें आपत्तिजनक वीडियो और वाइस नोट मिले। जांच में पता चला कि राजवीर को सोशल मीडिया पर शाहजाद भट्टी के सहयोगी राणा भाई ने भर्ती किया था और बाद में, राजवीर ने बंजारा को राणा भाई और भट्टी से मिलवाया।





विवेक बंजारा और राजवीर।

- दिल्ली में ग्रेनेड हमलों और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की थी साजिश

## केरलः पटाखा गोदाम में आग, 8 की मौत, 40 घायल

**त्रिशूर।** केरल में त्रिशूर के समीप मुंडाथिकोड में पटाखे गोदाम में मंगलवार शाम भीषण आग लग जाने से आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 40 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर है। केरल में प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम के लिए गोदाम में पटाखे तैयार किए जा रहे थे। घटना के बाद धान के खेत में कई शव बिखरे पड़े दिखाई दिए। पुलिस ने बताया कि दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आग की लपटों के कारण घटनास्थल के पास नहीं पहुंच सके। घायलों को पास के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कनाडा में गाजियाबाद के छात्र के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**गाजियाबाद/टोरंटो, एजेंसी**

टोरंटो की एक अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई और उसकी यह दलील खारिज कर दी कि मानसिक विकार के कारण वह आपराधिक रूप से जिम्मेदार नहीं है।

न्यायमूर्ति जेन केली की अध्यक्षता वाली टोरंटो की सुपीरियर कोर्ट ने सोमवार को रिचर्ड एडविन को सात और नौ अप्रैल 2022 को दो अजनबियों की हत्या के लिए फर्स्ट-डिग्री मर्डर (साजिश के तहत की गई हत्या) के दो मामलों में दोषी ठहराया। एडविन ने गाजियाबाद निवासी एवं सेनेका कॉलेज के 21 वर्षीय छात्र वासुदेव को गोली मारने की बात स्वीकार की लेकिन बचाव पक्ष ने दलील दी कि आरोपी मानसिक बीमारी से ग्रस्त था और सही-गलत में फर्क नहीं कर सकता था, इसलिए उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। अदालत ने माना कि घटना के समय एडविन सिजोफ्रेनिया से पीड़ित था, लेकिन दलील खारिज करते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अदालत के आदेश के अनुसार, वासुदेव शेरबोर्न स्टेशन से ब्लूर स्ट्रीट ईस्ट की सीढ़ियों की ओर जा रहा था, तभी एडविन उसके पास से गुजरा, फिर पीछे मुड़कर वासुदेव की पीठ पर कई गोलियां दाग दीं।

- आरोपी की मानसिक विकार के कारण अपराध करने की दलील अदालत ने खारिज की

# शहीद अग्निवीर की मां की याचिका पर केंद्र ने चार महीने बाद भी नहीं दिया जवाब

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए एक अग्निवीर की मां की याचिका का चार महीने बाद भी जवाब न देने पर मंगलवार को केंद्र पर नाराजगी जताते हुए भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। अग्निवीर की मां ने अग्निवीरों के लिए भी सैनिकों के समान मरणोपरांत लाभ देने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति हितेन वेनेगांवकर की पीठ ने केंद्र को अग्निवीर मुरली नाइक की मां की याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने के लिए 6 मई तक का समय दिया। नाइक पिछले साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू कश्मीर में सीमा पार से हुई गोलाबारी में मारे गए थे। अदालत ने कहा कि केंद्र को पिछले साल दिसंबर और फिर जनवरी में नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन आज तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति घुगे ने चेतावनी दी, यह याचिका पिछले साल से लंबित है। याचिका में उठाए गए मुद्दों पर याचिकाकर्ता ने पिछले साल जुलाई में सरकार को लिखे एक पत्र में भी बात की है। अगर अगली तारीख तक जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया, तो हम भारी जुर्माना लगाएंगे।

अदालत ने कहा कि अब और कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 18 जून को करना तय किया। मुरली नाइक की मां ज्योतिबाई नाइक ने अपनी याचिका में कहा कि केंद्र की अग्निपथ योजना अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच मनमाना फर्क पैदा करती है। उन्होंने परिवार को मरणोपरांत मिलने वाले पूरे लाभ नहीं दिए जाने में भेदभाव का आरोप लगाया।



- बंबई हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी
- याचिका में की गई थी सैनिकों के जैसे मरणोपरांत लाभ की मांग

## मेक्सिको में गोलीबारी, कनाडाई नागरिक की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राजधानी के उत्तर में स्थित ऐतिहासिक टियोटिहुआकन पिरामिडों में से एक के ऊपर खड़े एक हथियारबंद व्यक्ति ने पर्यटकों पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक कनाडाई नागरिक की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुरक्षा अधिकारियों को घटनास्थल से एक बंदूक, एक चाकू और गोला-बारूद मिला है। इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराए गए लोगों में छह अमेरिकी, तीन कोलंबियाई, एक रूसी, दो ब्राज़ीलियाई और एक कनाडाई नागरिक शामिल है। वीडियो और तस्वीरों में एक व्यक्ति पिरामिड पर बंदूक लिए खड़ा दिख रहा है, लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं।

- हमलावरों ने पर्यटकों को बनाया निशाना, कई देशों के पर्यटक घायल

## पाकिस्तान को सऊदी अरब से मिले एक अरब डॉलर

**कराची।** पाकिस्तान को सऊदी अरब से एक अरब डॉलर की दूसरी एवं अंतिम किस्त प्राप्त हुई है। यह तीन अरब डॉलर के सहायता पैकेज का हिस्सा है जिसका उद्देश्य उसके विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाना है। सऊदी अरब ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान के लिए तीन अरब डॉलर जमा करने का भरोसा दिलाया था और अपनी मौजूदा पांच अरब डॉलर की सुविधा को तीन वर्ष के लिए बढ़ा दिया था। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की और लिखा कि उसे सऊदी अरब से दूसरी किस्त प्राप्त हो गई है।

## क्रूर हमले की यादें




जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले की मंगलवार को पहली बरसी पर यादें फिर ताजा हो गईं। मुंबई में एक कलाकार ने इस हमले में मारे गए लोगों को चित्र बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों पर हवाई प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) में कहा है कि सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

# मैंडलसन को दबाव में बनाया गया था अमेरिका में राजदूत

**लंदन, एजेंसी**

पीटर मैंडलसन को अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लेने वाले एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं को जताने के बावजूद उन पर मैंडलसन की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरी करने का राजनीतिक दबाव बनाया गया। हालांकि ये चिंताएं यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन के साथ मैंडलसन के संबंधों से अलग थीं।

विदेश कार्यालय के पूर्व प्रमुख ऑली रॉबिन्स ने सांसदों की ओर से पूछे जाने पर उन्होंने यह बताने से इन्कार कर दिया कि सरकारी जांच एजेंसी ने मैंडलसन को संभावित सुरक्षा जोखिम के रूप में क्यों चिह्नित किया। रॉबिन्स ने कहा कि जांच एजेंसी ने मैंडलसन को संदिग्ध मामला माना और उसका मत उन्हें सुरक्षा मंजूरी देने के खिलाफ सिफारिश करने का था। विदेश कार्यालय ने फिर भी उन्हें मंजूरी देने का फैसला किया। इस फैसले को लेकर प्रधानमंत्री केयर स्टार्मर ने पिछले हफ्ते रॉबिन्स को बर्खास्त कर दिया। स्टार्मर को इस नियुक्ति को लेकर अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ रहा है और उनसे इस्तीफे की मांग भी की जा रही है। रॉबिन्स ने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स की विदेश मामलों की समिति को बताया कि स्टार्मर कार्यालय से दबाव का माहौल बनाया जा रहा था। उनसे बहुत प्रबल अपेक्षा की गई थी कि मैंडलसन को जल्द पदभार ग्रहण करके अमेरिका में होना चाहिए।



- ब्रिटेन के पूर्व अधिकारी के बयान से एप्स्टीन मामले में फिर घिरे स्टार्मर

## परमाणु हथियारों की होड़ कर रहे हैं ब्रिटेन और फ्रांसः रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिटेन और फ्रांस अपनी परमाणु क्षमता में वृद्धि करके परमाणु हथियारों की होड़ को आगे बढ़ा रहे हैं जो परमाणु अप्रसार संधि के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। रूस ने इसे क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए अतिरिक्त रणनीतिक जोखिम करार दिया है।

रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने एक साक्षात्कार में कहा कि फ्रांस के नए सैद्धांतिक दृष्टिकोण कई मायनों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की विस्तारित परमाणु निवारण नीति की याद दिलाते हैं और वे खुले तौर पर नाटो के संयुक्त परमाणु मिशनों में सहायक बनने की योजनाओं को भी उजागर करते हैं। ग्रुशको ने कहा, ऐसे कदम नाटो के सदस्य देशों की उकसाने वाली सैन्य-परमाणु गतिविधियों के सामान्य पैटर्न के अनुरूप हैं।

## इराक-सीरिया सीमा मार्ग एक दशक के बाद फिर खुला

**बगदाद।** इराक और सीरिया के बीच एक अहम सीमा पार मार्ग एक दशक से अधिक समय तक बंद रहने के बाद पुनः खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्रीय व्यापार और तेल निर्यात को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सीरिया ने इस मार्ग को तेल निर्यात के लिए सुरक्षित जमीनी विकल्प के रूप में पेश किया है, खासकर ऐसे समय में जब होर्मुज जलडमरूमध्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। इराक में राबिया और सीरिया में यारुबियाह के नाम से जाना जाने वाला यह मार्ग 2011 में सीरियाई गृहयुद्ध शुरू होने के बाद बंद कर दिया गया था। बाद में 2014 में इस क्षेत्र पर इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने कब्जा कर लिया, जिसे इराकी कुर्द बलों ने फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया।

**खतरे की घंटी** | देश के हथियार उद्योग को मजबूत करने और रक्षा साझीदारों से सहयोग मजबूत करने की इच्छा जताई

# जापान ने शांतिवादी रुख छोड़ा, हथियारों का निर्यात करेगा

**टोक्यो, एजेंसी**

जापान ने मंगलवार को घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने को मंजूरी देते हुए साफ किया कि देश हथियार उद्योग को मजबूत करने के साथ अपने रक्षा भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करना चाहता है। जापान के इस फैसले को उसकी युद्धोत्तर शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री साने ताकाइची के मंत्रिमंडल की ओर से नए दिशा-निर्देशों को मंजूरी मिलने के साथ ही जापान के युद्धोत्तर हथियार निर्यात के रास्ते में मौजूद अंतिम बाधाएं भी दूर हो गई हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच देश अपनी सैन्य क्षमता को तेजी से मजबूत करने में जुटा है। जहां इस नीति बदलाव की चीन ने आलोचना की है, वहीं ऑस्ट्रेलिया जैसे जापान के रक्षा सहयोगी देशों ने इसका स्वागत किया है, और दक्षिण-पूर्व एशिया तथा यूरोप के देशों में भी इसके प्रति रुचि देखी जा रही है। विरोधियों का कहना है कि यह बदलाव जापान के शांतिवादी संविधान की भावना के खिलाफ है और इससे वैश्विक तनाव बढ़ सकता है, साथ ही जापानी नागरिकों की सुरक्षा पर भी खतरा हो सकता है। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरु किहारा ने कहा, तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच नई नीति जापान की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



### दूसरे विश्वयुद्ध के बाद बना था शांतिवादी संविधान

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अपने शांतिवादी संविधान के तहत जापान लंबे समय तक अधिकांश हथियारों के निर्यात पर रोक लगाए रहा। हालांकि, हाल के वर्षों में वैश्विक और क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के कारण इसमें कुछ ढील दी गई, लेकिन निर्यात को बचाव, परिवहन, सतर्कता, निगरानी और बारूदी सुरंग हटाने के केवल पांच क्षेत्रों तक सीमित रखा गया था। नए दिशा-निर्देश इन सीमाओं को समाप्त करते हैं और लड़ाकू विमान, मिसाइल और विध्वंसक जैसे उपकरणों के निर्यात को अनुमति देते हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। किसी भी स्थिति को समझकर निर्णय लें। जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज सही प्लानिंग करने पर आगे चलकर लाभ मिलेगा। आपका ध्यान धन और स्थिरता पर रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**मिथुन** — आज आप एक्टिव और निर्णायक रहेंगे। फोकस बनाए रखना जरूरी है। सही दिशा में प्रयास करेंगे, तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** — आज शांत रहकर काम करना बेहतर रहेगा। हर बात में शामिल होने की जरूरत नहीं है। अपनी ऊर्जा सही जगह इस्तेमाल करें।

**सिंह** — आज नया अवसर मिल सकता है। नेटवर्क मजबूत करने का दिन है। लोगों से जुड़कर काम करने का फायदा मिलेगा।

**कन्या** — आज काम को लेकर गंभीरता रखें। कोई जिम्मेदारी आपके ऊपर आ सकती है, उसे टालने के बजाय पूरा करना ही बेहतर रहेगा।

**तुला** — आज बदलाव आपके लिए अच्छा साबित होगा। आपको नया सीखने का मौका मिलेगा। पुराने तरीका छोड़कर नया अपनाना फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक** — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी से बचें।

**धनु** — आज रिश्तों और सहयोग पर ध्यान देना होगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। बातचीत में स्पष्टता रखें।

**मकर** — आज काम का दबाव रहेगा। आपको लगातार व्यस्त रहना पड़ेगा। सही प्राथमिकता तय करेंगे तो दिन आपके पक्ष में जाएगा।

**कुंभ** — आज रचनात्मक सोच आपके काम आएगी। कुछ अलग करने का मन करेगा। अपने तरीके से काम करें।

**मीन** — आज किसी बात को सुलझाने का समय है। बाहर से ज्यादा अंदर की स्थिति पर फोकस करें। निजी मामलों पर ध्यान दें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 22 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 22.49 तक तत्पश्चात सप्तमी।
**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-आर्द्रा 22.13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 |

### सुडोकू -127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 4 | | 5 | | |
| | 5 | | | 6 | 1 | | | |
| | | 9 | | | 3 | | | |
| | 6 | 3 | | 7 | | 2 | | |
| | 8 | | 3 | | 9 | | 4 | |
| | | 2 | | | 6 | 8 | 9 | |
| | | | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 2 | 3 | | | | |
| | | 5 | | 9 | | 1 | | |



''गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगाया गया शतक टीम और मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। पिछले चार-पांच मैचों से मेरे दिमाग में लगातार एक ही बात चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया है। मेरा लक्ष्य विकेट पर समय बिताना था।''

–तिलक वर्मा, मुंबई इंडियंस

## IPL 2026

### आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जॉयंट्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-283 रन
- शुभमन गिल गुजरात-251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु-247 रन

### पर्पल कैप





- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 11 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ- 11 विकेट

# लखनऊ सुपर जॉयंट्स के टॉप आर्डर को जोफ्रा आर्चर से रहना होगा सावधान

**लखनऊ, एजेंसी।**

आईपीएल 2026 में हार की हैट्रिक लगा चुकी लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) अपने घर में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना करेगी। लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने वाली आरआर ने भी पिछले दो मैचों में लगातार हार झेली है। हालांकि, इसके बावजूद आरआर की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, लेकिन एलएसजी नौवें स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए छह में से चार मैच आरआर ने जीते हैं। इकाना स्टेडियम में दोनों टीमों की अब तक एक ही भिड़ंत हुई है जिसमें आरआर ने आसानी से जीत दर्ज की थी।

आईपीएल 2025 से अब तक एलएसजी ने अपने घर में नौ में से सात मैच गंवाए हैं तो आगामी मैच से पहले उनके ऊपर भारी दबाव होगा। एलएसजी के टॉप ऑर्डर की परीक्षा लेंगे आर्चर इस सीज़न लगातार तीन मैच हो चुके हैं जिनमें जोफ्रा आर्चर ने पहली गेंदों पर ही विकेट निकाले हैं। अब उनका सामना एलएसजी के उस टॉप ऑर्डर से होगा जो इस सीजन काफ़ी संघर्ष करती दिख रही है। इस सीजन पावरप्ले में आर्चर ने छह पारियों में 8.6 की इकॉनमी के साथ छह विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक-रेट 11 का रहा है। एलएसजी का टॉप आर्डर इस सीजन काफ़ी ख़राब फ़ॉर्म में दिख रहा है। मिचेल मार्श ने इस सीज़न 134 और ऋषभ पंत ने 136 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। मार्श ने छह पारियों में 155 रन बनाए हैं और अब तक एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। पंत ने एक अर्धशतक तो लगाया है, लेकिन इस सीजन अब तक केवल 147 रन ही बना पाए हैं। एडन मारक्रम टीम के सबसे अच्छे बल्लेबाज़ नजर आए हैं जिन्होंने छह पारियों में 160 की स्ट्राइक-रेट से 162 रन बनाए हैं। क्या आरआर के ओपनर्स को परेशान करेंगे प्रिंस? आरआर के ओपनर बल्लेबाज़ों ने इस सीजन धमाकेदार प्रदर्शन किया है और ख़ास तौर से पावरप्ले में उन्होंने काफ़ी तेज़ी से रन बनाए हैं। अब उनका सामना प्रिंस यादव से होगा जो इस सीजन शानदार गेंदबाज़ी कर रहे हैं।

### मैच में चप्पे-चप्पे पर होगी निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे स्टेडियम परिसर को तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में विभाजित कर हर स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की गई है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्ध गतिविधियों, अराजकतत्वों और टिकट ब्लैक करने वालों पर नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम से अधिकारी लगातार सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था बबलू कुमार के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था में एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस), एंटी माइन टीम, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वायड, अर्धसैनिक बल और पुलिस मिलाकर 2000 से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। इसके तहत तीन पुलिस उपायुक्त, छह अपर पुलिस उपायुक्त, 16 सहायक पुलिस आयुक्त, 35 इंस्पेक्टर, 254 दरोगा और 465 सिपाही ड्यूटी पर रहेंगे।



अभ्यास के दौरान एक दुसरे से मिलते एलएसजी व राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी।

# अभिषेक का शतक, हैदराबाद ने बनाए 242 रन

## टी 20 में सर्वाधिक शतक बनाने में रन मशीन विराट कोहली की बराबरी पर आ गए हैं अभिषेक शर्मा



**हैदराबाद, एजेंसी।**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के 10 चौकों और 10 छक्कों से सजे नाबाद 135 रन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को दो विकेट पर 242 रन का विशाल स्कोर बना लिया। अभिषेक ने मात्र 68 गेंदों में अपनी नाबाद शतकीय पारी खेली। यह उनका आईपीएल में दूसरा शतक और ओवरआल टी 20 में नौवां शतक है, जिसके साथ ही वह टी 20 में सर्वाधिक शतक बनाने में रन मशीन विराट कोहली की बराबरी पर आ गए हैं।

यह आईपीएल इतिहास में पांचवां सर्वाधिक स्कोर भी है। एसआरएच ने अपने मैदान पर पूरी तरह तबाही मचा दी और दर्शकों को सच में अपने पैसे वसूल हो गए।

अभिषेक शर्मा ने एकदम सही समय पर धमाकेदार शुरुआत की और अपना दूसरा आईपीएल शतक पूरा किया। 135 रन बनाकर नाबाद रहे-जो टूर्नामेंट में उनका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था-उन्होंने पूरी पारी में बल्ला चलाते हुए 10 लंबे छक्के मारे। हालांकि हेड और क्लासेन ने बहुत अच्छा साथ दिया, लेकिन अभिषेक की पारी शानदार थी। 49 रन पर उन्हें एक लाइफलाइन मिली जब राहुल ने एक आसान रन-आउट का मौका गंवा दिया। उन्हें 87 रन के स्कोर पर नीतीश राणा ने भी बॉउंड्री पर जीवनदान दिया। इन दो मौकों को छोड़कर उनकी पारी पूरी तरह बेदाग़ रही। ट्रेविस हेड 26 गेंदों पर 37 रन में दो चौके और दो छक्के मारे। क्लासेन ने मात्र 13 गेंदों पर नाबाद 37 रन में तीन चौके और तीन छक्के मारे। कप्तान ईशान किशन ने 13 गेंदों पर 25 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 2 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### ऑरेंज आर्मी के सामने परफॉर्म करना स्पेशल : शर्मा

आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 135 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा ने कहा कि ऑरेंज आर्मी के सामने परफॉर्म करना हमेशा स्पेशल होता है। अभिषेक ने शतकीय पारी खेलने के बाद कहा कि पिछले साल के शतक की तुलना इस साल के शतक से कर सकते हैं। हर कोई जानता है कि इस ग्राउंड के लिए मेरा प्यार बेमिसाल है। लेकिन हाँ, जिस तरह से उन्होंने डेथ ओवर्स में बॉलिंग की, मुझे लगा कि वे असल में अपने प्लान पर काम कर रहे थे और बस, मुझे लगता है कि मैंने डेथ बैटिंग की ठीक से प्रैक्टिस नहीं की है। यही सिचुएशन थी। लेकिन जिस तरह से क्लासी ने इनिंग्स खत्म की, मुझे लगता है कि इससे वहां के टोटल में सच में मदद मिली।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**254/7** (20 ओवर)

- अभिषेक शर्मा नाबाद 135
- ट्रेविस हेड का रिजवी बो अक्षर 37
- इशान किशन रन आउट 25
- हेनरिच क्लासेन नाबाद 37

**अतिरिक्त** : 08, **कुल योग** : 20 ओवर में दो विकेट पर : 242 रन **विकेट पतन** : 1-97, 2-176

**गेंदबाजी** मुकेश 4-0-53-0
राणा 4-0-55-0
एनगिडी 4-0-41-0
अक्षर 2-0-23-1
कुलदीप 2-0-30-0
नटराजन 4-0-40-0

# तिलक काफी प्रतिभावान बल्लेबाज : हार्दिक पंड्या

**अहमदाबाद, एजेंसी।**

सोमवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) पर मिली जीत को मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने "टीम के लिए बहुत जरूरी" बताया। हार्दिक ने गेंद से जॉस बटलर को आउट किया और इससे पहले तिलक वर्मा के साथ 81 रनों की साझेदारी भी की। इससे आईपीएल 2026 में उनके लगातार चार हार का सिलसिला भी टूट गया। तिलक इस मैच के सबसे बड़े सितारे रहे। उनकी 45 गेंदों में नाबाद 101 रन की पारी ने एमआई को आख़िरी चार ओवरों में 73 रन बनाने में मदद की और उन्होंने जीटी के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। हार्दिक ने मैच के बाद ब्रॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि तिलक के पास जितनी प्रतिभा है, उन्हें ज़्यादा चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। मैं उन्हें बस यही कहता रहा कि गेंद को देखो और मारो। क्योंकि मुझे सच में लगता है कि उनके बल्ले से गेंद जिस तरह निकलती है, वह बहुत ख़ास है। समय आ गया था कि वह आकर प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि मैं डगआउट में इतना ज़ोर से चिल्लाया कि मुझे थोड़ा चक्कर आ गया। लेकिन यह टीम के लिए जरूरी था, तिलक के लिए जरूरी था, मुंबई इंडियंस के लिए जरूरी था।

एक कप्तान के तौर पर भी मुझे उस तरह की ऊर्जा चाहिए थी ताकि चीज़ें बदली जा सकें।



### नरवाल को स्वर्ण, चिराग को कांस्य पदक

काहिरा, एजेंसी। भारत के शीर्ष निशानेबाज शिवा नरवाल ने लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार वापसी करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। चिराग शर्मा ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पनाह भुगरा ने रजत पदक जीतकर देश के पदकों की संख्या तीन कर दी। नरवाल ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 241 .8 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चिराग ने 218 .9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि एक अन्य भारतीय निशानेबाज अभिनव देशवाल 136 .7 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। पनाह भुगरा ने महिला 10 मीटर एयर राइफल में क्वालीफिकेशन में 629 .4 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने लगातार स्थिर प्रदर्शन करते हुए 250 .6 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

## हाईलाइट

### आयुष म्हात्रे आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है। म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें छह से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने सोशल मीडिया पर कहा कि आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।

### हेडन ने गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों को लताड़ा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के हाथों मिली 99 रन की हार के लिए अपने खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना करते हुए इसके लिए अपने बल्लेबाजों के 'भयावह प्रदर्शन' और डेथ ओवरों में खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया। इस मैच में मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने अंतिम चार ओवर में 73 रन बनाकर पांच विकेट पर 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 100 रन पर ढेर हो गई, जिसमें वाशिंगटन सुंदर के 26 रन सर्वोच्च स्कोर रहा।

### हॉकी इंडिया के महासचिव अवमानना के दोषी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को जानबूझकर उसके आदेश की अवहेलना करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि वह चार मई को सजा के मुद्दे पर सुनवाई करेंगे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने भोलानाथ सिंह को 'उचित समझे जाने वाले उपाय' करके अवमानना को 'सुधारने' की स्वतंत्रता दी। कोर्ट ने हॉकी इंडिया की निर्वाचित उपाध्यक्ष सईद असीमा अली द्वारा दायर अवमानना से संबंधित याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाया।

# भारतीय पहलवानों को मिला विदेशी कोच का पूरा पैनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक की तैयारी को ध्यान में रखते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को बड़ा कदम उठाते हुए तीन विदेशी कोच और एक 'हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर' की नियुक्ति की है।

यह फैसला कई वर्षों बाद विदेशी विशेषज्ञों की वापसी के रूप में देखा जा रहा है। जॉर्जिया के एमजारियोस शाको बेंटिनिडिस (फ्रीस्टाइल), रूस के गोर्गी कोगुआशविली (ग्रीको-रोमन) और जापान के कोसेई अकाइशी (महिला कुश्ती) को कोच नियुक्त किया गया है। वहीं अमेरिका के आयन बटलर को एचपीडी नियुक्त किया गया है। ये सभी एक मई से राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों से जुड़ेंगे और उन्हें लगभग 7,000 डॉलर मासिक वेतन दिया जाएगा।

इन नियुक्तियों पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और कई भारतीय कोच के साथ हुई ऑनलाइन बैठक में अंतिम मुहर लगी। एचपीडी आयन बटलर लखनऊ और दिल्ली स्थित पुरुष एवं महिला शिविरों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि विदेशी और भारतीय कोच के बीच बेहतर तालमेल बन सके। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि यह निर्णय एशियाई खेलों की तैयारी को तेज करने के लिए लिया गया है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की नजरें स्मृति व दीप्ति पर

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।**

तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच



भारतीय महिला टीम बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत की राह पर लौटकर श्रृंखला में अपनी दावेदारी बरकरार रखना चाहेगी। इसके लिए उसे स्मृति मंधाना व ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। तीसरे मैच को जीतकर श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाना चाहेगी।

टीम की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज स्मृति शुरुआती दो मैच में 13 और 12 रन ही बना पाई हैं। भारतीय टीम इन मुकाबलों में 157 और 147 रन ही बना सकी जिन्हें मेजबान टीम ने आसानी से जीत लिया। टीम के लिए दीप्ति की फॉर्म अधिक चिंता का विषय है। पहले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने नाबाद एक रन बनाया जबकि दूसरे मैच में छठे नंबर पर खेलते हुए भी एक रन बनाकर आउट हुईं।

दोनों ही मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारतीय पारी काफी हद तक स्मृति की तेजतर्रार शुरुआत पर निर्भर करती है और बाएं हाथ की यह बल्लेबाज पहले दो मैच के खराब प्रदर्शन की भरपाई करना चाहेंगी।

### महिला टी20 में भारतीय खिलाड़ियों के रैंकिंग में उछाल

**दुबई, एजेंसी।** भारत की ओपनर शेफाली वर्मा डरबन में दूसरे टी20 में 38 बॉल में 57 रन बनाने के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिंग रैंकिंग में दो स्लॉट ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गई हैं। ओपनर ने दो छक्के और चार चौके मारे, लेकिन यह उनकी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने मैच आठ विकेट से जीत लिया। मेजबान टीम वीकेंड की शुरुआत में छह विकेट से मिली जीत के बाद पांच मैचों की सीरीज़ में 2-0 से आगे है, इस हफ्ते मैच डरबन से जोहान्सबर्ग शिफ्ट हो रहे हैं। वर्मा की तरक्की से वेस्टइंडीज की कैप्टन हेली मैथ्यूज एक स्लॉट ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गई हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले मैच में 33 बॉल में नाबाद 47 रन बनाए थे, जिससे उन्हें दो स्लॉट ऊपर चढ़कर जॉइंट 11वें नंबर पर जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कैप्टन लॉरा वोल्वार्ट अब तक सीरीज़ में सबसे ज़्यादा 105 रन बना चुकी हैं, उन्होंने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। वह बैट्समैन में पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। लिस्ट में दूसरी रैंकिंग में एनेरी डर्कसेन और सुने लुस शामिल हैं।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स

लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई यह सेरेमनी

# अल्काराज़ और सबालेंका को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**मैड्रिड, एजेंसी**

स्पेनिश टेनिस प्लेयर कार्लोस अल्काराज को सोमवार रात 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स में वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया। अल्काराज ने साइकिलिस्ट तादेज पोगाकर, जिन्होंने 2025 में अपना चौथा टूर डी फ्रांस जीता था, और कई दूसरी रेस जीती थीं, और अपने मुख्य टेनिस राइवल, जानिक सिनर जैसे कैंडिडेट्स को हराया।

टेनिस को एक और कामयाबी तब मिली जब आर्यना सबालेंका को वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर चुना गया। उन्होंने कहा कि इस समय स्पोर्ट्स में बहुत सारी मजबूत, महान और इंस्पायरिंग महिलाएं हैं। उन्होंने एक ऐसे कमरे में शुक्रिया अदा किया जहां "बहुत सारे स्टार्स" थे।

यह सेरेमनी लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई, जिसमें टेनिस प्लेयर नोवाक जोकोविच और चीनी फ्रीस्टाइल स्कीयर गु ऐलिंग प्रेजेंटिंग ड्यूटी पर थे। गु ने अपनी नई भूमिका की तुलना स्कीइंग से करते हुए कहा कि दोनों से उनके पेट में "तितलियाँ" दौड़ जाती हैं। एफसी बार्सिलोना के स्पेन इंटरनेशनल खिलाड़ी लैमिन यामल को वर्ल्ड यंग स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर चुना गया, गु ने अपनी जीत का एक कारण यह बताया कि उनका "पूरी पीढ़ी पर" असर पड़ा है। एक और फुटबॉल जीत हुई जब यूरोपियन चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन को लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड मिला, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम और भारत महिला क्रिकेट टीम जैसे अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वर्ल्ड कमबैक ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड मौजूदा यूएस मास्टर्स गोल्फ चैंपियन रोरी मैक्लरॉय को मिला, जिन्होंने यूरोप को यूनाइटेड स्टेट्स में राइडर कप जीतने में भी मदद की थी। मैक्लरॉय ने कहा, "मैं कई बार बाल-बाल बचा, लेकिन इससे मुझे और मेहनत करना और कभी हार न मानना सिखाया और पिछले साल ऑगस्टा में इसका इनाम मिला।"

उन्होंने दो हफ़्ते से भी कम समय पहले अपना मास्टर्स टाइटल बरकरार रखा था। फ़ॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन लैंडो नोरिस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ़ द ईयर के विनर रहे, इस कैटेगरी में चीन के यू ज़िदी भी नॉमिनीज़ में से एक थे। वर्ल्ड स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर विद अ डिसेबिलिटी ब्राज़ील के पैरालंपिक स्विमर गैब्रियल अराउजो बने, जबकि क्लोई किम को 2019 और 2020 में लगातार जीत के बाद तीसरी बार वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर चुना गया। स्पोर्टिंग इंस्पिरेशन अवॉर्ड रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख के पूर्व मिडफील्डर टोनी क्रूस के लिए था, जिनकी एक एकेडमी है और वे अपने देश जर्मनी में बीमार बच्चों के साथ काम करते हैं। उन्होंने अपनी एक्सेप्टेंस स्पीच में कहा, "अगर हम सब एक हो जाएं और मिलकर काम करें, तो हम सब एक बड़ा कदम आगे बढ़ा सकते हैं।" जबकि फ़ुटबॉल मास प्रोजेक्ट को स्पोर्ट फ़ॉर गुड अवॉर्ड मिला।



# सूर्यकुमार यादव स्केचर्स क्रिकेट टीम में हुए शामिल

**मुंबई, एजेंसी।**

स्केचर्स, द कम्फर्ट टेक्नोलॉजी कंपनी, सूर्यकुमार यादव को साइन करके अपने क्रिकेट सफर को तेज कर रही है-जो इंडियन क्रिकेट टीम के सबसे काबिल और असरदार बैट्समैन में से एक हैं और हाल ही में 2026 टी 20 वर्ल्ड कप चैंपियन बने हैं। अपनी कंसिस्टेंसी, शांत और मैच जिताने वाले परफॉर्मेंस के लिए मशहूर, सूर्यकुमार यादव अब स्केचर्स क्रिकेट फुटवियर में खेल रहे हैं और क्रिकेट और दूसरे परफॉर्मेंस फुटवियर कलेक्शन को सपोर्ट करने वाले ब्रांड के मार्केटिंग कैंपेन में शामिल होंगे।

इस एसोसिएशन पर बात करते हुए, टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप कैप्टन, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि क्रिकेट के सबसे ऊंचे लेवल पर, आराम आपको फोकस्ड और कंसिस्टेंट रहने में मदद करने में अहम रोल निभाता है। आराम को परफॉर्मेंस के साथ जोड़ने का स्केचर्स का तरीका सच में सबसे अलग है और इसी वजह से यह ब्रांड मेरे लिए एकदम सही है। चाहे मैच का दिन हो या ट्रेनिंग, उनके जूते खेल की ज़रूरतों को पूरा करते हैं, और मैं स्केचर्स परिवार का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। मुंबई में जन्मे, सूर्यकुमार यादव ने 35 साल की उम्र में खुद को एक डाइनैमिक राइट-हैंडेड टी20 बैट्समैन के तौर पर स्थापित किया है।